e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 80

गुरुवार

21.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

हर समस्या का समाधान आपके पास होता है, क्योंकि समस्या आप से ही उत्पन्न हुई है।

रोजा का समय

इफ्तार (21.03.24): शाम 06:02 बजे

सेहरी (22.03.2024) सुबह 04 : 29 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

झारखंड के भाजपा विधायक व यूपी के बसपा सांसद ने पंजा को गले लगाया

मांडू के भाजपा विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के 24 घंटे भी नहीं बीते कि मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल ने दिल्ली में कांग्रेस का दामन थाम लिया. झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी है. 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले 23 अक्टूबर को झामुमो छोड़कर जेपी पटेल ने भाजपा का दामन थामा था. इसके बाद भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने जीत भी हासिल की थी. बाद के दिनों में कुर्मी वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष की तलाश शुरू की थी.

उस दौरान जेपी पटेल का नाम सुर्खियों में आया था. लेकिन बात नहीं बनने पर यह जिम्मेदारी अमर बाउरी को दे दी गई थी. जबकि जेपी पटेल को भाजपा ने सचेतक बना दिया था.

जेपी पटेल का कांग्रेस में शामिल होना झारखंड की राजनीति के लिए बहुत बड़ा संकेत है : गुलाम अहमद मीर

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि बीजेपी छोड़कर जयप्रकाश पटेल जी का कांग्रेस में शामिल होना झारखंड की राजनीति के लिए बहुत बड़ा संकेत है. देश के कई राज्यों में अलग-अलग पार्टी के नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं. बीजेपी छोड़कर कांग्रेस के साथ नेताओं का आना भारत जोड़ो न्याय यात्रा का असर है. हमारे नेता राहुल गांधी ने यात्रा के जरिये लोगों पर अलग छाप छोड़ी है.

जनता के मुद्दे को हमेशा उठाते रहते हैं जेपी पटेल : आलमगीर: मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में शामिल हुए हैं. इनके पिताजी के साथ हमारा राजनीतिक संबंध रहा है. जयप्रकास जी भले दूसरी पार्टी में थे लेकिन जनता के मुद्दे को उठाते रहते हैं. उन्होंने कहा कि वो काफी खुश हैं कि जेपी पटेल कांग्रेस से जुड़े हैं. आने वाले समय में इसका परिणाम देखने को मिलेगा.

मेरे पिता ने झारखंड को संवारने का सपना देखा था : जेपी पटेल: जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मेरे पिता टेकलाल महतो ने झारखंड को संवारने का सपना देखा था. उस सपने को पूरा करने के लिए मैं बीजेपी में शामिल हुआ था. उन्होंने कहा कि मुझे अफ़सोस है कि अपने पिता के सपनों को उस दल में नहीं पाया. राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा की वजह से झारखंड के लोगों का उनकी तरफ रूझान बढ़ा है. अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए इंडि गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं.

जेपी पटेल का आभार व्यक्त करता हूं : राजेश ठाकुर

झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में तीन बार के विधायक जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा. उन्होंने कहा कि देश बेचने वालों और देश बचाने वालों की इस लड़ाई में हमें देश बचाने वालों के साथ रहना है. आज जब डर और लालच के सामने लोग झुक रहे हैं, ऐसे में जयप्रकाश भाई पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं.

कांग्रेस में शामिल हुए बसपा सांसद दानिश अली

नई दिल्ली : लोकसभा सदस्य दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. वह अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं. कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने पार्टी में उनका स्वागत किया. अली ने पिछले दिनों कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और कहा था कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की अमरोहा सीट से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए सोनिया गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया था.कांग्रेस में शामिल होने पर दानिश अली ने कहा कि मेरी ऊर्जा का सदुपयोग कांग्रेस में होगा. यह पूछे जाने पर कि क्या आपकी ऊर्जा का बसपा में सदुपयोग नहीं हो पा रहा था के जवाब में उन्होंने कहा कि ये सब जानते हैं. कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफ़ा नहीं होता. किस सीट से टिकट मांगेंगे के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी जॉइन की है. कौन कहां से लड़ेगा ये पार्टी लीडरशिप तय करेगी.समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की जो 17 लोकसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आई हैं, उनमें अमरोहा भी शामिल है. दानिश अली पिछले महीने अमरोहा में राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए थे. वह गत 14 जनवरी को मणिपुर में इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर भी इसका हिस्सा बने थे. अली को पिछले साल नौ दिसंबर को बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया था.

कांग्रेस में शामिल होने पर दानिश अली ने कहा कि मेरी ऊर्जा का सदुपयोग कांग्रेस में होगा. यह पूछे जाने पर कि क्या आपकी ऊर्जा का बसपा में सदुपयोग नहीं हो पा रहा था के जवाब में उन्होंने कहा कि ये सब जानते हैं.

क्विक न्यूज

चुनावी बॉन्ड से भाजपा को ज्यादा चंदा मिलने की बात सबसे बड़ा झूठ : अमित शाह

नई दिल्ली : अमित शाह ने भाजपा को चुनावी बॉन्ड के मार्फत ज्यादा चंदा मिलने के विपक्ष के दावे को सरासर झूठ करार दिया है। शाह ने साफ किया कि इंडी गठबंधन को भी भाजपा के बराबर ही 6200 करोड़ का चंदा चुनावी बॉन्ड के मार्फत मिला है। चुनावी बॉन्ड को लेकर विपक्ष के हमले का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि गुरूवार को इनकी जानकारी सार्वजनिक होने के बाद विपक्षी नेताओं को मुंह छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सीधी टिप्पणी करने से बचते हुए शाह ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक फंडिंग में कालेधन के इस्तेमाल रोकने में काफी हद तक मिल रही थी और इसके लिए उन्होंने आंकड़े भी प्रस्तुत किये। एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर चुनावी बॉन्ड योजना के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

बदायूं कांडः साजिद के एनकाउंटर की होगी जांच, डीएम ने 15 दिन के अंदर मांगी रिपोर्ट

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के बदायूं में दिल दहला देने वाले डबल मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है. दो मासूम बच्चों की हत्या के आरोपी साजिद के एनकाउंटर की मजिस्ट्रियल जांच होगी. डीएम मनोज कुमार ने एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच के लिए आदेश दिए हैं. डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कर 15 दिन में जांच की रिपोर्ट मांगी है. यूपी के बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के आरोपी साजिद के एनकाउंटर की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं. इस हत्याकांड के एक आरोपी साजिद के भाई जावेद का अब तक कोई पता नहीं चला है. उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुई हैं. लेकिन अब तक वह पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं.

पांडेश्वर के तृणमूल विधायक ने सरेआम बांटे रुपये, कार्रवाई की मांग

कोलकाता : लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद पश्चिम बंगाल में धन बल का इस्तेमाल शुरू हो गया है। पांडेश्वर से तृणमूल कांग्रेस के विधायक नरेंद्र नाथ चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है जिसमें मस्जिद के सामने वह लोगों के बीच सरेआम रुपये बांट रहे हैं। इसे लेकर बंगाल भाजपा के वरिष्ठ विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने रुपये बांटने का वीडियो माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर भी डाला है। बुधवार को शेयर किए गए इस वीडियो के साथ उन्होंने चुनाव आयोग को टैग करते हुए लिखा है कि मैं चुनाव आयुक्त से आग्रह करता हूं कि कृपया पांडेश्वर से तृणमूल विधायक नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का संज्ञान लें और सार्वजनिक रूप से नकदी वितरित करने के लिए उनके खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करें।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाला

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। किरेन रिजिजू के पास पहले से ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से यह सूचना जारी की गई है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस द्वारा हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद मंत्रालय की जिम्मेवारी किरेन रिजिजू को सौंपी गई। बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे पशुपति कुमार पारस 2021 से भारत सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में कार्यरत थे। एक दिन पहले पशुपति पारस ने मंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्युनतम 12°

पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में हुआ विलय

पटना : जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की पार्टी जाप का कांग्रेस में विलय हो गया है. बता दें कि बिहार में सीट शेयरिंग से पहले पप्पू यादव ने अपनी पार्टी को विलय करने का फैसला लिया था. पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद हैं. बिहार में अभी तक इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है. इसको लेकर कांग्रेस और राजद में पेंच फंसा हुआ है. जन अधिकार पार्टी और कांग्रेस के विलय के मौके पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण है. उन्होंने कहा कि इसमें देश की राजनीति और प्रदेश की राजनीति बदलने की ताकत है. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पप्पू यादव बिहार में चुनाव लड़ सकते हैं.

झारखंड से लाई गई एक करोड़ की अफीम जब्त, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

गाजियाबाद : क्राइम ब्रांच पुलिस ने बुधवार को तीन अन्तरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक करोड़ रुपये कीमत की 3.7 किलोग्राम अफीम जब्त की है। जिसे आरोपी झारखण्ड से तस्करी कर ला रहे थे। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदाननद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम निर्मल कुमार डांगी,रामचन्द्र कुमार भुइया तथा संजय भुइया हैं। तीनों ही झारखण्ड के चतरा जिला के रहने वाले हैं। आरोपी निर्मल कुमार डांगी ने बताया कि वह इतिहास से स्नातक है । पहले वह एक प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता था, लेकिन किसी कारण से कम्पनी बन्द हो गयी तो तब से वह अपने घर पर रहकर खेती का काम करने लगा। पैसे की अधिक आवश्यकता होने के कारण वह अपने गांव के पास ही रहने वाले अफीम तस्कर प्रमोद कामदेव डांगी के सम्पर्क में आया और अवैध अफीम की तस्करी झारखंड से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब व दिल्ली एनसीआर में जाकर करने लगा। इस काम में उसको अधिक फायदा होने लगा । आरोपी रामचन्द्र कुमार भुइया ने बताया कि वह 10वीं पास है। ये तीनों अफीम व अन्य नशीले पदार्थ लेकर बरेली, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व एनसीआर में डिमाण्ड के अनुसार सप्लाई करने लगे। अभियुक्त निर्मल कुमार डांगी ने बताया कि हमें अफीम की जितनी डिमाण्ड मिलती है उतना माल लेकर हम तीनों बस व ट्रेनों से बदल-बदल कर आते हैं। जिसको माल देना होता है, वह जगह हम लोग पहले ही तय कर लेते हैं कि माल कहां और कितने बजे देना है। जब हम तीनों माल लेकर चलते हैं तो किसी से सम्पर्क नहीं करते जब तक कि माल को तयशुदा जगह पर जिसको डिलीवरी देनी है, उसे पंहुचा न दें।

माल लेने वाले ने हमें गाजियाबाद में बुलाया था, माल डिलीवरी करने से पहले ही हम तीनों पकड़े गये ।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दाखिल किया जवाब, कहा

राजनीतिक विवाद खड़ा करना है याचिका का मकसद

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने निर्वाचन आयुक्तों के चयन में चीफ जस्टिस को शामिल न करने के चलते नियुक्ति रद्द करने की मांग का विरोध किया है। केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा गया है कि यह दलील गलत है कि आयोग तभी स्वतंत्र होगा जब चयन समिति में जज हों। केंद्र सरकार ने कहा है कि चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। याचिका का मकसद केवल राजनीतिक विवाद खड़ा करना है। इस मामले पर 21 मार्च को सुनवाई होनी है। दरअसल, 15 मार्च को कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर फिलहाल दखल से इनकार कर दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा है कि हम अंतरिम आदेश में इस तरह से कानून पर रोक नहीं लगाते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता का आरोप था कि मीटिंग एक दिन पहले बुलाकर नियुक्ति कर दी गई। तब कोर्ट ने कहा था कि आयुक्तों की नियुक्ति पर अपने एतराज को लेकर आप अलग से याचिका दाखिल करें। याचिका एडीआर ने दायर की है। याचिका में चयन समिति में चीफ जस्टिस को भी रखने की मांग की गई है।

रोहिंग्याओं को भारत में बसने का हक नहीं

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने कहा है कि अवैध रोहिंग्याओं को भारत में बसने का अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामा में ये बातें कही हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि एक विदेशी नागरिक को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत यहां जीवन जीने और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है लेकिन उसे देश में निवास करने और बसने का अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने कहा है कि रोहिंग्याओं को तिब्बती और श्रीलंकाई शरणार्थियों के समान नहीं मान सकते हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों की भी एक सीमा है और वो उस हद को पार करके संसद की शक्तियों को कमतर नहीं कर सकता है। याचिका प्रियाली सुर ने दायर की है। याचिका में हिरासत में लिए गए रोहिंग्याओं की रिहाई की मांग की गई है।

लोस चुनाव : 102 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली : लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है. इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे. चरण में जिन राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए मतदान होने हैं, उन पर प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई. बता दें कि निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसके तहत देश भर में सात चरणों में मतदान संपन्न होंगे. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल,

तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठें चरण के लिए 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को वोट डाले जाएंगे. नतीजे 4 जून को आएंगे. निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह निष्पक्ष, स्वतंत्र और सुरक्षित लोकसभा चुनाव आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है. पहले चरण के लिए 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे. नामांकन की जांच 28 मार्च को की जाएगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च है.

इन राज्यों में पहले चरण का चुनाव : पहले चरण में तमिलनाडु की 29, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय की 2-2 और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुदुचेरी में की 1-1 सीटों पर मतदान होगा.

हाई कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई।मामले में हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही राहुल गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था। मामले में अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, जिस पर उनके द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद 27 फरवरी को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए 27 मार्च को सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरुवार, 21 मार्च 2024 | पेज 2

संक्षिप्त खबरें

सिमडेगा जिले में 25 मार्च को मनाया जाएगा होली का पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के पुरोहित मंच के तत्वाधान में सिमडेगा महावीर चौक हनुमान मंदिर में आचार्य विद्यबंधु शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ ।बैठक में जिला पुरोहित मंच की ओर से होलिका उत्सव 2024 को एकरूपता हेतु भारतीय पंचांग के अनुसार दिए गए शास्त्र अनुसार चर्चा किया गया। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि विक्रम संवत 2080 के होली का उत्सव पर्व 24 मार्च की रात्रि 10:30 बजे के बाद होलिका दहन एवं 25 मार्च दिन सोमवार को सिमडेगा जिला सहित सभी जगह पर होलिकोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर आचार्य सत्यनारायण दास, सतीश पाठक, संजय पाठक, कल्याण मिश्र, रमेश पाठक, अनिल मिश्रा, सुनील मिश्रा, जयंत मिश्रा, सोमनाथ मिश्र, श्याम सुंदर मिश्र, सहित कई पुरोहित उपस्थित रहे।

सांसद बीडी राम ने की पिपरा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार मे सांसद बीडी राम ने बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया. बीडी राम ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश प्रगति के राह पर अग्रसर है. मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लभुको को तक पहुंच रहा है. आगामी कार्यकाल में प्रखंड क्षेत्र में धरातल पर कार्य दिखाई देंगे. बहुत जल्द ही दुबटीया जपला मुख्य पथ पर कार्य शुरू हो जाएगा. पिछले कार्यकाल में हुई सारी कमियों को दूर करूंगा। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं. इस मौके पर कर्नल संजय सिंह प्रफुल्ल सिंह विनोद सिंह रविंद्र सिंह अमित तिवारी लाल बहादुर सिंह रंजीत बहादुर सिंह संजय मेहता मथुरा गुप्ता अनिल प्रजापति चंदन सिंह पंकज मेहता बिंदेश्वर पाठक राजन सिंह कपिल देव राम विमलेश सिंह बिशनदेव गुप्ता विमलेश सिंह वीरेंद्र सिंह अरुण मिश्रा राहुल गुप्ता कमल मिश्रा कुंज बिहारी गुप्ता मनोज मिश्रा रेखा ठाकुर प्रमिला देवी संजू देवी तेतरी देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में बसपा के 10 लोगो पर एफआईआर दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर : आदर्श आचार संहिता लागु होते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता दिखे एक्शन में आदर्श आचार संहिता को लेकर सभी राजनितिक दलों के बैनर पोस्टर को हटवाया। साथ ही थाना से सटे पुराना ब्लॉक परिसर में बहुजन समाज पार्टी का सदस्या ग्रहण समारोह कार्यक्रम में बिना परमिशन के बैनर और लाउडस्पीकर लगाकर सदस्या ग्रहण और चुनावी सभा कराने को लेकर दंडाधिकारी शिव शंकर कुमार ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में धारा 188,143,126के तहत लेस्लीगंज थाना में दस नामजद सहित सैकड़ो अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।नामजद अभियुक्त बसपा पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, युगल किशोर राम, लातेहार जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह खरवार, चतरा लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर दास चतरा जिला अध्यक्ष विनोद राज गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार रवि चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी हाजी जैनुल आवेदिन पांकी विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव कुमार रवि और समाजिक कार्यकर्ता अपने कार्यकर्ता के साथ बसपा में शामिल हुए बिनोद कुमार का नाम शामिल है। वहीं थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा की किसी भी राजनीतिक दल कानून हाथ में न लें कानून हाँथ में लेने वाले बक्शे नहीं जाएंगे कानून अपना कार्रवाई करेगी।

बन रहे पीसीसी सड़क में संवेदक द्वारा किया जा रहा है खानापूर्ति : प्रमुख

केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत ग्राम- पंचायत पाचाडूमर के उरांव टोला आंगनबाड़ी केंद्र से मुख्य पथ तक बन रहे पीसीसी योजना में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी के द्वारा लगाया गया है। बुधवार को निरीक्षण के दौरान उक्त प्रमुख ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की लगातार शिकायत मिल रही थी की बन रहे पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसके आलोक में जांच किया गया। तो पाया कि हल्का सोलिंग और मिट्टी युक्त बालू बिछाकर बिना लोलर चलाएं जर्जर पुल के ऊपर खानापूर्ति किया जा रहा है। जो फिलहाल कार्य बंद किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सड़क संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण नहीं बनाया गया तो बाध्य होकर इसका लिखित शिकायत उपायुक्त गढ़वा से किया जाएगा। गौरतलब हो कि हाल ही में उक्त पीसीसी सड़क का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा 4 फरवरी 2024 को शिलापट्ट लगाकर धूमधाम से किया गया था।

शांति समिति के बैठक में उपस्थित अधिकारी रहे

भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना परिसर में होली पर्व को लेकर बीडीओ सह अंचलाधिकारी नंद जी राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों से मिल जूल कर होली पर्व मनाने का आग्रह किया। उपस्थित सदस्यों ने आग्रह किया कि होली से दो दिन पहले शराब पर बंदी लगाया जाए,जिसपर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने आश्वस्त किया कि होली पर्व से पहले अवैध शराब बंद रहेगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गाना पर पाबंदी लगाई जाएगी यदि अश्लील गाना बजाते पकड़े जाने पर कारवाई किया जाएगा। डिजे का साउंड कम साउंड में बजाना है। थाना प्रभारी तथा पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार विर ने सदस्यों को बताया कि होली पर्व को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दिया जाएगा साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। अधिकारियो ने कहा अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। बैठक में एस आई प्रभू मेहता, उप प्रमुख पिनटु टोप्पो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, वरूण बिहारी यादव, मुखिया बेबी देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर, सिंदुरिया मुखिया नंद लाल पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, मकरी पूर्व मुखिया अब्दुल अंसारी, सकील अहमद, अख्तर अंसारी, अजीमुद्दीन अंसारी, महेंद्र पासवान सहित लोग उपस्थित थे।

फोरलेन सड़क पर बस और पिकअप में आमने-सामने टक्कर, तीन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर (पलामू) : छतरपुर फोर लाइन हाईवे सड़क पर दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गया यह घटना बुधवार के सुबह 10:00 बजे सडमा छतरपुर कॉलेज मोड ने निकट एचपी पेट्रोल पंप के सामने फोरलेन सड़क पर डालटेनगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सब्जी लोड पिकअप बीआर 45 जी ए और छतरपुर तरफ से विपरीत दिशा से सर्विस लाइन से आ रही मृगनैनी बस बि आर 26 पीए फोरलेन क्रॉस घर में लाइन जाने के क्रम में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें पिकअप चालक बस चालक एवं उपचालक सहित तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं बस पर सवारियों को भी चोट लगी स्थानीय लोगों ने घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजो जहां उपचार के बाद पिकअप गाड़ी के ड्राइवर को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया स्थानीय लोगों ने एचपी पेट्रोल पंप के पास फोर लाइन सड़क पर बार-बार हो रहे दुर्घटना सेआक्रोशित होकर लोगों ने प्रशासन से कट बंद करने की मांग किया क्यों किया फॉरेन क्रॉस करने में यहां पर कई दुर्घटना हो चुकी है जिसमें कई लोगों ने जान गवा दिए हैं घटना के बाद छतरपुर प्रशासन मौके पर पहुंचा और देख कर निकल पड़े. समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त पिकअप गाड़ी घटना के बाद से बीच सड़क फोरलेन पर खड़ी है जो खतरे का आमंत्रित कर रही है बीच सड़क से गाड़ी नहीं हटाया गया तो अन्य गाड़ियां या मोटरसाइकिल टक्कर होने से लोगो कि जान जा सकती है।

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धुरकी : थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति के बैठक एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गया।वही बैठक में धुरकी व सगमा प्रखंड के दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने कहा की आचार संहिता को देखते हुए त्योहार को मनाना है। उन्होंने कहा की होली पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारा का पर्व है।इसे आपसी हर्षोल्लास के साथ मनाएं।जिससे सभी धर्म- समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा की होली रंगों का त्योहार है। किसी व्यक्ति को जबरन रंग न लगाए। इसे विवाद होने की संभावना होती है। इससे परहेज करना चाहिए। वही पुलिस इंस्पेक्टर रत्तन कुमार सिंह ने कहा की थाना क्षेत्र अंतर्गत कही भी नशीले पदार्थ का कारोबार होता है। तो उसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। त्योहार के मद्देनजर किसी प्रकार के माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले लोगों की सूचना दे।ताकि समय पर करवाई किया जा सके। उन्होंने कहा की किसी प्रकार का भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर करने वाले को बक्सा नही जायेगा। मारपीट नही करने की बात कही। वही बैठक का संचालन पुर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने किया। इस दौरान सगमा बीडीओ सत्यम कुमार, धुरकी सीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रमुख शांति देवी, सगमा प्रमुख अजय साव, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सगमा पुर्व जिला परिषद नंदगोपाल यादव, मुखिया सगुनी राम, महबूब अंसारी, रघुनाथ सिंह, साबिर अंसारी, इस्लाम खान, इंद्रमणि जयसवाल, दामोदर जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, अखिलेश यादव, सहादत अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सड़क हादसे मे एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिले के छतरपुर थाना के मड़वा पंचायत के अंतर्गत नाशो निवासी रामबली यादव के 21 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार यादव ने अपने के दोस्त के साथ बाइक से हुसैनाबाद जाने के क्रम मे विगत मंगलवार की देर शाम की संडा के पास खड़ी ट्रैक्टर की टाली मे जोरदार टक्कर मारी जिससे घटनास्थल पर ही अवधेश कुमार यादव की मौत , और एक गंभीर रूप से घायल हो गये जो प्रमोद यादव के पुत्र दीपक यादव बताया जा रहा है जब की दोनो एक ही गाँव के रहने वाले है। और एक ही बाइक पर होकर हुसैनबाद थाना के अंतर्गत सिमरसोत जा रहे थे। ग्रामीणों की सहयोग से इलाज के अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया। बताते चलें कि मृतक परिजनों ने बताया कि अवधेश कुमार यादव और उसका दोस्त एक श्रद्धा कार्यक्रम मे शामिल होने जा रहे थे। घायल व्यक्ति की बेहतर इलाज के इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव की अपने कब्जा मे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद शव की अत्यंत परीक्षण कर परिजनों की सौंप दी गई।

अष्टभुजी देवी धाम प्रांगण में हुआ होली मिलन समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला स्थित अष्टभुजी देवी धाम मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.समारोह का उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, एसएस सतीश कुमार, डॉ डी पी शुक्ला, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह व समाजसेवी श्याम किशोर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता प्रमोद दीक्षित व संचालन टुनटुन दीक्षित ने किया.समारोह में गायकों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाये जिस पर श्रोता जमकर झूमे। इस दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। मौके पर ज्वाला गुप्ता, बबन पाठक, रामचंद्र साव, गोविंद सिंह, नीरज दीक्षित, कौशल दीक्षित, श्रीकांत दीक्षित, रविशंकर तिवारी, मिथिलेश मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

होली मिलन समारोह में खूब उड़ा अबीर गुलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने फीता काट कर किया.श्री शुक्ला ने कहा कि रंगों का त्योहार होली असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है.होली पर्व हम सबको एक दूसरे से जोड़ने का भी कार्य करता है। इसलिए सभी को मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए.वैसे भी मिलजुलकर मानने से किसी भी पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़ा.लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायकों के होली गीतों पर श्रोता खूब झूमे। नर्तकियों ने भी अपने नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर डॉ डी पी शुक्ला, सीताराम चौबे, प्रो.नंदलाल शुक्ला, अजब नारायणं शुक्ला, मार्कण्डे चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला, आलोक शुक्ला, मिथिलेश मिश्रा, लालबाबू शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सदर अस्पताल परिसर में विश्व मुख दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : बुधवार को सदर अस्पताल लातेहार के प्रांगण में विश्व मुख दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन लातेहार एसीएमओ लातेहार दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशुमन सागर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंह एवं दांतों में होने वाली बीमारियों के बारे चर्चा की गई।सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह एवं दांत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशुमन सागर ने बताया कि आजकल मुंह में बहुत सारी आम बीमारियां उत्पन्न हो गई हैं जैसे दांतों का सड़ना पायरिया हो जाना मसूड़े में सूजन हो जाना मुंह में छाले पड़ जाना जो महीनों तक ठीक ना हो पाती है एवं पान गुटखा खैनी सिगरेट पीने से मुंह में कई प्रकार की बीमारियां जैसे कैंसर के लक्षण का पाया जाना एवं एवं इसके लक्षण एवं उपाय के बारे में भी चर्चा की गई। आगे उन्होंने बताया कि अगर सुबह और शाम दोनों समय अच्छे से ब्रश किया जाए तो मुंह में उत्पन्न होने वाली कई सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर से बच्चों को मीठी चॉकलेट चिपचिपा पदार्थ फास्ट फूड जैसे अन्य पैकेट फूड के खाने से बचने के बारे में बताया गया।खाना खाने के बाद अच्छे से कुल्ला करना विटामिन कैल्शियम रेशेदार फल सब्जियों का अपने भोजन में ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना। तंबाकू पदार्थ जैसे खानी गुटखा शराब सिगरेट का सेवन बिलकुल नहीं करने की सलाह दी गई।

खंडहर में विक्लांग बुजुर्ग रहने को विवश

निलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिस्टम का दोष कहें या सरकारी कर्मचारियों के काहिलपन, जिन उद्देश्यों को लेकर सरकार योजना बनाती है और उन योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी जिन सरकारी कर्मचारियों के कंधे पर होती है उसे जमीन पर उतारने की बजाय दुधारू गाय समझ दूध दुहने में लग जाते है। कुछ इसी तरह हो रहा है केंद्र कि राज्य कि महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास और राज्य की अबुआ आवास योजना की। मामला नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के ग्राम जामुनडीह गांव की है जहां एक विकलांग बुजुर्ग उद्देश्वर तिवारी को आवास का लाभ नही मिला।कायदे से प्राथमिकता सूची में रखकर पहले मिलना चाहिए था। उद्देश्वर तिवारी एक हाथ से विकलांग है और निहायत गरीब है पुरखों के बनाये मिट्टी के घर जो अब खंडर हो चुका है में रहने को मजबूर है।आर्थिक स्थिति यह कि खंडर हो रहे घर को मरम्मत भी नही करा सकते।वैसे यह घर अब मरम्मत लायक है भी नही।घर कभी भी ध्वस्त हो सकता है और परिवार के साथ एक बड़ी अनहोनी घट सकता है। क्या कहते है मुखिया– इस बाबत पूछे जाने पर पंचायत के मुखिया कृष्ण कांत चौबे ने बताया कि घर की स्थिति को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवास का लाभ मिलना चाहिए था हमलोग भी सरकार के गाइडलाइन सेबंधे हुए है। राज्यसरकार के अबुआ आवास योजना में नाम भेजा हुआ है। जल्द ही आवास का लाभ मिलेगा, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा ने कहा कि प्राथमिक ता के आधार पर आवास योजना से आवास का लाभ दिलाया जाएगा।हम आवास योजना के कॉर्डिनेटर से पता करते है।

बराही धाम परिसर में दोगोला कार्यक्रम का अयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : पलामू जिला के चर्चित बराही धाम परिसर में । शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम समिति के तत्वाधान में दोगोला कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा अजित चौबे ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूजारी दिलीप मिश्रा ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों के बीच एकजुटता बढ़ती है, कार्यक्रम में। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम समिती द्वारा बिहार से आए कलाकार चंदन यादव और झारखंड के कलाकार बिपिन बिहारी पाठक को अंग वस्त भेट कर स्वागत किया गया। कलाकारों द्वारा श्रीराम प्रस्तुति और बजरंगबली का वीर वंदना के साथ दोगोला कार्यक्रम की शुरुआत की, इस मंडली में दोनो कलाकारों ने आपस में कंपटीशन करते हुऐ भक्ति गीत, शेरो शायरी के साथ एक दूसरे की जबरदस्त खिंचाई की, हल्की बारिश होने के दौरान भी उपस्थित ग्रामीणों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर बराही धाम समिति और शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

गरीबों एवं आदिम जनजातियों के जगह भाजपा के विधायक सांसद का हुआ चौमुखी विकास

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड के ग्राम केल्हार में चरखूं कोरवा के घर पर बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता शिवनाथ कोरवा ने किया बैठक में सर्वप्रथम भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य ग्राम केल्हार करसो एवं पचलेवा के ग्रामीणों के जन समस्याओं से अवगत हुआ। मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री विकास का झूठा ढोल पीट रहे हैं लेकिन विकास का कोई काम धरातल पर नजर नहीं आ रहा है वहीं भाजपा के सांसद और विधायक भी क्षेत्र में विकास का एक भी काम धरातल पर उतर नहीं पाए ग्राम तिलहर के ग्रामीण सड़क का हाल बिल्कुल खराब है वही चैनपुर मुख्य मार्ग में सड़क के चलते कभी भी दुर्घटना घट सकती है लेकिन इस और किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं। समाज के सबसे नीचे तब के में रहने वाले आदिम जनजातियों के विकास की योजना नहीं के बराबर पहुंच पाई है। भाजपा के सांसद और विधायक अपनी संपत्ति बढ़ाने में लगे हुए हैं लेकिन गरीबों का स्थिति जिओ का क्यों बनी हुई है विधायक आलोक चौरसिया को आदिम जनजातियों के बस्तियों में जाने की कभी फुर्सत नहीं रहती है ऐसी स्थिति में अबकी बार जनता इनको हरा कर सबक सिखाएगी। वही आदिम जनजातियों के खतीयानी जमीन को पूर्व जमींदार परिवार ने कंपनी के हाथों बेच दिया और अंचल पदाधिकारी ने उसका दाखिल खारिज भी कर दिया जबकि खेत पर कब्जा अभी भी इन्हीं आदिम जनजाति परिवार का है चैनपुर अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता समसुद्दीन अंसारी, किसान नेता रामराज तिवारी, अंचल सचिव प्रभु साव, शंभू सिंह चेरो, अभय कुमार भूइंया ने बातों को रखा। मौके पर चरखूं कोरवा, बागेश्वर कोरवा,दिनेश कोरवा, शिवनाथ कोरवा, मोहन कोरवा, कोलेशर कोरवा, अकलमनिया देवी, धनपति देवी, लीला देवी, तेतरी देवी, लीलावती देवी शहीद कई लोग उपस्थित थे एवं मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्यता ग्रहण भी किया।

थाना में शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिमरिया थाना के सभाकक्ष में बुधवार को शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता सिमरिया बीडीओ विनय कुमार ने किया जबकि संचालन पुलिस इंस्पेक्टर उमेश राम ने किया।बैठक में होली शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील किया गया। होली आपस मे मिल जुलकर मनाने का पर्व है। दोनो समुदाय के लोगो ने होली और रमजान पर्व को शांति और सौहार्द से मनाने की बात कही।इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ विनय कुमार ने कहा कि चल रहे रमजान के पाक माह और होली पवित्र त्यौहार को देखते हुए शांति समिति का बैठक बुलाया गया है। त्यौहार में फुहड़ और अश्लील होली गाने व डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने कहां की सिमरिया के लोग काबिले तारीफ है। यहां के लोग एक दुसरे के पर्व त्योहार मे बढ चढ कर भागीदारी निभाते है। अंचल पुलिस निरीक्षक उमेश राम ने कहा त्यौहार के दौरान हुड़दंगी लोग शांति भंग करने के फिराक में रहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।पकड़े जाने पर वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद सभागार कक्ष में ही प्रशासन, नागरिक और पत्रकारों के साथ गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की अग्रिम बधाइयां दी गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

भाजपा व आजसू के कई बड़े चेहरे कांग्रेस के संपर्क में : राकेश

रांची। भाजपा के सचेतक और मांडू के विधायक रहे जेपी पटेल ने दिल्ली स्थित कांग्रेस भवन में कांग्रेस का दामन थाम लिया । वहीं कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तो यह शुरुआत है। ना सिर्फ भाजपा के सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस का दामन थामा, बल्कि भाजपा के कई विधायक व वरिष्ठ नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। एक-दो दिन में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। इतना ही नहीं आजसू के भी कई बड़े चेहरे कांग्रेस में आने के लिए व्याकुल हैं, कांग्रेस के लाई कमान के द्वारा हरी झंडी दिखाने की जरूरत है। राकेश सिन्हा ने कहा कि धीरे-धीरे न सिर्फ राज्य और देश की जनता, बल्कि भाजपा और आजसू के भी विधायक और कार्यकर्ता समझ रहे हैं कि इस बार भाजपा की जमीन खिसकना वाली है । अब भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आ रहा है ।यह किसी से छिपा नहीं है । दूसरी तरफ राहुल गांधी अपने न्याय यात्रा से सबको जोड़ने का काम कर रहे हैं,इसी से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

रांची में एचडीएफसी बैंक की शाखा का उद्घाटन

रांची : महानगर के पावर हाउस चौक चुटिया में बुधवार को एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने किया। मनोज कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आसपास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यह शाखा झारखंड की 85वीं और रांची की 21वीं शाखा है। इस मौके पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, नवनीत गांधी, राकेश कुमार चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक, दिये कई निर्देश

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को कहा कि चुनाव आयोग की ओर से दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन विशेष रूप से हो यह सुनिश्चित करें।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने वरीय अधिकारियों के साथ कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को कहा कि चुनाव आयोग की ओर से दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन विशेष रूप से हो यह सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था, सभी बीडीओ को बूथ अनुसार सुविधा मुहैया कराने सहित अन्य कई दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, अपर जिला दंडाधिकारी (नक्सल) सुदर्शन मुर्मू, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा उपस्थित थे।

नवगठित फिल्म विकास परिषद के विरोध में जमा हो रहे हैं आदिवासी मूलवासी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड नवगठित फिल्म विकास परिषद 2024 का अविलंब रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड में आदिवासी मूलवासी नेतागण इकट्ठा हो रहे हैं । करमटोली स्थित धुमकुडिया में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि नवगठित फिल्म विकास परिषद में जो नये सदस्यों को शामिल किया गया है ।

उसमें आदिवासी कलाकारों को दरकिनार किया गया है । खोरठा और संथाली के भी कलाकारों को नजरअंदाज किया गया है जिसका हम-सब निंदा करते हैं। इस परिषद का सुधार करते हुए पुनः आदिवासियों को लेकर नव गठित फिल्म विकास परिषद की बनाई जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो हम लोग मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से मांग करेंगे कि इस नव गठित फिल्म विकास परिषद को रद्द करें। जिसने इस परिषद का चयन करने में भेदभाव किया उसे भी कमेटी से हटाया जाए। नये सिरे से इसे लागू किया जाए । जिसमें झारखंड के सभी पुराने और जुझारू कलाकारों, नायक, नायिका , किमेडियन, निर्माता निर्देशक, संगीतकार , गायक, लेखक, कैमरा मैन,एडिटर, तकनीशियन आदि सहित झारखंड के सादरी, नागपुरी, मुंडा, हो, संथाली, खोरठा ,पंच परगनिया आदि क्षेत्रों के फिल्म से जुड़े हैं और कम बीस सालों का अनुभव के साथ फिल्म के क्षेत्र में लगातार अपना योगदान दिए हैं वैसे फिल्मकारों को मौका देकर नव गठित फिल्म विकास परिषद का सदस्य बनाया जाए। यदि ऐसा नहीं होगा तो विरोध शुरू होगा । इस पत्रकार संवाददाता सम्मेलन में सरना सदान मूलवासी मंच के संस्थापक कुमोद वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो, केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, फिल्म निर्देशक युवा पत्रकार निरंजन भारती, अमित मुंडा ,सोनू मुंडा सहित कई आदिवासी व मूलवासी नेतागण उपस्थित थे।

अनियमित तरीके से हो रहे कार्य के खिलाफ डीसी से की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कोकर लालपूर मुख्य सड़क में विगत कुछ दिनों से पीएचईडी विभाग एवं पी डब्ल्यू डी विभाग द्वारा नगर निगम के समन्वय से सड़क काटकर पानी का बड़ा पाईप बिछाने का कार्य किया जा रहा । विकास कार्य हो अच्छी बात है परन्तु बेतरतीब तरीके से जिस तरह से विभाग के द्वारा कार्य किया जा रहा है जिससे पूरा सड़क डस्ट से भर गया है एवं दिनभर उड़ रहे डस्ट से सभी व्यवसायी तो परेशान है ही कोकर के आम नागरिक भी डस्ट से गाड़ी स्लीप होने से हो रही दुर्घटना से परेशान है जिसकी शिकायत मिलने पर कोकर व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदेव धुत के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल रांची नगर निगम के नगर प्रशासक एवं उपायुक्त रांची को पत्र देकर कोकर वासियो को हो रही असुविधा से अवगत कराते हुए मांग किए कि जो कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है उसमे कच्चे ढलाई का उपयोग किया जाए जिससे की धुल उड़ना कम हो वाहनो का फिसलना कम हो साथ ही जो गड्ढे कर छोड़ दिया जा रहा है उससे भी दुर्धटना की स्थिती जो बन रही है उससे निजात मिले।

प्रतिनिधिमंडल मे कोकर व्यापार संघ के सचिव बिपिन वर्मा, कृष्ण कुमार बलदेवा ,पवन सिंह , रत्न अग्रवाल , जय प्रकाश भल्ला , अग्रवाल, प्रदीप रवि जी सहित कोकर व्यापार संघ के पदाधिकारीगण सम्मलित रहे।

ईडी ने आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति से की पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुधवार को ईडी के सवालों का जवाब देने के लिए आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमारी ईडी के सामने पेश हुई हैं। मामला बर्लिन अस्पताल की जमीन से जुड़ी हुई है। इसी मामले में ईडी उनसे सवाल-जवाब कर रही है। इस मामले में प्रीति से पहले भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। पिछले साल रांची के इस बड़े अस्पताल पर ईडी ने छापा मारा था। एक साल पहले रांची के पल्स अस्पताल पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के बाद इस अस्पताल पर छापेमारी को जांच एजेंसी की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। यह अस्पताल भी पल्स अस्पताल के ही नजदीक है और बताया जा रहा है एक बड़े आईएएस अधिकारी के बेहद करीबी का यह अस्पताल है। बता दें कि सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार पिंटू, मंगलवार को हटिया डीएसपी पीके मिश्रा से ईडी पूछताछ कर चुकी है।

जेपी पटेल ने कांग्रेस में शामिल होकर आत्मघाती कदम उठाया : अमर बाउरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: नेता प्रतिपक्ष और चंदन क्यारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने बुधवार को मांडू विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस का दामन थामने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी राजनेता अपने हिसाब से राजनीति करते है।

कोई व्यक्तिगत हित के लिए राजनीति करते हैं तो कोई राष्ट्रहित के लिए। जेपी पटेल एक परिवार को मजबूत करने के लिए कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस पार्टी की तुलना में भाजपा में शामिल होने वाले नेता राष्ट्र को मजबूत करने के लिए शामिल होते हैं। साथ ही उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने को जेपी पटेल का आत्मघाती कदम बताया। उन्होंने कहा कि जेपी पटेल के जाने का भाजपा फायदा और नुकसान नहीं सोच रही। भाजपा अपने विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है, जो भी इस विचारधारा के साथ जुड़ा है। वह जरूर आगे बड़ा है। राज्यसभा सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जेपी पटेल प्रकरण पर कहा कि यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। जेपी पटेल को उनकी ओर से शुभकामनाएं।

साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का चुनाव जीतना तय है। जेपी पटेल वहां जोर लगाकर देख लें। भाजपा कैडर आधारित पार्टी है। किसी एक विधायक के आने और जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

एसडीएम ने राजभवन के पास पहुंच कर धरना प्रदर्शन करने वालों को हटवाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक ने 20 मार्च 2024 को राजभवन रांची के पास धरना प्रदर्शन स्थल पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर रहें, झारखण्ड दिव्यांग आंदोलन संघ एवं राष्ट्रीय युवा शक्ति को लोकसभा चुनाव-2024 के आचार संहिता के तहत तत्काल धारना प्रदर्शन हटाने को कहा जिसपर उनके द्वारा तत्काल धारना हटा लिया गया।

आचार संहिता के बारें में जानकारी दी गई

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा धारना प्रदर्शन कर रहें लोगों को आचार संहिता के बारें में जानकारी देते हुए बताया की आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर व पंपलेट्स चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सड़कों पर बैनर, होर्डिंग और तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित है। जिसपर धारना प्रदर्शन कर रहें लोगों द्वारा धारना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। जानकारी हो की चुनाव प्रक्रिया खत्म होने या 60 दिनों तक (जो भी पहले हो) धारा 144 लागू रहेगी। शादी, बारात पार्टी, शवयात्रा, हाट बाजार, मरीजों को लेकर अस्पताल जा रहे लोगों, विद्यालय या महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारी व पुलिस बल पर यह लागू नहीं होगी।

बंगाल से रांची आई दो बहनों के लापता होने के मामले की सीआईडी जांच का अनुरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के डीजी अनुराग गुप्ता को चाईल्ड राईट्स फाउंडेशन के सचिव बैधनाथ कुमार ने बुधवार को पत्र देकर पश्चिम बंगाल से रांची आयी दो बहनों के लापता होने के मामले की जांच कराने की मांग की है। बैधनाथ कुमार ने सीआईडी को लिखे पत्र में कहा है कि बंगाल के मुर्शिदाबाद से सात मार्च को दो लड़कियां लापता हो गयी थीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो पता चला कि दोनों लड़कियों का लास्ट लोकेशन रांची रेलवे स्टेशन है। इसके बाद लड़की के माता-पिता ढूंढते हुए रांची आये। उन्होंने चुटिया थाना के प्रभारी से दोनों लड़कियों की सारी जानकारी साझा की। थाना प्रभारी ने परिजनों से लड़की को खोजबीन के लिए सहयोग करने की बात कही। सीआईडी को लिखे पत्र में बताया गया है कि अंदेशा है कि दोनों लड़कियों को रांची के स्टेशन रोड में स्थित होटलों में स्कॉट सर्विस और मसाज पार्लर के लिए लाया गया होगा। इस रैकेट के खिलाफ पूर्व में भी बरियातु थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इसलिए मामले की गहनता से जांच की जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में लड़की के परिजनों ने बंगाल के मुर्शिदाबाद थाना में भी प्राथमिकी दर्ज करवायी है।

अंतर्राष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव का निधन राज्य की क्षति : शिल्पी नेहा तिर्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अंतर्राष्ट्रीय धावक और एथलीट बुधवा उरांव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि न केवल झारखण्ड बल्कि भारत के इस महान सपूत का निधन ऐसी क्षति है जिसकी भरपायी नहीं की जा सकती।ज्ञातव्य है कि लम्बे समय तक अस्वस्थ रहने के बाद लगभग 63 वर्ष की आयु में जमशेदपुर स्थित अपने आवास पर उनका निधन हो गया। तिर्की इटकी प्रखंड के रानीखटांगा गाँव में बुधवा उरांव के अंतिम संस्कार में शामिल हुई और उनके शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की एथलेटिक्स की दुनिया में भारत का प्रतिनिधित्व करनेवाले बुधवा उरांव ने 1985 में मास्को में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए भारत को पदक दिलाया था। 1986 के ओलम्पिक क्वालीफायर में 800 मीटर की दौड़ में तकनीकी कारणों से वे ओलम्पिक में डिसक्वालीफाई कर गये थे। 1986 के ही एशियन गेम्स में 800 मीटर के दौड़ में भारत के लिये उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था और फिर 1987 में ढाका में आयोजित साउथ एशियन गेम्स की 800 मीटर दौड़ में नये रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

रांची : रातू थाना क्षेत्र के नवासोसो से एक युवक का शव पुलिस ने बुधवार को बरामद किया है। युवक की शिनाख्त राहुल शर्मा के रूप में हुई है। शव के पास से एक बाइक पुलिस ने बरामद किया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया है। स्थानीय लोगों ने बुधवार सुबह शव देखा तो पुलिस को मामले की जानकारी दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की रस्सी के सहारे गला दबाकर हत्या की गई है। सूचना मिलते ही रातू थाना प्रभारी शशि भूषण मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

आरसेटी में सखी मंडल की महिलाओं को दिया गया शॉप कीपर का प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, दुमका में उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 6 दिवसीय शॉप कीपर प्रशिक्षण का समापन मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का, जिला प्रबंधक स्किल भोलानाथ गुप्ता एवं आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया।मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस के निशांत एक्का ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिये।साथ ही उन्होंने कहा कि आरसेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया ताकि महिला स्वावलंबन की दिशा में आगे बड़े और अन्य महिलाओं को इस उद्योग के प्रति आकर्षित करें। भोलानाथ गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बन चुकी हो। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने कहा की जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि जरुरी है। समूहों से जुड़ी एक एक शॉप कीपर महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान नियम एवं प्रतिवेदन लेखन, तराजू, सामग्री,रजिस्टर बचत से संबंधित नियम एवं समूह के लिए जरूरी सामान खरीदने और उसे रखने का नियम बनाना, दुकानों की साफ सफाई एवं बैंक से लेन-देन के नियम आदि के बारे में बताया गया। इच्छुक महिलाएं जिनकी आयु 18 से 45 तक है वे जामा आरसेटी में आकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं । इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा,अमरदीप कुमार कार्यालय सहायक मनोज कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के कौशिक मंडल,एवं संजय सोरेन उपस्थित थे।

अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए मैं बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुआ : जेपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा के सचेतक जेपी पटेल ने बिना शोर शराबे के दिल्ली स्थित कांग्रेस भवन में कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर जेपी पटेल का स्वागत किया गया। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी सचिव गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। जेपी पटेल को कांग्रेस में शामिल होने पर वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बधाई दी है, उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाना था, इसी क्रम में आज झारखंड के मांडू से बीजेपी विधायक जय प्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि बीजेपी छोड़कर जयप्रकाश पटेल का कांग्रेस में शामिल होना झारखंड की राजनीति के लिए बहुत बड़ा संकेत है। देश के कई राज्यों में अलग-अलग पार्टी के नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि

आज दिल्ली में तीन बार के विधायक जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा। उन्होंने कहा कि देश बेचने वालों और देश बचाने वालों की इस लड़ाई में हमें देश बचाने वालों के साथ रहना है। आज जब डर और लालच के सामने लोग झुक रहे हैं, ऐसे में जयप्रकाश भाई पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा:

जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मेरे पिता टेकलाल महतो ने झारखंड को संवारने का सपना देखा था। उस सपने को पूरा करने के लिए मैं बीजेपी में शामिल हुआ था। उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि अपने पिता के सपनों को उस दल में नहीं पाया। राहुल गांधी की न्याय यात्रा की वजह से झारखंड के लोगों का उनकी तरफ रूझान बढ़ा है। अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए इंडि गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं।

चोरी मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के न्यू बड़ाम से पुलिस ने बुधवार को दो चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम दिनेश महली और बिरजू महली बताया गया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की समर सेबल मशीन बरामद की गयी है। इनका एक अन्य साथी भागने में सफल रहा।

उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

शव दाह गृह शिलान्यास का ग्रामीणों ने किया विरोध

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची सांसद संजय सेठ एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिना राय सुमारी के 24 फरवरी को 7.5 करोड़ रुपए की लागत से जुमार नदी घाट पर सबसे बड़ा शव दाह गृह शिलान्यास की सूचना पर बुटी मोड़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिलान्यास का विरोध किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि ग्रामीणों के साथ बैठ कर समस्या का समाधान किया जाएगा लेकिन ग्रामीणों की समस्या सुने बगैर शवदाहगृह शिलान्यास के बगैर 18 मार्च 2024 से काम चालू कराया है, जो घोर निंदनीय एवं आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उलंघन है। बुटी मोड़ क्षेत्र सहित लाली, पैका, कटम कुली, टुढ़हुल, हूंदुर सहित सैकड़ों गांवों के ग्रामीण तीन कर्म में जुमार नदी स्थित डुगरू गढ़ा अस्थि विसर्जन का कार्य वर्षों से करते आ रहे हैं। आस्था का प्रतीक झारखंड के ऐतिहासिक धरोहर अस्थि विसर्जन स्थल डुगरू गढ़ा, डुमरदगा, बुटी को प्रदुषण से बचाना रांची के आदिवासी/मूलवासी का परम कर्तव्य है। उपरोक्त स्थिति से निपटने के लिए बूटी मंडाटांड़ में 24.03.2024 (रविवार) एक बैठक आयोजित किया जा रहा है। ग्रुप के सभी सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारी से आग्रह होगा की महासभा को सफल संचालन के लिए शुक्रवार को बैठकर रूपरेखा तैयार करें एवं विभिन्न गांव के सम्मानित लोगों से आग्रह करें कि 24 मार्च को बुटी चले एवं आस्था का प्रतीक डुगरू गढ़ा को बचाने का काम करें।

स्व दलगोविंद जयंती समारोह का आयोजन

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): दलगोविंद स्मारक समिति के तत्वावधान में सिल्ली थाना के समीप बुधवार को स्व दलगोविंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, शुशील महतो,नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,अरविंद कुशवाहा, नरोत्तम गोरांई, भादुड़ी गोरांई, गणेश शाहु, नगेन्द्र नाग, रविंद्र करमाली,पंचायत प्रतिनिधि, प्रबुद्ध ग्रामीण तथा समिति के सदस्यों ने स्व दल गोविंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात प्रेम वाटिका मेरेज हॉल में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता रतनलाल महतो ने की। उन्होंने दल गोविंद बाबू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व दल गोविंद बाबू एकीकृत बिहार में सिल्ली पंचायत का मुखिया हुआ करते थे। मुखिया के रूप में उत्कृष्ट कार्यों का फल है कि उन्हें तत्कालीन बिहार के राज्यपाल के हाथों इंदिराशिल्ड सम्मान पाने का गौरव प्राप्त हुआ। संजय सिद्धार्थ ने स्व दलगोविंद प्रसाद कोइरी के जीवन एवं विचारों को बताया। वहीं उन्होंने कहा कि स्व दल गोविंद बाबू अपना जीवन काल, समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वे हमेशा क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। हमें उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। समारोह को प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक,भागवत सोनार, नरोत्तम गोरांई, मुकेश कोइरी, मुखिया भरत मुंडा, हरे कृष्ण कोइरी, पुर्व सैनिक नारायण सिंह, सीमा कुमारी गोंझु आदि ने भी सम्बोधित किया। मंच का संचालन संजय कोइरी ने तथा समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन कमल किशोर कुशवाहा ने किया। इस मौके पर मुखिया भरत मुंडा, शर्मिला कुमारी, लालसिंह मुंडा, लालू उरांव, पुर्व मुखिया सुरेश मुंडा, गौरांग कोइरी, संजय कोइरी, विजय कोइरी, बादल मुंडा, हराधन रजक, अशोक कोइरी, मो फारुख, सुधीन चौधरी, हरेन कोइरी, अघनु कोइरी, वंशी कुशवाहा, सुकराम कुशवाहा, ललीन कोइरी, रोहन प्रसाद, संतोष कोइरी, विजय महतो समेत समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

खाटू श्याम बाबा का जयंती मनाया गया

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली धर्मशाला लक्ष्मी नारायण मंदिर में बुधवार को श्री खाटु वाले श्याम बाबा का जन्म दिन मनाया गया। इस दौरान श्री खाटू वाले श्याम बाबा की निशान शोभा यात्रा निकाली गई। रथ में विराजमान श्री श्याम बाबा आगे आगे बाजे गाजे के साथ श्रद्धालु श्याम बाबा का निशान अपने हाथ में लेकर नाचते गाते खाटू नरेश की जय हो, श्याम बाबा की जयघोष के साथ चल रहे थे। ध्वज पर नीले घोड़े पर विराजमान श्याम बाबा का चित्र व पवित्र निशान अंकित था। फूलों से भव्य रूप से रथ सजाया गया। जिसमें विशेष रूप से श्याम बाबा के स्वरूप को विराजमान किया गया। यात्रा में मारवाड़ी समाज अलावे स्थानीय महिला, पुरुष और बच्चे राजस्थान पारंपरिक परिधान में उत्साह व श्रद्धा के साथ नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर से, बुंडू रोड दुर्गा बाड़ी, सिल्ली में रोड होते हुए काली मंदिर चौराहे से होते हुए वापस लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंच कर ध्वज यात्रा का समापन हुआ। वहीं देर शाम लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्याम बाबा का भव्य श्रिंगार कर भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में, दुर्गा अग्रवाल, , , विजय जालान, अमर अग्रवाल, राजकुमार केडिया, गुडू मिश्रा नारायण तपरिया, नारायण केडिया, राजेश अग्रवाल ,सुभम अग्रवाल, किरण अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, एकता अग्रवाल ,पुष्पा देवी ,सुमित्रा देवी ,अदिति अग्रवाल, , बंटी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अथर्व अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, निपुण अग्रवाल, अंश केडीया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

अंतरराष्ट्रीय धावक बुधुवा उरांव का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंतरराष्ट्रीय धावक सह पूर्व डीएसपी बुधुवा उरांव (63) का बुधवार को इटकी प्रखंड के रानी खटंगा गांव में आदिवासी रीति रिवाज के तहत व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अंतर्राष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की न केवल झारखंड बल्कि भारत के इस महान सपूत का निधन ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है. बुधवा उरांव की बुधवार की प्रातः जमशेदपुर में आकस्मिक निधन हो गया था। वह अपने पीछे पत्नी, पांच लड़के और एक बेटी सहित भरा पूरा घर छोड़ गए। जैप की कमांडेंट आईपीएस डॉ सरोजनी लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस बलों ने गोली से सलामी दे कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव, आदिवासी महासभा के अध्यक्ष सह पत्थलगड़ी नेता विजय कुजूर ने फूल माला से श्रद्धांजलि अर्पित किया। अंतरराष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव के निधन पर एडीजी प्रिया दुबे, राजकुमार लकड़ा, डीआईजी पटेल मयूर सहित खेल जगत, राजनीतिक महकमे और पुलिस विभाग ने शोक व्यक्त किया। बुधवा उरांव एथलेक्टिक्स की दुनिया भर में देश का प्रतिनिधित्व किया। 1985 में मास्को में आठ सौ मीटर की दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारत को पदक दिलाया, वर्ष 1986 में ओलंपिक क्वालीफायर में 800 मीटर की दौड़ में तकनीकी कारणों से डिसक्वालिफाई हो गए थे, 1986 के ही सियोल एशियन गेम में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता फिर 1987 ढाका में आयोजित साउथ एशियन गेम्स की 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉड के साथ गोल्ड मेडल जीता, वर्ष 1989 कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस मीट में उन्होंने एक स्वर्ण, एक सिल्वर मेडल जीता है, इसके अलावा लगभग पचास से ज्यादा देशों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कई पदक जीत भारत का परचम लहराया। मौके पर बेलस तिर्की, राजन किस्पोट्टा, उप प्रमुख परवेज़ राजा, पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी, रंथू मिंज, सुनील मिंज,राजकुमार तिर्की, शिवनाथ तिग्गा, जागरे उरांव, मो. सादिक सहित सैकड़ों गणयमान्य लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

मीडिया कर्मियों के साथ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिला जनसंपर्क कार्यालय, खूंटी में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग, सैय्यद राशिद अख्तर द्वारा जिले के सभी मीडिया कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान मीडिया कर्मियों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई।

इस दौरान बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-16.03.2024 को लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। दिनांक-16.03.2024 से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

इस संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127ए, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की अधिसूचना सं0-491/मीडिया/2012, दिनांक 08.06.2010 तथा पत्रांक-3/9/2007 / JSIH दिनांक-16.10.2007 के आलोक में कोई भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 में यदि प्रचार-प्रसार हेतु कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका / बैनर / पम्पलेट / पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेज जिसके मुख्य पृष्ट पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो मुद्रित या प्रकाशित करना वर्जित है।

इस प्रकार के विभिन्न दस्तावेजों आदि के मुद्रण हेतु पार्टी प्रमुख/उम्मीदवार का सहमति पत्र के साथ दो भिज्ञ व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र मुद्रक/प्रकाशक को उपलब्ध कराना अनिवार्य है तथा प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराईटर/प्रकाशक उक्त मुद्रण हेतु अधियाचना का विस्तृत विवरण पंजीकृत कर मुद्रण संख्या विवरणी सहित घोषणा पत्र की प्रति के साथ विवरण, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूँटी को संसूचित करने का प्रावधान है।

साथ ही बताया गया कि उक्त प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) (4) एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच के तहत कार्रवाई की जायेगी, जिसके तहत 06 (छः) माह का कारावास या 2000/- (दो हजार) रू0 जुर्माना अथवा दोनों दण्ड अधिरोपित की जा सकती है।

आवश्यक सेवा श्रेणी के लिए पोस्टल बैलेट का उपयोग करके मतदान करने से संबंधित जारी दिशा - निर्देशों की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त मीडिया कर्मियों को MCMC के कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान बताया गया कि निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन का छानबीन तथा वल्क एस0एम0एस0 / आवाज संदेशों/ टी0वी0 चैनलों/केबल नेटवर्क/रोडियो/निजी एफ0एम0 चैनल / सिनेमा हॉल / सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया/समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।

प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु स्ट्स्ट्र का अनुमति अनिवार्य है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानुमति आवश्यक होगी। राष्ट्रीय/राजकीयकृत राजनीतिक दल /प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से 3 दिन पूर्व एवं अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के 7 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

लोक सभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification & Monitoring Committee) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, बूटी की अध्यक्षता में किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह में छात्र छात्राओं को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

तमाड़ : रांची जिला अंतर्गत तमाड इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह में सत्र 2022 --24 के छात्र-छात्राओं को प्रथम वर्ष के छात्राओं के द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंध समिति के सचिव मुची राम अहीर उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा एवं संचालन प्रोफेसर घनश्याम महतो ने किया कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम वर्ष की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से शुरू किया गया एवं द्वितीय वर्ष के छात्राओं को चंदन टीका एवं उपहार देकर विदाई किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम के दौरान ही खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तर से जिला स्तर और राज्य स्तर तक राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग ले चुके जितेंद्र मुंडा एवं पूरी कबड्डी टीम को माला पहनकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर रंजीत कुमार मोदक ने कॉलेज के नियम एवं कॉलेज की उपलब्धि के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की की कामना की आज के कार्यक्रम में प्रोफेसर रमाकांत महतो,प्रोफेसर शर्मिला कुमारी,प्रोफेसर सुमित्रा मुंडा, सुरेश महतो,केशव चंद्र महतो, हरिनारायण महतो हलदर महतो, शिवेशवर महतो,बिधन चंद्र गोराई,साइन नाथ मुंडा,अनंत महतो,अस्थमा सेठ,अशोक कुंडू, लाल सिंह मुंडा,बिंदेश्वर महतो, मनमोहन लोहरा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

क्षत्रिय समाज ने गले मिलकर मनाया होली मिलन समारोह

विपरीत परिस्थितियों में रहें एकजुट : राजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : क्षत्रिय समाज खलारी, पिपरवार का होली मिलन समारोह नर्मदेश्वर शिव मंदिर डकरा के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विचार मंच के राजनसिंह राजा ने की. राजन सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में समाज को एकजुट रहने का आह्वाहन किया. कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है. पौराणिक कथा होलिका दहन पर भी चर्चा किया. उदय सिंह ने होली के गीतों से कार्यक्रम में समा बांध दिया. समाज के लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली महापर्व की बधाई दिए. इस मौके पर सभी पुरानी रंजिशो को भूलकर एक दूसरे को गले लगाया. होली मिलन के बाद सभी वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचे. वहां बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पगड़ी पहनाई व उनके श्रीचरणों में गुलाल रखकर उनका आशीर्वाद लिया. कार्यक्रम में शत्रुंजय सिंह, सुधीर सिंह, नागदेव सिंह, विनयसिंह मानकी, रंजन सिंह संजीव, विक्की सिंह, सोनू सिंह, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, जनेश्वर सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, भोला सिंह, मुन्नू सिंह, अविनाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, आनंद सिंह, कुमुद सिंह, संजय सिंह, पवन सिंह, नेपाल सिंह, सुरेश सिंह, तूफान सिंह, संतोष सिंह, संतोष सिंह भरथौली, संजीत सिंह, रितेश सिंह, रंजित सिंह, रवि सिंह, शुभम सिंह, तेजनारायण सिंह आदि उपस्थित थे.

विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक

कोडरमा : उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के संचालन को लेकर महाविद्यालय के प्रतिनिधि और कैंपस एंबेसडर के साथ बैठक किया गया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि 23 मार्च को स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को शामिल करें। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिये। मतदान दिवस यानी 20 मई 2024 को लेकर दीवार लेखन करें। इसके साथ साथ मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता कराकर मतदान दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करें।

फुददी और गुटजोरा पंचायत के 15 महिलाओं का किया गया गोद भराई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिले के हुटार क्लस्टर में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के द्वारा स्वास्थ्य विभाग खूंटी एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से फुदी एवं गुटजोरा पंचायत के पंद्रह महिलाओं का गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को पौष्टिक आहार देते हुए उन्हें इसके महत्व को बताया गया बतौर मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर उदयन शर्मा ने कहा कि गोद भराई रस्म सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आने वाले सम्भावित जटिलताओं के बारे में बतलाया जाता हैं और स्थानीय संसाधनों को खान-पान में शामिल करते हुए कुपोषण को कैसे दूर किया जा सकता है इसके बारे में बताया जाता है साथ ही गर्भावस्था के दौरान चार एएनसी कराने की भी जानकारी दी जाती है ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहे और मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके एक स्वस्थ बच्चा ही देश का भविष्य है पीरामल फाउंडेशन के प्रहलाद कुमार लाल ने कहा कि गर्भावस्था में महिलाओं को खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए और पोषण पर जानकारी दिया मुखिया अनीता कश्यप ने ग्रामीणों से लिंग आधारित भेदभाव नहीं करने की बात कही मौके पर एसटीटी किरण देवी एएनएम सहिया साथी सहिया और आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना परिसर में बुधवार को रंगो का त्येवहार होली पर्व को लेकर पुलिस उपाधिक्षक अखिल नितिश कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक में होली का पर्व शांती पुर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पंचायतो से आये जन प्रतिनिधियो से होलिका दहन व होली मिलन सम्मारो की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर डीएसपी अखिल नितिश कुजूर ने कहा कि होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। अगर वैसे शरारती तत्व के लोग आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम करता है तो थाना में तुरंत सूचना दें कारवाई की जाएगी। मौके पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने होली पर्व का अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा होली एक ऐसा पर्व है, जो एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। इस दौरान एक दुसरे को अबीर लगा कर होली की बधाई दी। मौके पर थाना प्रभारी नकुल कुमार शाह, एसआई रोशन कुमार, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, बानी कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवल किशोर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रो करमा उराँव, मुन्ना बड़ाईक, नवदीप कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेबुल ओहदार, अमीन अंसारी, मुखिया सुशांति भगत, कुआरी खलखो, राखी भगत, नकुल राम महथा, शशी गोप, बबलु खान, नौसाद आलम व चरवा उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

पंचायत स्वंय सेवक 253 दिन बाद काम में लौटे

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ विगत 253 दिनों से हड़ताल के बाद बुधवार को अपने काम पर लौट गए. काम वापसी से पूर्व स्वयंसेवक संघ ने एक बैठक करते हुए कर्रा बीडीओ स्मिता नगेसिया के नाम ज्ञापन सौंपते हुए काम पर लौटने की जानकारी दिया. इस दौरान उपस्थित सभी पंचायत के स्वंय सेवकों ने झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को 2500 रूपये मानदेय दिए जाने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया. पंचायत सहायक के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण पाहन, सचिव सोहन गोप, कोषाध्यक्ष व मनमसी हेरेंज ने बताया की आठ जुलाई 2023 से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर थे. 12 मार्च 2024 को कैबिनेट में इनकी मांग पूरी होने पर सभी पंचायत स्वंय सेवकों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया.इस मौक़े पर मुख्य रूप से सुरेखा कुमारी, सुनीता होरो, बलराम सिंह, मनोज उरांव, आफताब खान, वशीम अली, अनिल साहू, रामा नाग, हरेन्द्र लोहरा के अलावे अन्य लोग उपस्थित रहे।

टाटीसिल्वे थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटीसिल्वे थाना परिषर में होली एवम ऐतिहासिक डोल मेला को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार ने की। थाना प्रभारी ने कहा की शांति एवम सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मानना है। कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिए सभी को एक दूसरे का सहयोग करना है। इस अवसर पर थाना प्रभारी मनोज कुमार, उपप्रमुख नामकुम विना कुमारी, मुखिया कृष्णा पाहन, संदीप तिर्कि, कृष्णा लोहरा, उप मुखिया अजय सिंह,प्रधान किस्टो उराव,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,राजन शाहू, जितेंद्र सिंह, मानकी कृष्णा नाथ शाही, राजेश यादव, संजीव सिंह, विनोद अग्रवाल, विनोद सिंह, सुमित महतो, के डी शर्मा, अरविंद सिंह, सनील जाय,अर्चना मिश्रा, गिरिधर मिश्र,राजेंद्र प्रमाणिक, बृजेश सिंह इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। इस बैठक को सफल बनाने राजकुमार यादव,मनीष कुमार,भवेश कुमार, मिंटू भारती, इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जयपाल सिंह मुंडा का पुण्य तिथि मनाया गया

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के डुफू गांव में बुधवार को स्व जयपाल सिंह मुंडा का 54 वां पुण्य तिथि मनाया गया. इस अवसर पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह खूंटी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी सुशील पहान ने कहा की जयपाल सिंह मुंडा झारखंड के नायक थे. हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना होगा साथ ही झारखंड राज्य का उत्थान के लिए हम सभी को अपना भागीदारी निभाना होगा.इससे पूर्व उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया. इस मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 21 मार्च 2024 | पेज 5

गम्हरिया के रिहायशी इलाका नामोपाड़ा में देखा गया तेंदुआ, लोगों में दहशत

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): औद्योगिक क्षेत्र में बीते 4 दिनों से घूम रहे तेंदुए का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। रविवार के बाद विगत दो दिनों तक तेंदुए की गतिविधि का पता नहीं चलने के बाद मंगलवार देर रात तेंदुए को बड़ा गम्हरिया के नामोपाड़ा क्षेत्र जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में देखा गया है जिससे लोग काफी भयभीत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गम्हरिया स्टेशन रोड नामोपाड़ा के पास मंगलवार देर रात तकरीबन दो से तीन बजे के बीच नामोपाड़ा निवासी सीताराम नायक नामक व्यक्ति ने अपने घर के पास तेंदुए को खड़ा हुआ देखा। उन्होंने बताया कि देर रात अचानक कुत्तों द्वारा लगातार भौंकने की आवाज आने पर उन्हें लगा कि शायद चोर घुस आया है। उसे देखने के लिए उन्होंने जैसे ही दरवाजा खोला तो आंगन में स्थित अमरूद पेड़ के पास तेंदुआ को खड़ा देखा। बुधवार की अहले सुबह से ही नामोपाड़ा क्षेत्र में तेंदुआ भ्रमण करने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। इससे भयभीत लोग सुबह से ही अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। खबर मिलते ही बुधवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर जांच की तो उन्होंने तेंदुए के पंजे के निशान को पाया। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि कुछ निशान तेंदुए के पंजे से मेल खा रहे हैं। हालांकि रात भर बारिश होने के कारण कई जगह से तेंदुए के निशान मिट गए हैं। एक्सपर्ट को बुलाकर आगे पड़ताल की जा रही है।

रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी पेश, कीमत 18,999 रुपये

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रियलमी ने अपने अपनी नार्ज़ो सीरीज में नया स्मार्टफ़ोन - रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी पेश किया है। भारत में लगातार बढ़ते हुए 16 मिलियन यूज़र्स के साथ रियलमी की नार्ज़ो सीरीज अगली पीढ़ी के स्मार्टफ़ोन पेश करती है। नए रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी का उद्देश्य लो-लाइट फोटोग्राफी में नए मानक स्थापित करना और इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की रियलमी की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।रियलमी ने मार्च 2023 में अमेज़न पर अपना पहला ऑनलाइन स्टोर लॉन्च किया।इसमें बेहतरीन, ब्लर-फ्री फोटो लेने के लिए ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस) के साथ भारत का पहला 50 मेगापिक्सल सोनी आईएमएक्स890 कैमरा दिया गया है। 120हर्ट्ज़ का अल्ट्रा-स्मूथ एमोलेड डिस्प्ले जीवंत कलर्स और डीप ब्लैक प्रदान करता है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट लगा है, तेज इंटरनेट स्पीड के लिए इसमें 5जी कनेक्टिविटी है। रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो में सेगमेंट का पहला एयर जेस्चर कंट्रोल है, जिसकी मदद से आप स्क्रीन को स्पर्श किए बिना ही विभिन्न कार्य कर सकते हैं। रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी दो आकर्षक रंगों ग्लास ग्रीन और ग्लास गोल्ड एवं दो स्टोरेज वैरिएंट्स 8जीबी प्लस128जीबी, 19,999 रुपये में और 8जीबी प्लस 256जीबी, 21,999 रुपये में उपलब्ध है।

चाय पे चर्चा ग्रुप के द्वारा विजय गोंड को किया गया सम्मानित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): चाय पे चर्चा ग्रुप द्वारा विजय गोंड को आदिवासी गोंड समाज समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की विजय गोंड भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य है। इसके अलावा भाजपा में बहुत सारे दयित्वो को निभाते रहे है, जिसमे अनुसूचित जन जाति मोर्चा पश्चिमी सिंहभूम के जिला प्रभारी, जमशेदपुर महानगर के प्रभारी का दायित्व मुख्य है। इस अवसर पर चाय पे चर्चा ग्रुप के अध्यक्ष नौशाद खान ने बताया कि विजय गोंड हमेशा से सामाजिक कार्यों में आगे रहते है। ग्रुप के सभी सदस्यों ने विजय गोंड के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजय गोंड ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी को दिल की गहराईयों से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पर मुख्य रूप से , कुमार अभिषेक, शैलेश गुप्ता, उपेंद्र बानरा, कुमार आशोतोष , निर्मल गोप, अनिकेत रॉय, साकेत, राहुल, पंकज शर्मा, जोलेश मुखी, सूरज, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

सोनारी सामुदायिक केंद्र में टीएसएफ का नृत्य-बसंत, नृत्य महोत्सव का हुआ शुभारंभ

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील फाउंडेशन की अर्बन सर्विसेज इकाई सीएसआर जमशेदपुर के एक हिस्से के रूप में शहर के शहरी क्षेत्रों के कल्याण के लिए तत्परता से काम कर रही है। वंचित तबकों की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के मौजूदा कौशल को पोषित करने और मजबूत करने के लिए, अर्बन सर्विसेज कला, खेल आदि के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से पूरे जमशेदपुर के सामुदायिक केंद्रों में कोचिंग, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, शास्त्रीय नृत्य और संगीत, जैसी अर्ध-कुशल और कुशल कक्षाओं को बढ़ावा दे रही हैं और संचालित कर रही हैं। केंद्रों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल बच्चों और महिलाओं की प्रतिभा को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए, अर्बन सर्विसेज ने नृत्य-बसंत... नृत्य के सभी रूपों का 3 (तीन) दिवसीय उत्सव आयोजित किया, जिसमें 65 टीमों से 630 प्रतिभागियों ने वर्गीकृत किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ नृत्यों के रंग बिखेरे। यह एक खुला कार्यक्रम था जिसमें सभी पीढ़ी के बस्ती इलाकों में रहने वाली लड़कियों, लड़कों और महिलाओं ने एक ही मंच पर प्रदर्शन किया।

युवक समिति बजरंग अखाड़ा कमेटी कांड्रा बस्ती का पुनर्गठन, लाल बाबू बने अध्यक्ष

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): युवक समिति बजरंग अखाड़ा समिति, कांड्रा बस्ती के सदस्यों की हुई बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजनोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी की पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। नई कमेटी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष लाल बाबू महतो, सचिव महेन्द्र नंदी, शंकर महतो व सीमंत घटवारी तथा कोषाध्यक्ष दिलीप दे, विश्वनाथ रजक व राकेश रजक को बनाया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा के अलावा कमेटी के सदस्य धींरेंद्र गोराई रासु दास, बम्बल दास, पवन महतो, उमाकांत महतो, पोंचू गोराई, विदेशी गोराई, दशरथ रजक, श्याम कालिंदी, धीरज प्रसाद, वीरू घटवारी अर्जुन कुंभकार आदि उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड मुख्यालय में बैठक कर चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की

घर घर जाकर मतदान के लिए करें प्रेरित : अनन्य मित्तल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा डुमरिया प्रखंड में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एसडीएम घाटशिला सच्चिदानंद महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, बीडीओ डुमरिया चंचला कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय डुमरिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बड़ाबोतला स्थित मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन

पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रखंड मुख्यालय में बैठक कर चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में क्रिटिकल मतदान केन्द्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने वालों की संख्या का आकलन, कलस्टर बनाने, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए, इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकारी की लापरवाही नहीं करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने एवं मतदाताओं को घर घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय को मिला प्लस टू का दर्जा, ग्रामीणों में हर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे जोड़सा उत्क्रमित हाइस्कूल को प्लस टू का दर्जा मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। जोड़सा गांव निवासी एवं पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्मा के सेवानिवृत्त प्राचार्य पंचानन दास के अथक प्रयास और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा पर प्लस टू का दर्जा मिलने से ग्रामीणों ने दोनों का आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से 12 मार्च को जारी पत्र मंगलवार को स्कूल पहुंचते ही खुशी की लहर दौड़ गई। प्रो. पंचानन दास ने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों एवं बच्चों को बधाई देते दी एवं बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण कर खुशियां बांटी। प्रो. पंचानन दास ने कहा कि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के लगातार प्रयास और उनकी अनुशंसा पर ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने के लिए ग्रामीणों की ओर से मुखिया से लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, तत्कालीन परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक मंगल कालिंदी, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा के अलावा उपायुक्त व बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। मौके पर दिवंगत शिक्षा मंत्री की आत्मा शांति हेतु प्रार्थना की गई। गौरतलब हो कि राज्य में एक साथ 166 स्कूलों को प्लस टू का दर्जा दिया गया है जिसमें पटमदा प्रखंड में जोड़सा एवं बोड़ाम में रसिकनगर उच्च विद्यालय को अपग्रेड किया गया है।

अदालत से भागने मामले में संजय यादव पर दोष साबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जिला व्यवहार न्यायालय में कांग्रेस नेता संजय यादव पर अदालत से भागने का दोष साबित हो गया और उन्हें तीन हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुना दी गई।इस कांग्रेस नेता पर कदमा थाना में साल 2012 में एक मामला दर्ज हुआ था और उसे मामले में वह उच्च न्यायालय की शरण में गए थे। उच्च न्यायालय ने उनके मामले पर स्टे ले लिया था और वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत लेने के लिए गए।घटना 15 फरवरी 2019 की है। वह न्यायिक दंडाधिकारी श्री कृष्णा लोहार के अदालत में आत्म समर्पण किया और जमानत का आदेश लेने की याचिका दाखिल

की।न्यायिक दंडाधिकारी ने उन्हें कस्टडी में लेते हुए कस्टडी वारंट बनने का आदेश कोर्ट क्लर्क को दिया। जैसे ही उक्त आदेश इस कांग्रेस नेता संजय यादव ने सुना वे अदालत से भाग खड़े हुए।17 फरवरी 2019 को सीताराम डेरा थाना में अदालत से भागने का मामला भारतीय दंड संहिता 224 के तहत दर्ज हुआ। उस मामले में अभियोजन की ओर से तीन गवाह हाजिर हुए। साक्ष्य एवं गवाही के आधार पर संजय यादव को दोषी पाया गया। वही संजय यादव की ओर से अदालत को बताया गया कि कदमा कांड संख्या 23/ 2012 को उच्च न्यायालय द्वारा क्वेश किया जा चुका है। अदालत में यह भी दलील दी गई कि यह पहला अपराध है और उन्हें क्षमा कर दिया जाना चाहिए। इस पर न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना की अदालत में धारा 224 के तहत दोषी पाते हुए तीन हजार रू अर्थदंड की सजा सुना दी गई। संजय यादव द्वारा अर्थदंड भर दिए जाने के बाद अदालत ने उन्हें 6 महीने के परिविक्षण पीरियड बॉन्ड पर रिहा कर दिया।

दो दिवसीय अंतर जिला दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

दिव्यांग खिलाड़ियों को मदद करे सरकार : मधुश्री महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : बुधवार को कुकडू प्रखंड अंतर्गत सिरुम हाई स्कूल मैदान में दिव्यांग क्रिकेट समिति सरायकेला खरसावां के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके और बल्लेबाजी करके मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के बोकारो, सरायकेला और रामगढ़ जिला की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने हिस्सा लिया है, जिसका समापन गुरुवार को होगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री

महतो ने कहा कि सरायकेला जिला के इतिहास में पहली बार दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार भी समय-समय पर प्रतियोगिता का आयोजन कर दिव्यांग खिलाड़ियों को मंच देने का काम करें और दिव्यांग खिलाड़ियों को मदद करे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर पारगामा पंचायत के मुखिया लालू मांझी, समाजसेवी सुनील कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

होली व रमजान को लेकर नीमडीह थाना में शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : बुधवार को नीमडीह थाना परिसर में नीमडीह अंचल सीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में होली, रमजान के त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव 2024 के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में इंस्पैक्टर अजय कुमार मौजूद रहें, वहीं शांति समिति के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस मौके पर शांति एवं सौहार्द के बीच लोगों से होली एवं रमजान का त्यौहार को मनाने की अपील की गई। साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने एवं विधी व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

गोपालपुर में श्री श्री बजरंग बली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल, तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड के गोपालपुर गांव में नवनिर्मित सार्वजनिक बजरंग बली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 मार्च को विधिवत रूप से पूजा अर्चना के पश्चात किया जाएगा। इसको लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में गांव के आतिश मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा भव्य मंदिर व बजरंग बली की मूर्ति स्थापित किया गया है। जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि इसके पहले बुधवार को मंदिर परिसर में मंडल कुंडादी निर्माण कराया गया। गुरुवार की सुबह 108 श्रद्धालुओं ने बांगुड़दा स्थित साहेबबांध से कलश यात्रा निकाल मंदिर पहुंचेगें। कलश स्थापना के बाद प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अर्चना शुभारंभ हो जाएगा। वही शुक्रवार को सूर्य पूजा के साथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। शाम में भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसमें गांव के सभी महिला व पुरूष श्रद्धालुओं भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सीएम चंपाई सोरेन से मिले विधायक रामदास सोरेन, लोस चुनाव पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : घाटशिला विधायक रामदास सोरेन स्वास्थ्य लाभ कर दिल्ली से लौटने के बाद राँची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाक़ात की। और झारखंड राज्य का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मुलाकात के दौरान संगठन और राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई और लोकसभा चुनाव पर जीत किस तरह दर्ज किया जाए, इस पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री चौपाई सोरेन काफी प्रसन्न मुद्रा में दिख रहे थे। विदित हैं की स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण विधायक रामदास सोरेन दिल्ली में इलाजरत थे। स्वास्थ्य ठीक होने के बाद दिल्ली से वह सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे।

18वां सीआईआई आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स

टाटा स्टील को मिला जैव विविधता प्रबंधन में उत्कृष्टता पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील की सुकिंदा क्रोमाइट खदान को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2023 में जैव विविधता में उत्कृष्टता प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी के फेरो अलॉय एंड मिनरल्स डिवीज़न (एफएएमडी) के तहत संचालित, इस माइन को अपने परिचालन क्षेत्र में और उसके आसपास जैव विविधता संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक और सीआईआई के प्रेसिडेंट

डेसिग्नेट संजीव पुरी ने नई दिल्ली के ताज महल होटल में आयोजित 18वें सीआईआई आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स में प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। सुकिंदा क्रोमाइट माइन के हेड (माइनिंग) देवराज तिवारी ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।टाटा स्टील के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम चीफ सिएटल के इस कथन को ध्यान में रखते हैं कि ÷पृथ्वी मनुष्यों की नहीं है, बल्कि मनुष्य पृथ्वी का है।

रानी पद्मिनी उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत रानी पद्मिनी राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सरायकेला के परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 ,9 एवं10 तथा वर्ग 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में अपना अपना मॉडल पेश किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि कम देखी जा रही है। उनमें जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस दौरान चालक नींद नियंत्रक चश्मा डिवाइस, टेलिस्कोप, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, सोलर एनर्जी तथा अन्य मॉडल छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। विज्ञान

प्रदर्शनी में कक्षा छह से आठ में प्रथमकेजीवीभी गम्हरियाद्वितीय केजीवीभी चांडिल, तृतीयचुएचएस झिमड़ीकक्षा नौ से दस में प्रथम एस एस प्लस टु हाई स्कूल राजनगर, द्वितीय एसएस प्लस टू स्कूल चांडिल एवं तृतीय एस एस हाईस्कूल दलभंगा। कक्षा 11 व 12 वीं में, प्रथमकेजीवीभी राजनगर, द्वितीय उ उ वि प्लस टु हाई स्कूल देवलटांड एवं तृतीय केजीवीभी गम्हरिया रहा।

टुईलाडुंगरी से गोलमुरी शिव मंदिर तक धूमधाम से निकली खाटू श्याम जी की निशान यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी के शुभ अवसर पर बुधवार की सुबह टुईला डुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गयी, जो गोलमुरी श्री शिव मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई। जिसमें 351 से अधिक भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पण किये। इससे पहले हिंदुस्तानी संघ स्कूल में सुबह 7 बजे चार यजमान मधुसूदन जोशी, शंकर लाल अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल और सुशील चौधरी ने सपत्नी ध्वजा पूजन किया और पंडित महेश शर्मा ने पूजा कराया। निशान पूजन मे विधायक सरयू राय भी शामिल होकर राज्य और देश की सुख, शांति और समृद्धि की

कामना की। विश्व के कल्याण की कामना के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक चार संस्था श्री श्याम मण्डल गोलमुरी, श्री श्याम मण्डल टुईलाडुंगरी, श्री श्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मण्डल टुईलाडुंगरी द्धारा संयुक्त रूप से किया गया था। निशान यात्रा गोलमुरी मेन रोड़, गोलमुरी बाजार मस्जिद रोड़ एवं आकाश दीप प्लाजा से होते हुए शिव मंदिर पहुँची।इनका रहा योगदानः- इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से मामराज गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कृष्णा नरेड़ी, स्वीटी अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अधिवक्ता कैलाश अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, मधुसूदन जोशी, बंटी अग्रवाल, मनोज नरेड़ी, कमल गुप्ता, दीपक अग्रवाल, संदीप रिंगसिया, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेमकिशुन चौधरी, सुशील चौधरी, रामकरण अग्रवाल आदि का योगदान रहा। भक्तो द्वारा शीतल पेय एवं चाय-पानी की व्यवस्था की गयी थी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की सेक्टर मजिस्ट्रेटो सहित बैठक

मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं के सत्यापन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु प्रतिनियुक्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा -निर्देशों का उन्हे अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर

प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्वाची निबंधक पदाधिकारी सरायकेला विधानसभा सह अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं सम्बन्धित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया बीएलओ के साथ बैठक

ईचागढ़ : प्रखंड सभागार में बुधवार को अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी दीपक प्रसाद ने बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा आम चुनाव संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में अनुपस्थित वरिष्ठ नागरिक 80 प्लस,दिव्यांग मतदाता,कोविड संगिद्ध मतदाताओं को प्रारूप 12 घ हस्तघत करने की प्राप्ति सूची एवं पावती रसीद बीएलओ को दिया गया, साथ ही निर्देश दिया गया ।

भाजपा ने चिराग पासवान पर लगाया बड़ा दांव

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने बिहार एनडीए में चिराग पासवान पर बड़ा दांव लगाया है और उनके चाचा पशुपति पारस को किनारे लगा दिया है. बिहार में एनडीए ने सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया है. बीजेपी के खाते में सबसे अधिक 17 सीटें आई हैं. लोजपा प्रमुख पशुपति पारस को गठबंधन को कोई तवज्जों नहीं मिली और उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई है. उन्होंने मोदी कैबिनेट से इस्तीफा भी दे दिया.दरअसल पशुपति पारस भतीजे चिराग को बीजेपी से मिल रही तवज्जो से लगातार असहज महसूस कर रहे थे. कुछ दिन पहले उन्हें इस बात की भनक लग गई थी कि उनकी पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं मिलने जा रही है. इसके बाद पशुपति कुमार पारस पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई. बैठक के बाद उन्होंने कहा,हम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करते हैं कि हमारे पांचों सांसदों पर विचार करें. हम सूची का इंतजार करेंगे.इतना ही नहीं उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा,अगर हमें उचित सम्मान नहीं दिया गया, तो हमारी पार्टी स्वतंत्र है और हमारे दरवाजे खुले हैं. हम कहीं भी जाने को तैयार रहेंगे.अब जब सीटों के बंटवारे का ऐलान हो गया है तो उनकी नाराजगी भी खुलकर सामने आ गई. बताया जा रहा है कि इस फैसले के बाद ही पशुपति पारस नाराज हैं और महागठबंधन के साथ जाने की संभावनाओं पर भी विचार कर रहे हैं. चिराग पासवान को इस बार पांच लोकसभा सीटें मिली हैं जिनमें वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई शामिल हैं. ये सभी सीटें लोजपा के पास हैं जिसके मुखिया पशुपति पारस हैं. दरअसल रामविलास पासवान के निधन के बाद लोजपा में फूट पड़ गई थी.पार्टी में फूट पड़ने के बाद लोजपा के दो गुट हो गए जिनमें एक गुट के मुखिया पशुपति पारस हैं और दूसरे गुट के मुखिया चिराग पासवान हैं. चिराग पासवान फिलहाल खुद जमुई से सांसद हैं. वहीं लोजपा के अन्य सांसदों की बात करें तो हाजीपुर सीट से पशुपति पारस, खगड़िया से महबूब अली कैसर, वैशाली से वीना देवी और समस्तीपुर से प्रिंस राज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद हैं. दरअसल, ये सारा खेल एक सीट पर लड़ने की जिद के कारण बिगड़ गया. पशुपति पारस हाजीपुर सीट मांग रहे थे, जबकि यही सीट चिराग पासवान भी मांग रहे थे. हाजीपुर वही सीट है, जहां से चिराग के पिता रामविलास पासवान 9 बार लोकसभा सांसद रहे थे. 2019 में पशुपति पारस यहां से पहली बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे.दिवंगत रामविलास पासवान वैसे तो 1969 में राजनीति में आ गए थे. लेकिन पूरे देश ने उनका नाम 1977 में तब सुना, जब उन्होंने यहां रिकॉर्ड बना दिया. 1977 के चुनाव में रामविलास पासवान ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था. उस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को सवा चार लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था. ये पहली बार था जब किसी नेता ने इतनी बड़ी जीत हासिल की थी. ये जीत इतनी बड़ी थी कि उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज किया गया. इसके बाद हाजीपुर सीट पर रामविलास पासवान का दबदबा बन गया. 1984 और 2009 का चुनाव छोड़कर वो बाकी सभी चुनावों में यहां से जीते. वो यहां से 9 बार सांसद रहे. आखिरी बार रामविलास पासवान ने 2014 में यहां से लोकसभा चुनाव लड़ा. इसके बाद वो राज्यसभा में चले गए. 2019 में उनके छोटे भाई पशुपति पारस यहां से सांसद बने.हाजीपुर सीट से रामविलास पासवान नौ बार सांसद रहे हैं. हाजीपुर सीट रामविलास पासवान की पहचान से जुड़ी है.रामविलास पासवान खुद को दलितों का बड़ा नेता साबित करने में कामयाब रहे थे. और इसी के बूते उन्होंने साल 2000 में अपनी खुद की लोक जनशक्ति पार्टी भी बनाई. बिहार से निकलकर रामविलास ने दिल्ली तक अपनी पहुंच बढ़ाई. जब वो केंद्र में रेलमंत्री थे, तब उन्होंने हाजीपुर में रेलवे का रीजनल ऑफिस भी खुलवाया. इससे उनकी छवि काम करवाने वाले नेता की बन गई. लेकिन अब जब रामविलास पासवान नहीं हैं, तो उनकी हाजीपुर सीट पर चाचा पशुपति पारस और भतीजे चिराग ने दावा ठोक दिया. पशुपति पारस यहां से मौजूदा सांसद हैं, जबकि चिराग अभी जमुई सीट से सांसद हैं. रामविलास पासवान की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए ही दोनों हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं. अब चूंकि साफ हो गया है कि पशुपति पारस को एनडीए ने ये सीट नहीं दी है.पशुपति पारस कई मौकों पर कह चुके हैं कि वो किसी भी कीमत पर हाजीपुर सीट से कोई समझौता नहीं करेंगे. बताया जाता है कि एनडीए उन्हें समस्तीपुर सीट देने को तैयार था, लेकिन पशुपति हाजीपुर की जिद पर ही अड़े रहे. और आखिरकार यही जिद उन पर भारी पड़ गई.

चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है

पहली बार मतदाता बने युवाओं की लोकतंत्र के उत्सव में बड़ी भूमिका

नीरज चोपड़ा

> चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं।

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं-वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में, ''भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।' लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के

युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरुकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है। यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें।

दृष्टि कोण

डर कर काम करता है सरकारी तंत्र

सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए, किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निर्धारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है, सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है। कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरू से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16518 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था। इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

कुछ अलग

मैं निठल्ला नहीं बैठा हूं...

देखिए जनाब! मुझ पर आप लाख तरह के आरोप लगा सकते हैं, लेकिन यह आरोप बिल्कुल नहीं लगा सकते कि मैं कुछ कर्ता-धर्ता नहीं हूं और निठल्ला बैठा सरकार की सब्सिडी खाता रहता हूं। ऐसा आरोप मैं बिल्कुल नहीं सुन सकता। पचास-साठ लोग एक साथ मिलकर कहें तो भी नहीं सुन सकता। पहली बात तो यह है कि मेरे सारे खाते सील हैं। उनमें सब्सिडी आ ही नहीं सकती। दूसरा, मेरे पास सब्सिडी खाने की फुर्सत ही नहीं है। मैं दिन-रात व्यस्त ही बहुत रहता हूं और ऊपर से आप यह तोहमत लगा रहे हैं कि मैं निठल्ले बैठा रहता हूं। ऐसा भला हो भी कैसे सकता है? जिस तरह देश आजाद होने के बाद से लीडर लोग निठल्ले नहीं बैठे हैं, धर्म के ठेकेदार निठल्ले नहीं बैठे हैं, कबूतरबाज निठल्ले नहीं बैठे हैं, जमाखोर निठल्ले नहीं बैठे हैं, कुछ न कुछ कर ही रहे हैं, उसी तरह मैं भी निठल्ले थोड़ी बैठा हूं। कोई शक है तो मेरी आउटपुट देख लो। जब से इस दुनिया में आया हूं, कुछ न कुछ कर ही रहा हूं। चाहो तो थानों का रिकॉर्ड चेक कर लो। विजिलेंस वालों से पूछ लो। गुंडों, बाहुबलियों से पुष्टि करवा लो। छत्तीस सौ मामले मेरे खिलाफ चल रहे हैं। पचासों एफआईआर दर्ज हैं। दर्जनों घोटाले किए हैं। छेडख़ानी के मामले अलग से हैं। यहां तक कि सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने में भी कहीं कोई कसर बाकी नहीं रखी। आम आदमी से पूछ कर देख लो। वह ही आपको बता देगा कि हमने डंके की चोट पर फलां फलां की जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे हैं और फलां फलां को झूठे मामलों में अंदर करवा रखा है। इतने सारे काम निठल्ले बैठकर थोड़ी हो सकते हैं। कमाल है। फिर भी आप मुझ पर शक कर रहे हैं कि मैं निठल्ला बैठा हूं। कुछ कर नहीं रहा। क्या जो मैंने अब तक किया, वह किसी काम की श्रेणी में नहीं आता? क्या निठल्ला आदमी इतने काम कर सकता है? क्या पुलिस और लीडरों से सेटिंग निठल्ले बैठे हो जाती है! अगर पुलिस और लीडरों को कोई काम नहीं है तो इसका मतलब यह थोड़ी है कि मुझे भी कोई काम नहीं है! अपनी फैक्टरी में जो नकली खाद तैयार करता हूं, क्या वह कोई काम नहीं है? अपने बेटे के नाम पर चली दूसरी फैक्टरी में जो नकली दवाई तैयार करता हूं, तो क्या वह कोई काम नहीं है? क्या दोनों फैक्टरियां ऐसे ही चल रही हैं? अगर मैं निठल्ला होता तो घर में इतने नौकर चाकर कहां से होते? पत्नी की उंगलियों में इतनी रत्नजड़ित अंगूठियां कहां से आती! बाहुबली मेरे अंग संग क्यों रहते? उनके खर्चे मैं कहां से पूरे करता! विदेशी बैंकों में मेरे लॉकर कहां से होते? होटलों और क्लबों में जाकर इंजॉय कैसे करता? देसी और विदेशी सुंदरियां मेरी संगत क्यों करती? अधिकारी लोग मेरे घर में महंगे महंगे गिफ्ट लेकर क्यों आते! इतने सारे काम मैंने शुरू कर रखे हैं कि मैं निठल्ला बैठ ही नहीं सकता। अगर बैठ गया तो विरोधी कल को मेरे यहां रेड करवा देंगे। मुझे ऐसी असंवैधानिक चीजों से बहुत डर लगता है। मैं इनसे बचने की योजनाएं हर वक्त बनाता रहता हूं। निठल्ला तो बिल्कुल नहीं बैठता। लेकिन मेरे पास तो गप्पें मारने की भी फुर्सत नहीं है। इतने लोग सलाह लेने आते हैं कि कोरी गप्प मार कर अपना कीमती समय बर्बाद करने का टाइम ही नहीं मिलता। इतना बिजी हूं कि मुझे तो भगवान का नाम लेने का भी टाइम नहीं मिलता। सुबह उठते ही भगवान से क्षमा याचना करके कह देता हूं कि मेरी व्यस्तताओं को समझें और फिजूल में बुरा न मानें। भगवान को भी मालूम है कि मैं कभी निठल्ला नहीं बैठता। देश हित में कुछ न कुछ करके अपना हित साधता ही रहता हूं। कोई और काम न हो तो समाज सेवा कर लेता हूं। क्या समाज सेवा निठल्ले आदमियों के बस की बात है? फिर भी आपको शक है तो एक बात बताओ।

देश दुनीया से

विद्यार्थियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम

> शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है।

वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर

खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करते थे। छात्र विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था।

आप का नजरीया

एक देश, कई चुनाव

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी रपट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रपट व्यापक विमर्श का महादस्तावेज है, लिहाजा यह संदेह करना कि देश में एक ही पार्टी काम करेगी या 2029 के बाद देश में चुनाव ही नहीं होंगे, फिजूल और पूर्वाग्रह है। करीब 7 माह के दौरान 65 बैठकें की गईं, 11 रपटों का अध्ययन किया गया और 21,558 लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई। उनमें से 80 फीसदी से अधिक लोग 'एक देश, एक चुनाव' के समर्थन में थे। विशालकाय रपट 18,626 पन्नों की है। गौरतलब यह है कि देश के चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों- जस्टिस दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, शरद अरविंद और यूयू ललित- ने 'एक चुनाव' का समर्थन किया है। उच्च न्यायालय के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों में से सिर्फ तीन ही विरोध में थे। जाहिर है कि कानून और संविधान के विशेषज्ञों का प्रचंड बहुमत 'एक चुनाव' के पक्ष में है। समिति ने 47 राजनीतिक दलों का पक्ष भी जाना, तो 15 दलों ने विरोध जताया। उनमें कांग्रेस, सीपीएम, बसपा, आप सरीखे राष्ट्रीय दलों समेत तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीआई, ओवैसी की पार्टी, एमडीएमके, नगा पीपुल्स फ्रंट, सीपीआई (एमएल) और सपा आदि क्षेत्रीय दल भी नई व्यवस्था के खिलाफ हैं। जाहिर है कि वे मौजूदा सत्ता-पक्ष भाजपा-एनडीए के विरोधी हैं, लेकिन क्या 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के समर्थन को खारिज किया जा सकता है? याद रहे कि कांग्रेस ही उस समय देश पर राज कर रही थी, जब 'एक चुनाव' ही होते थे। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। यह दीगर है कि तब संसाधन कम चाहिए थे और मतदान मतपत्रों के जरिए होते थे। अब मौजूदा आम चुनाव में ही 10 लाख से अधिक ईवीएम लगाई जाती हैं और 1.5 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव ड्यूटी देते हैं। सुरक्षा बलों की तैनाती इनसे अलग है। जाहिर है कि 'एक चुनाव' की स्थिति में ईवीएम ही 40 लाख के करीब चाहिए और सिर्फ दो कंपनियां ही देश में ईवीएम बनाती हैं। उनका उत्पादन औसत भी 4 लाख सालाना से कम है। चूंकि नई व्यवस्था 2029 के आम चुनाव से लागू करने की बात कही जा रही है, लिहाजा यह इतनी सहज और आसान व्यवस्था नहीं होगी कि देश में 'एक चुनाव' ही होने लगें। सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तो यह है कि 'एक चुनाव' को शुरू करने के लिए संविधान में 18 संशोधन करने होंगे। संसद में कोई भी संविधान-संशोधन दो-तिहाई बहुमत, यानी 362 सांसदों के समर्थन, से ही संभव हो सकता है। हालांकि कुछ संशोधनों के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य नहीं है। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार चुनाव आयोग को है। इसके लिए अनुच्छेद 325 में बदलाव करना होगा। अनुच्छेद 324-ए में बदलाव करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी आम चुनाव के साथ कराए जाएंगे। अनुच्छेद 368-ए के तहत ऐसे संविधान संशोधन बिल को 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य होगी। इसी तरह विधानसभा वाले संघशासित क्षेत्रों के लिए अलग से संविधान संशोधन बिल पारित कराने होंगे। दरअसल देश की आजादी के बाद पहला आम चुनाव 1952 में कराया गया।

संक्षिप्त खबरें

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां कान नाक आंख दांत मुंह एवं गार्दन से ऊपर पूरे माथे का निशुल्क जांच डॉक्टर अंजली कुमारी भगत के द्वारा किया गया। जहां महिला पुरुष कुल 40 लोगों ने जांच करवाई। तथा सभी को निशुल्क दवा दिया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर सत्य प्रकाश स्वास्थ्य कर्मी बिरेंद्र कुमार दांगी के साथ अन्य उपस्थित थे।

होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मानने को लेकर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक प्रखंड प्रमुख अनिता यादव के अध्यक्षता में किया गया। संचालन महादेव दांगी ने किया। उपस्थित बीडीओ राहुल देव, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता उपप्रमुख प्रितम यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में लोगों ने प्रखंड में होली का त्यौहार शांति पूर्ण मनाने को लेकर बारी बारी से जानकारी देते हुए कहा की शराब पर अंकुश लगाना अत्यंत जरूरी है। शराब का सेवन कर कपड़े भी फाड़ देते है।त्यौहार में अश्लील गाने नहीं बजाने की बात कही। वही थाना प्रभारी ने कहा कि होली में हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।शराब पीकर हुददंगी करने वाले पर कठोर करवाई करने की बात कही। सोशलमीडिया पर अफवाह नहीं फैलाने की अपील की।बलकी त्यौहार के दौरान कीसी तरह का कोई अप्रिय घटना हो तो इसकी जानकारी स्थानीय थाना को देने की बात कही है। बैठक में मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, शशि कुमार गुप्ता, समाजसेवी मुकेश कुमार साव, बिनोद पासवान, राजू गुप्ता, लखन दांगी, कांशी महतो, जितेंद्र भारती, पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह, समेत कई उपस्थित थे।

इंस्पेक्टर उमेश राम ने चलाया मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : सिमरिया थाना के इंस्पेक्टर उमेश राम ने अनुमण्डल कार्यालय के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें मोटरसाइकिल का कागजात एवं ड्राइव लाइसेंस के अलावे हेलमेट का भी जांच किया गया। जांच के दौरान चार पहिया वाहन से लेकर दो पहिया वाहनों को जांच किया गया। जांच में 12 मोटरसाइकिल का कागजात एवं ड्राइव लाइसेंस तथा हेलमेट नहीं पाने पर फाइन के लिए सभी का नम्बर डीटीओ चतरा के पास भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर उमेश राम ने बताया कि लोग वगैर हेलमेट या कागजात तथा लाइसेंस के नहीं चले। दो पहिया चालक और चारपहिया चालक ध्यान दें कि अभी चुनाव की घोषणा की गई है वैसे में आचार सहिंता तथा चुनाव को देखते हुए यह जांच निरतंर जारी रहेगा। मौके पर दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद थे।

प्रजापति महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष बने सियाराम पंडित

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रजापति (कुम्हार) महासंघ टंडवा प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में संपन्न किया गया। सभा की अध्यक्षता सहदेव प्रजापति एवम् संचालक संजय प्रजापति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति, चतरा जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति, हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेंद्र (पप्पू) प्रजापति, चतरा जिला उपाध्यक्ष महावीर प्रजापति, संरक्षक इंद्रु प्रजापति एवम् नंदकिशोर प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से प्रजापति कुम्हार महासंघ के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर सियाराम पंडित (प्रजापति) को न्युक्त किया गया। तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए होली मिलन समारोह कार्यक्रम को समाप्त किया गया। समारोह में मुख्य रूप से मोहन प्रजापति, नरेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मनोज प्रजापति, प्रदीप कुमार प्रजापति, जगदीश प्रजापति, काली कुम्हार, किशोरी प्रजापति, खजांची प्रजापति, दिलीप प्रजापति, सिकंदर प्रजापति, हेमराज प्रजापति, राजेश प्रजापति, छोटू प्रजापति, अनिल प्रजापति, राहुल कुमार, पवन कुमार, योगेंद्र प्रजापति, चतरा जिला सचिव कमलेश प्रजापति, एवम् मीडिया प्रभारी पप्पू प्रजापति, समेत सैकड़ो की संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

होली पर्व को लेकर थाना परिसर में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : शांति व सौहार्दपूर्ण होली पर्व मानने को लेकर टंडवा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव एवं संचालन अंचलाधिकारी राजेंद्र दास ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदायों के बुद्धिजीवी, गण्यमन एवम् जनप्रतिनिधि समेत कई लोग उपस्थित हुए। प्रखंड क्षेत्र में मनाए जाने वाले होली पर को लेकर होने वाले समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण पर्व को मनाने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम, कोयद पंचायत मुखिया किशून राम, समाजसेवी उपेंद्र पांडे, अमानत मियां, रवि कुमार सिंह, समेत प्रखंड क्षेत्र के कई गण्यमान उपस्थित थे।

ईवीएम संचालन से संबंधित कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु बुधवार को चतरा कॉलेज चतरा में कुल 11 प्रखण्ड के पी, पी-1, पी-2, पी-3 पोलिंग कर्मियों का ईवीएम संचालन से संबंधित प्रशिक्षण कुल दो पाली में दिया गया। प्रथम पाली में चतरा, हंटरगंज, प्रतापपुर, पत्थलगडा कुल चार प्रखण्डों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं द्वितीय पाली में कुन्दा, लावालौंग, सिमरिया, कान्हाचट्टी, मयूरहंड तथा ईटखोरी प्रखण्डों से आए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। बताते चले कि दिनांक 21.03.2024 दिन गुरूवार को टण्डवा प्रखण्ड का ही प्रथम एवं द्वितीय पाली में सीसीएल, एनटीपीस एवं अन्य कर्मियों को पी, पी-1, पी-2, पी-3 का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण प्रथम पाली 10:00 से 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 02:00 से 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में आयोजित कर कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह द्वारा लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मारपीट व गाली गलौज मामले में आरक्षी अधीक्षक को दिया लिखित आवेदन

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के पुंडरा गांव निवासी एवं आरबीआई के जवान दिलीप राम पिता हुसैनी राम ने रोल गांव निवासी माधो सिंह एवं पुत्र लव सिह पर मारपीट एवं गाली गलौज के साथ चमार शब्द से अपमानित करने को लेकर सिमरिया थाना, एसडीपीओ सिमरिया, आरक्षी अधीक्षक चतरा को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। लिखित आवेदन में कहा है कि मैं आईआरबी 8 गोड्डा आरक्षी के पद पर कार्यरत हूँ। होली मनाने के लिए मैं पैतृक गांव पुंडरा छुट्टी पर आया हूँ। बीते 19 मार्च को शाम 5:30 बजे मैं बगरा मोड़ जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। पुंडरा से रोल जाने के क्रम में शहीद राजेश गेट के समीप अपनी साइड से जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार रोल निवासी माधो सिंह अपने साइड छोड़ मेरे साइड में मेरे करीब मेरे मोटरसाइकिल से सट गया। और मोटरसाइकिल रोक मुझे हीं माँ को लगा गाली गलौज करने लगे। और कहने लगे कि मेरे तरफ आने का हिम्मत कैसे हो गया ।मुझे चमार शब्द से अपमानित करते हुए अपने पुत्र लव सिह को बुला कर मेरे साथ मारपीट करने लगे । और बोलने लगे कि तुम्हारा हिम्मत कैसे हो गया मेरे सामने खड़ा होने का। तुम्हारा माँ पिता मेरे सामने खड़ा होने का हिम्मत नहीं रखता और तुम कैसे खड़ा हो गया। उक्त मौके पर पुंडरा गांव के हीं शुभम उर्फ भोलू पांडेय, पंकज राम मौजूद थे। मैं आईआरबी का जवान हूँ । इस तरह मेरे साथ मारपीट एवं गाली गलौज किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि आज भी सामंतवादी मानसिकता और जाति प्रथा इनके अंदर भरा पड़ा है।मैं आज भी शोषित महसूस कर रहे है। उक्त दोनों माधो सिंह एवं पुत्र लव सिह पर जांचोउपरांत कानूनी कार्रवाई किया जाय।

नक्शा के आधार पर ही बनाएं अबुआ आवास अन्यथा दूसरा किस्त राशि नहीं होगा भुगतान : शशि कुजूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड के सभी नौ पंचायतों मे अबुआ आवास के 432 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि अचार सहिंता के पूर्व ही उनके बैंक खाते मे भेज दी गई है. बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे कुल नौ पंचायत डाढा, फूलसु, बालूभाँग सिबला, टोटी, अमरवाडीह, गोनिया, साल्वे व बारियातू है. जहाँ सभी नौ पंचायतों मे कुल 445 अबुआ आवास योजना का स्वीकृति दी गई. जिसमे 432 अबुआ आवास लाभुकों को बैंक खाते मे राशि भेज दी गई. अचार सहिंता लगने के कारण 13 लाभुकों का राशि बैंक खाते मे नहीं भेजी गई है.इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड समन्यवक शशि कुजूर ने बताया कि जिन लाभुकों का खाता मे अबुआ आवास योजना का प्रथम किस्त की राशि भेजी गई है उन्हें निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा दिए गए नक्शा के आधार पर ही आवास बनानाहै वहीं कहा कि जो लाभुक अपने हिसाब से बनाएँगे ,वैसे लाभुकों का दूसरे किस्त की राशि नहीं भेजी जाएगी. अबुआ आवास योजना कार्य को ले-आउट के लिए जेई, एई बीएफटी को टैग करने का निर्देश प्राप्त है साथ ही सभी पंचायत सचिव के पास नक्शा उपलब्ध कराया गया है.किसी तरह के कोई परेशानी हो तो लाभुक सीधे संपर्क कर सकते हैं. हर संभव मदद की जाएगी।

भारी मात्रा में डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : एसपी के कुशल नेतृत्व में मनिका पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 82 बोरा डोडा के साथ एक अपराधी राजबीर सिंह 29 वर्ष पिता स्व0 शशिकुमार सिंह, पता सा0 बिरैचामउ, पो0 बल्लापुर, थाना बांगरमउ, जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश। (ट्रक चालक) को गिरफ्तार किया? गया है। वहीं मनिका थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मनिका थाना क्षेत्र के डालटनगंज मुख्य सड़क (हा-39) में वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के क्रम में एक छह चक्का ट्रक रजि0 सं0-P30T-5705 पर भुसा के बोरियों में छुपाकर उत्तर प्रदेश ले जा रहे डोडा के बड़े खेप को बरामद किया गया। डोडा के सभी बोरों की गिनती एवं वजन करने पर कुल 82 बोरो में 1644 किलो ग्राम डोडा पाया गया, जिसे उपर से भुसा के बोरा से छिपाकर रखा गया था। बरामद डोडा का स्थानीय बजार मूल्य 32,88000 / रू0 है। इस

संबंध में मनिका थाना में अनुसंधान की जा रही है। गिरफ्तार चालक द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा अन्य लोगों की मिलीभगत एवं सहयोग से डोडा को उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। जप्त सामानों की विवरणी आईटेल कपंनी का मोबाइल फोन और एक ट्रक प्लास्टिक के 82 बोरों में भरकर रखा हुआ डोडा करीब1644 केजी,15 बोरों में डोडा को छिपाने हेतू रखा पुआल का कुट्टी/भूसा बरामद किया गया। छापामारी टीम में शामिल पुलिस बल वेंकटेश कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह, जयप्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी, मनिका, सत्येन्द्र कुमार, पु0अ0नि0, अनुराग कमार, पु0अ0नि0 अनुप कुमार, पु0अ0नि0, नुनमन मियाँ, स0अ0नि0, कमलेश कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र राम, भीम कच्छप, चाआ1193 मनोज कुमार महतो मनिका थाना सामिल है।

असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी

महुआडाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को आदर्श आचार संहिता की नियम की जानकारी दी।वही अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने लोगो से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने का अपील करते हुए रत्न सिंह ने कहा कि रंगो का त्योहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्योहार है। रमजान एवं होली का त्योहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनाए। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी।साथ ही गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, समाज को जागरूक रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी । कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर लें । असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जोर जबरदस्ती किसी को रंग न लगायें । कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचना दी जाय। वहीं शांति समिति बैठक के बाद सभी अनुमंडल वासियों को होली का अग्रिम बधाई दिया। बैठक में मुख्य रूप से पु 0आनि0 बादल दास, बिहारी जयसवाल, सदर मो इमरान खान, सदर सैक्रेटरी मो आजाद खान, ब्रजमोहन जयसवाल, बिजय जयसवाल, भाजपा सदस्य संजय जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर, फादर दिलीप एक्का, अनिल मनोहर, मो इस्माइल मुखिया उषा कुजूर, मुखिया सुषमा टोप्पो मो हबलु खान, अशोक प्रसाद, दिलीप प्रसाद सहित अन्य दर्जनों गणमान्य एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

मनरेगा कर्मियों को चुनाव कार्य में लगाना जबरदस्ती

बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल फूंक दिया गया है जिसे लेकर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान कार्यो में शामिल किए जाने वाले संभावित सरकारी गैर सरकारी कर्मियों का प्रारंभिक स्तर पर प्रशिक्षण के बाद स्वीप कार्यक्रम के तहत अन्य कर्मियों के साथ मनरेगा कर्मियों को भी मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल करने , उन्हें एस एस टी ,एफ एफ टी के साथ सभी कोषांग के कार्यो में शामिल करने या यूं कहें कि चुनाव प्रचार प्रसार में लगा दिया गया है जिससे कि मनरेगा कार्य प्रभावित होने की संभावना है और यह मनरेगा कर्मियों को चुनाव कार्यो में जबरदस्ती लगाना सरकार के आदेश का अनुपालन नहीं करना है। आगामी चुनाव में मनरेगा कर्मियों को चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल नहीं करने का आदेश जारी करते हुए बताया है कि मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजनाएं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसे निर्धारित समय सीमा के अंदर ही पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उक्त योजनाओं के समीक्षा के क्रम में देखा गया कि योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत काफी कम है। इसलिए मनरेगा कर्मियों से मनरेगा के अलावा अन्य योजनाओं में कार्य नहीं लिए जाएं ताकि मनरेगा अंतर्गत योजनाओं को समय रहते पूर्ण किया जा सके।

दहेज की शीकार बनी मुन्नी, भाई ने लातेहार एसपी को आवेदन देकर किया न्याय की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : दहेज के शिकार हुई मुन्नी कुमारी की भाई ने एसपी को आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि मैं अनिल राम उम्र 24 वर्ष, पिता सुरेश राम ग्राम-निगनी, गाँगुपारी थाना + जिला लोहरदगा का निवासी हूँ। मेरी छोटी बहन मुन्नी कुमारी की शादी वर्ष 2022 में विवेक राम, पिता- पांडू राम ग्राम पूर्णी पल्हेया, थाना-मनिका जिला लातेहार से हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार दान, दहेज देकर शादी किये थे लेकिन कुछ दिन बाद मेरी बहन मुन्नी कुमारी का फोन मेरे पास आया कि मेरे ससुराल वाले दहेज के लिए गाली-गलौज, मार-पीट कर 50,000, (पचास हजार रूपया) माँगने को लेकर प्रताड़ीत कर रहे हैं। इस पर मैं अपने पिता के साथ पूर्णी पल्हेया (मनिका) जाकर परिवार के लोगों के साथ बात चीत कर अपने बहनोई विवेक राम एवं उनके परिवार के लोगों को समझा कर हमलोग अपने घर आ गये।परन्तु मेरी बहन मुन्नी के पति, ससुर एवं सासु मां के द्वारा दहेज की मांग को लेकर मुन्नी कुमारी द्वारा बार बार मेरे पास फोन करवाया जाता रहा। उसके बाद दिनांक 14 मार्च 2024 को मेरे बहनोई विवेक राम ने मेरी बहन मुन्नी कुमारी को साथ लेकर घर ग्राम-निगनी लोहरदगा लेकर आया और बोला कि पचास हजार रुपए दो नहीं तो बहन को अपने घर पर ही रखो आते ही मेरे बहनोई विवेक राम हमलोगों से झगड़ा करते हुए 50,000 रु. कि मांग किया तो हमलोगों ने बोला कि ठीक है, आपको कल पैमा का इंतजाम कर देंगे, फिर दुसरे दिन 15 मार्च 2024 को 35,000 रु नगद बहनोई विवेक राम को देकर बहन मुन्नी कुमारी को विदाई कर दिये। वापस ससुराल बहन के गये दो दिन ही हुए थे की दिनांक 17 मार्च 2024 को समय करीब सुबह 08¬45 बजे मेरी माँ के मोबाइल पर पुर्णी पल्हेया (मनिका) से मेरे बहनोई विवेक राम का फोन आया कि मेरी बहन, मुन्नी कुमारी फॉसी लगाकर मर गई। आवेदन में आगे लिखा है कि मेरी बहन खुद नहीं मरी है बल्कि दहेज की शीकार हुई है। मुन्नी कुमारी कि पति विवेक राम, ससुर पांडू राम,सास नामालूम ने मौत के घाट उतार दिया है। मृतका के भाई ने एसपी को आवेदन देकर मृतका कि न्याय एवं दोषियों पर कार्रवाई कि मांग किया है।

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि होली आपलोग मिलजुल कर शांति पूर्वक मनाये। होली का त्यौहार आपसी भाई चारगी के साथ मिलजुल कर मनाने का त्यौहार है ।सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र महतो ने कहा कि हुड़दंगीयो पर विशेष नजर रखी जाएगी। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर अपनी पैनी नजर बनाये है ।वही बालूमाथ के भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा कि आज होली का त्यौहार हर्सोल्लास के साथ मनाने में लोग खुलकर आगे नहीं आ रहे हैं आप लोग अपने त्यौहार को खूब मौज मस्ती के साथ मनाएं नहीं तो आने वाला पीढ़ी सोशल मीडिया में ही होली समेत सभी पर्व मना कर सीमित हो जाएगा। सेरेगड़ा मुखिया सुरेंद्र उरांव, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, ने भी संबोधित करते हुवे शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की।इस मौके पर सबइंस्पेक्टर गौतम कुमार, अमित कुमार रविदास, सुरेन्द्र महतो, संतदेव कुमार, बसिया मुखिया बिमला देवी, मरंगलोया मुखिया सोनामणि देवी, मुरपा मुखिया अजय टांना भगत, शैलेश सिंह, गिरधारी यादव, श्यामशुन्दर यादव, मो0 नौसाद, अमित कुमार, मो0 आमिर हयात, सुरेन्द्र उराँव, अरुण साव, लालदेव गंझू, त्रिवेणी साव, सहेंद्र राम, कबीर मिया, मनु यादव, रमेश साव, सुनील साव।

बालूभांग के श्रीसामाध से 4.77 किलो अफीम पुलिस ने किया बरामद

बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बालुभाँग पंचायत अंतर्गत श्रीसामाध ग्राम निवासी विमल गंझु पिता जगदीश गंझु के घर से 4.77 किलो अफीम बरामद कर की गई है. इस संबन्ध में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम् ने जानकारी देते हुए बताया कि बालुभाँग के श्रीसमाध गांव मे विमल के घर अफीम गद्दे होने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली थी. सूचना मिलते ही पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व मे छापामारी टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा छापामारी कर अफीम बरामद कर ली गई. साथ ही बारियातू कांड संख्या 16/24 मामला दर्ज कर लिया गया है. छापामारी दल मे थाना प्रभारी राजा दिलावर, सअनि छोटू पंडा सहित थाना शस्त्र बल मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, गुरुवार, 21 मार्च 2024| पेज 08

इनरव्हील क्लब द्वारा 30 से भी अधिक हेलमेट का वितरण निःशुल्क किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : इनरव्हील क्लब ऑफ युवा के द्वारा एक बेहतर पहल की शुरुवात करते हुए झील के समीप युवतियों व महिलाओ को निशुल्क हेलमेट दिया गया ।संस्था के द्वारा 30 से भी अधिक हेलमेट बांटे गए।बताते चले की विगत वर्षो में युवाओं को भी संस्था ने निशुल्क हेलमेट दिया था।इस बाबत अध्यक्ष सुधा वर्मा ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से ये पहल की गई है, इन दिनों युवतियां व महिलाएं काफी संख्या में स्कूटी चला रही है और हेलमेट नहीं पहनती इसी को देखते हुए हम सब ने यह कार्यक्रम रखा ।आने वाले दिनों में और भी हेलमेट बांटे जाएंगे। वही स्कूटी ट्रेनर विनिता खंडेलवाल को भी इनरव्हील क्लब ऑफ युवा की अध्यक्षा सुधा वर्मा ने अपने हाथों से हेलमेट दिया।अध्यक्ष सुधा वर्मा ने बताया कि आप जिन्हे भी स्कूटी की ट्रेनिंग देते है उन्हे प्रेरित करे की हेलमेट जरूर लगाएं।युवतियों ने बताया की संस्था का यह काफी सार्थक प्रयास है।

बड़कागांव थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : होली को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल तथा संचालन चेपा कला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने किया। बैठक में कई लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया और शांतिपूर्वक होली मनाने के लिए लोगों से अपील की गई। अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने कहा कि यह रंगों का त्यौहार है इसे बेरंग नहीं होने दे। परिवार आसपास पड़ोसी के साथ खूब होली खेले शिकायत का मौका नहीं दें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि भाईचारे के साथ होली

मनाये, होली ऐसा खेलें की दूसरे को तकलीफ नहीं हो, नशा और कपड़ा फाड़ होली से लोग दूर रहे। बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने प्रखंड वासियों को शराब से दूर रहने की नसीहत दी है तथा मिलजुल कर शांतिपूर्वक होली मनाने के अपील की है। आगे कहा जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगायें इससे लड़ाई झगड़ा उत्पन्न होता है। त्यौहार में लड़ाई झगड़े से दूर रहें, होली का खूब आनंद ले। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिप सदस्य सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साहू, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, प्रभु महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, रंजीत चौबे, पूर्वी मंडल मंत्री विनोद महतो, बिंदु दांगी, दामोदर मेहता, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश साव, मुखिया प्रतिनिधि असीम अरशद, राजकुमार साव, कृष्णा सिंह, श्रीकांत निराला, लालदेव महतो, कालेश्वर नाथ चौबे, बालदेव महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने 34 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्याम के समक्ष चढ़ाया निशान

हजारीबाग : फागुन के महीने में देश-विदेश से कई श्रद्धालु राजस्थान में विराजमान खाटू श्याम में प्रभु श्री श्याम के दर्शन को पहुंचते हैं। इसी क्रम में हजारीबाग शहर के श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों की टोली रिंगस से 34 किलोमीटर का पदयात्रा करते हुए बाबा श्याम के दरबार में निशान चढ़ाया है। इसके अलावा सदस्यों की टोली मंदिर में अपनी सेवा प्रदान कर रही है। फागुन के मेले में सैकड़ो की तादाद में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर है। साल के 12 महीने में 11 महीने रिंग्स से खाटू श्याम की दूरी महज 18 से 20 किलोमीटर रहती है परंतु मेले के दौरान 34 किलोमीटर की दूरी हो जाती है मंदिर कमेटी के द्वारा भीड़ को कंट्रोल करने के लिए श्रद्धालुओं को थोड़ी तपस्या करनी पड़ती है। मौके पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने कहा कि पूरे साल बाबा श्याम का हजारीबाग में हम लोगों के द्वारा ग्यारस के दिन कीर्तन सहित बाबा के कई कार्यक्रम को आयोजित किया जाता है। हम सभी बहुत ही खुश हैं बाबा श्याम का दर्शन करके सती मंदिर कमेटी ने हमें जो जिम्मेदारी सौंपा है, हम उसे पूरी निष्ठा पूर्वक निभा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बुथ का किया औचक निरीक्षण

बड़कागांव : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एंव विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सुदूरवर्ती क्षेत्र आंगो पंचायत अंतर्गत आंगो, उरेज, अंबा टोला, सोनपुरा विद्यालय में बुथ वेरिफिकेशन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बीएलओ से बुथ से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर विद्यालय में कमरा, शौचालय, बिजली, पेयजल व्यवस्था के अलावा आवागमन के लिए मार्ग कि सुविधा का जायजा लिया। वही लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर डीआईजी सुनील भास्कर के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदलपूरा, अंबाटोला सहित कई स्थानों में चेक पोस्ट बैरियर लगाकर वाहन की चेकिंग और आवागमन कर रहे लोगों पर निगरानी की। मौके पर बड़कागांव थाना नोडल पदाधिकारी आशीष कुमार भगत, बीएलओ के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

नाई समाज के द्वारा मनाया जायेगा होली मिलन समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम टंडा के सिंहवाहिनी मंदिर में आगामी 21 मार्च दिन गुरुवार को बोलियागंज नाई समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में बोलियागंज नाई समाज के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने बैठक कर जानकारी दी कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो एकता का प्रतीक है, समाज के लोग एकजुट होकर होली मनाना है। एक सूत्र में सभी बंधे जिसको लेकर मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

दारू थाना के पास दोपहिया वाहनों की हुई जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

दारू : थाना के समीप एनएच 522 पर रोड सेफ्टी के मद्देनजर बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दारू थाना पुलिस, डीटीओ कार्यालय कर्मी ने दोपहिया वाहनों को रोककर कागजातो सहित अन्य की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले का रोककर चलान काटा गया। इस दौरान करीब 20 से अधिक वाहनों का चालान काटा गया। महेंद्र पासवान इनफ़ोर्समेंट सब इंस्पेक्टर, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट हज़ारीबाग़ ने कहा की हेलमेट पहन कर बाइक चलाए, गाडी की कागज व लाइसेंस रखे, तेज गति से वाहन न चलाए, ट्रिपल लोडिंग न चले और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाए। यह जाँच अभियान जारी रहेगा। साथ ही मो शारीक इक़बाल रोड इंजीनियर एनालिस्ट हज़ारीबाग़ ने कहा की यह सड़क सुरक्षा का अभियान है, बीते महीने सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया जिसमे लोगों को जागरूक किया गया साथ ही बताया गया की क्या जरुरी कागज़ और नियमो का पालन करना जरुरी है। जिससे लोगों में बदलाव भी आए है और लोग नियमो का पालन भी कर रहे है। लेकिन अब भी जो नियमो का उल्लंघन कर रहे है उनका चालान काटा जाएगा।

विवाहित महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : थाना क्षेत्र के सांढ गांव में 21 वर्षीय विवाहित महिला का शव बड़कागांव पुलिस द्वारा बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया। घटना बुधवार अहले सुबह 6.00 बजे की बताई जा रही है। बताया जाता है कि परिवार वाले महिला को इलाज के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। हजारीबाग रेफर करने की बात कही जा रही थी परंतु हॉस्पिटल में ही महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही एसआई अमित कुमार अपने दल बल के साथ 12ः00 बजे दोपहर को सांढ गांव पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना को लेकर मायके वाले राधिका की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगा रहे हैं। वहीं पति हिमांशु ने खुद थाना में जाकर आत्म समर्पण कर दिया। उसने कहा कि पत्नी ने आत्महत्या की है। मामले को लेकर पुलिस से पूछे जाने पर कहा कि सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच की जा रही है। राधिका अपने पीछे दो वर्ष का बेटा छोड़ गई। बताया जाता है कि हरली गांव की राधिका कुमारी तथा सांढ गांव के हिमांशु कुमार के बीच 3 वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग में दोनों परिवार के सहमति से 2021 मे शादी संपन्न हुई थी।

जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह 23 को

हजारीबाग। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग जिला तैलिक समाज राष्ट्रीय पर्व और सनातन धर्म के अनुसार नए साल की शुरुवात को लेकर होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। हजारीबाग जिला तैलिक समाज का बुधवार को तैयारी बैठक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में महासचिव नारायण साव ने 23 मार्च शनिवार को होली मिलन समारोह होने की बात कही। होली मिलन समारोह दीपूगढ़ा सिंचाई विभाग के सामने बिहारी प्रसाद के आवास प्रांगण में किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी गणमान्य लोगों को होली मिलन समारोह में आने का आमंत्रण किया है। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय साव, उपाध्यक्ष राजेंद्र साव, युवा महासचिव रामकिशोर सावंत, नगर सचिव ओम प्रकाश, मीडिया प्रभारी हेमराज साव, महिला अध्यक्ष रेणुका देवी, महिला नगर सचिव शीला साहू, संग्रक्षक शीला देवी, दिलीप कुमार, रघुनंदन साव सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

बरही के भंडारो में नमाज के बाद सामुहिक इफ्तार का आयोजन

बरही : बरही के भंडारो गांव में नमाज के बाद सामुहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। इफ्तार पार्टी भंडारो के सदर जहुर मियां ने दी थी। लोगों ने एक दूसरे को माह ए रमजान की मुबारकबाद दी और अपने गांव पंचायत और देशवासियों के लिए शांति सौहार्द और खुशी की कामना की। इफ्तार पार्टी में अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो कैयूम, पप्पू खान, अब्दुल कयूम, मो शहंशाह, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, इलियास खान एवं भंडारों गांव के रोजेदार शामिल थे।

कुशवाहा समाज के होली मिलन समारोह में शरीक हुए झापा लोकसभा प्रभारी राजकुमार कुशवाहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : कुशवाहा समाज बड़कागांव के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन बड़कागांव कुशवाहा धर्मशाला में बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी राजकुमार कुशवाहा और बब्लू कुशवाहा सम्मिलित हुए जिनका कुशवाहा महासभा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अमन चैन व भाईचारे के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास मनाने का निर्णय लिया। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है हम सभी को इस अवसर पर अमन चैन और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाना है। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी राजकुमार कुशवाहा उर्फ बब्लू कुशवाहा ने सभी से प्रेम भाईचारा का आह्वान करते हुए होली का पर्व शांति एवं सदभावना के साथ मनाने का अपील किया कहा कि होली प्रेम और भाईचारगी को दर्शाता है हमें समाज के विकास और उत्थान के लिए होली पर यह संकल्प लेना है कि समाज की एकजुटता को कायम करते हुए समाज को विकसित समाज बनाएं। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने इस मौके पर कहा कि किसी भी समाज के लिए शिक्षा वह सीढ़ी है जिस पर चलकर विकास की गाथाएं लिखी जाती है।

मिशन होस्पिटल में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला का द्वितीय दिवस हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला दिन बुधवार को द्वितीय दिवस संपन्न हुआ। इसमें निशुल्क ओपीडी परामर्श मरीजों को निशुल्क प्रदान किया गया। जिसमें अस्पताल के सामान्य चिकित्सा विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग हड्डी रोग विभाग, नेत्र विभाग, ईएनटी विभाग एवं मैक्सिलोफेशियल विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक ने बहुमुल्य सेवाएं दी। निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला का प्रथम दिन कुल 520 मरीजों ने मुफ्त उपचार करवाकर चिकित्सकों से उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी प्राप्त किया। इस दौरान हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल, श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में तम्बाकू निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने जरूरतमंद एवं मरीजों का मुह का जांच कर तम्बाकू का सेवन ना करने का लोगों से अपील किया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हजारीबाग में सबसे बड़ा स्वास्थ्य मेला की ओर अग्रसर है। वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों

की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं दें रहें हैं। स्वास्थ्य मेला का पहला दिन कई जरूरतमंद एवं मरीजों ने लाभ लिया। इस पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को काफी राहत भी मिलेगा। मौके पर विशेष रूप से सामान्य चिकित्सा विभाग से डॉ जेके आर्य, डॉ हिमांशु भैया, डॉ आरके अग्रवाल, डॉ शिवम, जनरल सर्जरी विभाग से डॉ उत्कृष्ट कान्त, डॉ कौशर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से डॉ मधुबाला राणा, डॉ मेबल, डॉ मिताली, डॉ बिनीता, बाल रोग विभाग से डॉ रामलखन, डॉ बीरेंद्र कुमार, डॉ चितिज, डॉ समीर, हड्डी रोग विभाग डॉ संजीव हेम्ब्रोम, नेत्र विभाग से डॉ एएन सिंह, ईएनटी विभाग से डॉ किंकर दास, डॉ मधु एवं मैक्सिलोफेशियल/दंत/सौंदर्यशास्त्र विभाग से रिंकी यादव सहित कई डॉक्टर्स व कर्मियों ने अपनी बहुमुल्य सेवाएं दी।

मांडू विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी होगी मजबूत : साजिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड आंदोलनकारी के अग्रणी नेता स्व टेकलाल महतो के पुत्र भाजपा विधायक पूर्व मंत्री जेपी भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस में एक नई ऊर्जा और उत्साह नजर आ रहा हैं।निश्चित तौर पर विधायक जेपी भाई पटेल को कांग्रेस पार्टी में आने से पार्टी और भी मजबूत होगी।भाजपा ने पूरे झारखंड प्रदेश में कोयरी कुर्मी को एक भी लोकसभा प्रत्याशी नहीं बना कर अपमानित किया है।वैसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी एवं इंडी गठबंधन ने जो सम्मान कोयरी कुर्मी के कद्दावर नेता जेपी भाई पटेल देने का कार्य किया वो स्वागत योग्य है ।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर द्वितीय मतदान पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

हजारीबाग। लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर आज 20 मार्च को इंटर साइंस कॉलेज,जबरा में द्वितीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में होने वाली सावधानियों एवं विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही समय समय पर दी जाने वाली प्रशिक्षण को पूरी तरह से अवलोकन करने का निर्देश दिया। मौके पर द्वितीय मतदान पदाधिकारीयों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम एवं वीवी पैट के सभी महत्वपूर्ण अवयवों की जानकारी ट्रेनर द्वारा बताई गई। इसमें प्रशिक्षण प्रभारी निर्भय कुमार एवं जिला मास्टर प्रशिक्षक के रूप में धीरज कुमार, अनिल कुमार पांडे, देवकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

एम्बिशन पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रिजल्ट, वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड के अखाड़ा चौक में स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष हर्ष देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के परीक्षा परिणाम पत्र की घोषणा की गई । कक्षा नर्सरी से अष्टम तक का परिणाम सत प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरन साहू ने सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चों में शिक्षकों और इनके माता-पिता के द्वारा इन्हें अच्छी शिक्षा

के साथ-साथ इन्हें अच्छे संस्कार भी दिया जाए ताकि ये बच्चे आगे चलकर समाज में एक अच्छा आदर्श स्थापित कर सके। इस कार्यक्रम में इस विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि आप सभी माता-पिता चाहते हैं कि आपका बच्चा कक्षा में टॉप करे, एक अभिभावक होने के नाते , इसमें कुछ गलत भी नहीं है। गलत तब है, जब अंकों की यह भूख बच्चे की क्षमता से आगे निकल जाए। अगर आपको पता है कि आपका बच्चा ज्यादा अंक नहीं ला पाएगा, फिर भी दबाव बनाते हैं तो यह बहुत ही खतरनाक है। बच्चा क्या बनना चाहता है? उसे क्या पसंद है? वह क्या करना चाहता है? माता-पिता सिर्फ इसी पर अपना फोकस करें। फिर देखिए, आपके बच्चे के नतीजे आपकी उम्मीदों से भी कहीं बेहतर आएंगे। क्योंकि अंकों का संबंध शैक्षणिक प्रदर्शन से जरूर हो सकता है ,अच्छे अंकों से आप अभिभावक को खुशी मिले, लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि इसका संबंध आपके बच्चों के प्रतिभा से बिल्कुल भी नहीं है।

आर एस बौद्धिक कॉलेज के भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ समाजसेवी सोनू इराकी ने किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : आर एस बौद्धिक इवनिंग कॉलेज के भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सोनू इराकी ने किया। मौके पर सोनू इराकी ने कहा की महाविद्यालय खुलने से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अब सुविधा होगी। उच्च शिक्षण के लिए अब लोगों को रांची और हजारीबाग नहीं जाना पड़ेगा। अब वही पढ़ाई बड़कागांव में ही पढ़ सकते हैं। विद्यालय में तकनीक के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्रदान किया जाएगा। मौके पर कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय के संस्थापक राम सेवक, कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय के प्रिंसिपल मनीषा भारती, स्पोकन डायरेक्टर डेविड कुमार, विकास सर, मोहम्मद तारीख, इमाम साहब, राजेश कुमार महतो, चंद्र राम, लोटन प्रजापति, रामचरण साहू, नागौर प्रजापति, दीपक कुमार भोक्ता आदि उपस्थित थे।

होली,रामनवमी और ईद पर्व को लेकर बरही थाना में हुई शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही थाना परिसर में आगामी होली, रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें मुखिया सहित सामाजिक एवं राजनीतिक जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता बरही एसडीओ जोहन टुडू किया। वहीं संचालन बरही पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। मौके पर बरही एसडीपीओ सुजीत कुमार उपस्थित थे। मौके पर एसडीओ ने कहा कि आगामी महापर्व लोकसभा का चुनाव के साथ साथ होली, रामनवमी, ईद का पर्व है, इन प्रमुख अवसरों पर अप सभी से प्रशासन को पूर्ण सहयोग की अपेक्षा है। होली रामनवमी ईद आपसी सौहार्द से मनाए। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का पालन करें। वहीं उन्होंने कहा कि मतदान करना हर एक नागरिक का कर्तव्य है। लोकसभा चुनाव में सभी लोगों से मतदान करने का आग्रह किया। वहीं एसडीपीओ ने लोगों से अपील किया कि बरही थाना क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना नहीं घाटे इस पर सभी लोग ध्यान दें। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि होली रंगों का पर्व है और रामनवमी पुरुषोत्तम श्री रामलला का जन्मोत्सव है साथ में ईद भाईचारगी का पर्व है,इसे शांति और भाईचारे के साथ मनाने का अपील की। ऐसा किसी तरह का काम नहीं करें जिससे माहौल बिगड़े, कोई भी अशांति या अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कहीं भी कोई घटना घटती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। वहीं बाइक चलाने वाले लोगों को कागजात और हेलमेट पहनकर बाइक चलाने का निर्देश दिया। सभी पंचायत मुखिया से आग्रह करते हुए कहा कि प्रशासन के द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत में बाइक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड/रामगढ़
रांची, गुरुवार, 21 मार्च 2024 | पेज 9

रामनवमी मंगला शोभा यात्रा बजरंग दल को लेकर हुआ समिति गठित

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भुरकुंडा में होने वाले मंगला शोभा यात्रा जो दिनांक 9 अप्रैल को भव्यता के साथ पूरे भुरकुंडा में भ्रमण करेगा जिसका रूट शीतला मंदिर से होते हुए काली मंदिर मैदान तक होगा। उसी निमित पंचायत भवन भुरकुंडा में हुआ समिति गठित।जिसमें सर्व सहमति से अभिषेक पटेल को कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष के पद पर अंजू ठाकुर, रोशन कुमार, महा सचिव शुभम कुमार सचिव आदित्य कुमार तथा सोनू कुमार, सोशल मीडिया सूरज कुमार तथा प्रचार प्रसार देव गुप्ता को बनाया गया। समिति बैठक में बबिता पांडे, अजय पासवान, चमन लाल,पंकज कुमार, श्रवण कुमार चंद्रमनी कुमार, अंगद कुमार, विवेक कुमार, बैजू कुमार उपस्थित थे।

साहू समाज का होली मिलन समारोह आज

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): साहू भवन प्रबंधन समिति रामगढ़ के सानिध्य में गुरुवार को संध्या 6:00 बजे से साहू भवन के प्रांगण में भव्य रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। होली मिलन समारोह की जानकारी देते हुए साहू भवन प्रबंधन समिति के सचिव राकेश गुप्ता उर्फ मंटू ने बताया कि इस बार साहू भवन में पारिवारिक होली मिलन समारोह पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। झारखंड के कई प्रसिद्ध कलाकार होली मिलन समारोह में अपना जलवा बिखेरेंगे एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाएंगे। साहू भवन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा होली मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु प्रयासरत है।

अरगड्डा में बिजली व्यवस्था सुधार पर कर्मियों को सराहा गया

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोलयरी अरगड्डा में बिजली समस्या पर लगातार सुधार को लेकर लोगों में खाता उत्साह और खुशी व्याप्त है, इसे लेकर लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अवसर पर रामगढ़ भाजपा एससी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सूरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की ने बुधवार को बाजार समेत आस-पास के लोगों से बिजली की जरूरत गर्मी में बढ़ने और इसे किस प्रकार ठीक किया जाए इस पर चर्चा की, अवसर पर सभी ने बिजली विभाग के अधिकारी विनय खलको, बिजली टीम के देवनारायण शर्मा, आश्रम बेदिया, रामानंद, मनराज, राजेंद्र के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बधाइयां दिया। कहां की उनकी मेहनत और लगन से बिजली व्यवस्था अरगड्डा में सुचारू रूप से मौसम के विपरीत परिस्थितियों में भी ठीक-ठाक बनी हुई है, साथ ही बिजली विभाग में कई कर्मियों के सेवानिवृत होने के बाद भी उनके कार्य से लोग अभी तक संतुष्ट हैं, आशा जताया है कि आगे भी बिजली व्यवस्था ठीक-ठाक सुचारु रूप से चलती रहेगी। मौके पर रिंकी पटवा, मोहन राम, मुरारी ठाकुर , आदित्य सोनी, उत्तम सागर, कुणाल गुप्ता, कृष्णा पासवान, अंकित आदि उपस्थित थे।

अवैध स्टोन चिप्स लदे तीन एवं अवैध बालू लदे एक हाईवा किया गया जब्त

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 19 मार्च 2024 की रात्रि को जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान के दौरान गोला रामगढ़ मुख्य मार्ग पर एक हाईवा JH 02 Q 6163 (लगभग 700 सीएफटी), रामगढ़ हजारीबाग राष्ट्रीय मार्ग पर दो हाईवा BR 02 GC 8265 एवं BR 02GC 8465 (दोनो में लगभग 800 सीएफटी) तथा बरकाकाना रामगढ़ मुख्य मार्ग पर अवैध बालू लदे एक हाईवा वाहन संख्या JH 02 BM 9201 (600 सीएफटी) को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया जिसके उपरांत चारों हाईवा वाहनों को जप्त कर रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है वहीं जप्त किए गए 4 हाईवा एवं खनिज के विरुद्ध नियमानुसार राज्यसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त के न्यायालय में अनुशंसा कर दी गई है।

पतरातू धनुर वंशी समाज का होली मिलन समारोह

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): संयुक्त जिला इकाई हजारीबाग एवं रामगढ़ धनुर वंशी समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन धनुर्वंशी धर्मशाला नियर बिना टॉकीज पतरातु में किया गया। समारोह की अध्यक्षता संयुक्त जिला अध्यक्ष छकन लाल सिंह एवं संचालन जिला सचिव ब्रजेश सिंह ने किया। समारोह में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष समरेंद्र प्रसाद सह परिवार उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि रामकुमार मंडल उपस्थित हुए।समरेंद्र प्रसाद ने होली पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इस त्यौहार को सभी लोग आपसी मतभेद गिला शिकवा सब भूला कर रंगो भरी होली पर्व को सब हंसी-खुशी मिलकर मनाएं। होली पर्व वास्तविक खुशी का पर्व है इस पर्व में दुश्मन भी दोस्त बन जाते हैं एवं आपसी कलह भूल कर हंसी-खुशी गले मिलकर होली मनाते हैं। होली मिलन समारोह में राजकुमार सिंह, हरिनाथ सिंह,मुनिलाल सिंह,रामलाल सिंह,अवधेश सिंह,भगवन सिंह, गिरजा सिंह,बिट्टू सिंह,परमवीर सिंह,सन्तोष सिंह,उज्वल कुमार, अजय कुमार सिंह,भरत सिंह, दीनदयाल सिंह,देवेंद्र,ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी,सुमन देवी,गीतांजली देवी,प्रियका देवी,सरिता देवी,बिनीता देवी,मालती देवी,सोबंती देवी,सुषमा देवी,दुर्गा देवी,किरण देवी,आशा देवी,सोनू सिंह,रघो सिंह,राजनसिंह राजेन्द्र सिंह,कर्मवीर सिंह,अजीत सिंह,राजकपूर सिंह,देवानंद सिंह सहित हजारों धनुर्वांशी समाज से महिला एवम् पुरूष उपस्थित थे।

मांडू विधायक जेपी भाई पटेल का स्वागत हैं कांग्रेस पार्टी में : सुजीत

पतरातू : कांग्रेस पार्टी पतरातु प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड के माटी के सुपुत और झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी योद्धा सह सांसद स्वर्गीय टेकलाल महतो के सुपुत्र तथा वर्तमान में मांडू विधानसभा से भाजपा के वर्तमान विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है तथा हम सभी पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्य उनका हार्दिक स्वागत करते हैं।और उन्हें बधाई देते हैं।आगे प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि विधायक जे.पी पटेल के कांग्रेस पार्टी में आने से कांग्रेस पार्टी की हजारीबाग लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित हो गई है तथा इनके आने से निश्चित रूप से इसका लाभ कांग्रेस पार्टी को पूरे राज्य में भी मिलेगा बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, डॉक्टर के के शर्मा, अनिल कुमार, संजीव कुमार सिंह, कमलेश राम, संजय सिंह, सुनील महतो, मोहम्मद नईम अंसारी, रामयज्ञ सिंह,आदि थे ।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु
विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई–निविदा संख्या:
TRD-OT-19-TR-GCCIC-23-24
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: "(i) Dhanbad Division - TBR(Turnouts) - 172 sets (ii) GARWA ROAD - BILLI TRR/P-0.908 KM in between MXY-DXN DN (iii) BARKAKANA-GARWA ROAD TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN (iv) BARKAKANA-GARWA ROAD TRR/P-1.720 KM in between HHG CPDR DN (v) BARKAKANA-GARWA ROAD - TRR/P-1.682 KM in between HHG-CPDR -0.952 DN & CTQ-RCGT-0.730 UP (vi) BARKAKANA-GARWA ROAD (BRKA-GHD) TRR/P-1.312 KM(UP & DN) (vii) BARKAKANA-GARWA ROAD - TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN (viii) BARKAKANA- GARWA ROAD - TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN". कार्य समापन की अवधि – (08) छः माह
2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू.97,27,125.49/– (निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य) 3. बीड सिक्युरिटि: रू.1,94,600/– 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तिथि 09.04.2024 को 11:00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 09.04.2024 को 11: 30 बजे 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबन्धक/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/02590/डीएवएन/ईटीआरडी/टी/23-24/48

उरीमारी ओपी में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, हुईदंगियो पर रहेगी पैनी नजर

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी ओपी परिसर में आगामी होली, सरहुल व लोकसभा चुनाव के महापर्व को देखते हुए बुधवार को शांति समिति की बैठक की गई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने की।जहां क्षेत्र के सभी प्रबुद्धजन व समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।वहीं इस बैठक में होली, सरहुल व लोकसभा चुनाव आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं इस बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओ से ओपी प्रभारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि त्योहार के मौके पर हुड़दंगियो पर पैनी नजर रखा जाए व स्पीड गति से बाइक चलाने वाले युवकों पर लगाम लगाया जाए एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों पर भी कार्रवाई कि बात कही गई। जिसपर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिदिन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खासकर होली पर्व के मौके पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं इस बैठक में उरीमारी ओपी के रशिक किस्कू, पावेल सोरेंग, पोंटगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, उरीमारी उपमुखिया सतीश कुमार, डा जीआर भगत,रंजीत करमाली, गणेश राम, कार्तिक मांझी, रैना मांझी,सुखू मांझी,चन्दू जायसवाल, शिकारी टुडू, मनोज सिंह,चुरामन ठाकुर,कुला प्रजापति, राजेन्द्र किस्कू,बासदेव मांझी,शिगू हेम्ब्रोम, वाल्मीकि यादव, श्याम बेदिया, शिबू ठाकुर, बिरजू सोरेन,लखन प्रजापति, महेश करमाली,कर्मवीर सिंह, अजित सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

सीसीएल हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने के लिए झारखन्ड सरकार को धन्यवाद : बुद्धिजीवी मंच

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुद्धिजीवी मंच का एक प्रेस कॉन्फ्रेंस थाना चौक नया नगर बरकाकाना में हुई। कॉन्फ्रेंस में बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों द्वारा झारखण्ड सरकार द्वारा सी सी एल हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने के लिए झारखन्ड सरकार धन्यवाद दिया गया और मिठाइयां बांटी गई। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और सचिव डाश शाहनवाज खान और अन्य पदाधिकारियों संयुक्त रूप में कहा है कि बरकाकाना के दोनों हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने की मांग की जा रही थी अभी एक स्कूल को उत्क्रमित कर प्लस टू स्कूल किया गया है ये खुशी की बात है झारखंड सरकार इसके लिए धन्यवाद के पात्र है। मंच के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के में मीडिया बंधुओं को इस मुद्दे को प्रकाशित कर मांग पूरा करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। हाई स्कूल अपग्रेड होने से क्षेत्र के कम से कम एक स्कूल में अब दसवीं पास होने वाले बच्चों की नामांकन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जब तक श्रीनारायण हाई स्कूल बरकाकाना को उत्क्रमित नहीं किया जाता है हमारा प्रयास जारी रहेगा और हमारी मांग जारी रहेगी। हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित होने से क्षैत्र के गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने में सहायक होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, संयोजक रविंद्र मुंडा, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, प्रवक्ता सुशील कुमार, उपाध्यक्ष सोनी महतो, निशा परवीन, सह सचिव मदन दांगी और मो. रियासत हुसैन, संगठन सचिव कवित्री देवी और रामबिलास करमाली, प्रदीप चक्रवर्ती, शंभू सिंह, सुनील कुमार, रामा ठाकुर, बांटी सिंह, प्रदीप करमाली, श्यामलाल करमाली, मीरा देव, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दिलीप कुमार, आदि मौजूद थे।

खुली खदान सिरका में आग लगने की खबरों के सामने आने पर 6 दिनों बाद प्रबंधन नींद से जागा

झारखंड सरकार की अग्निशमन सेवा आग बुझाने में लगी, डीएमएस निरीक्षण की मिली सूचना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका खुली खदान व आस-पास लगी आग, गैस फैलने की खबरों के सामने आने के बाद 6 दिनों के पश्चात प्रबंधन में एकाएक चेतना जाग उठी है, बुधवार को सुबह से ही झारखंड सरकार की अग्निशमन टैंकर नये कोयल स्टॉक में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रही है, जो न काफी है, केवल खानापूर्ति है, यहां हजारों टन कोयले में आजग लगातार धधकते हुए लाखों रुपए मूल्य के कोयले को राख के ढ़ेर में बदलते जा रही है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खुली खदान में भू-धसान व कोयला स्टॉक में आग लगने की सूचना पर डीएमएस का निरीक्षण होने की चर्चा सामने आई है, इसे लेकर स्थानीय प्रबंधन में सुरक्षा विभाग व अन्य सेफ्टी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा हैं। बतला दे की खुली खदान व अगल बगल आग बढ़ने के पश्चात बिहार कोलियरी कामगार यूनियन(सीटू) के सिरका शाखा उपाध्यक्ष अशोक बेदिया आरसीएमएस के क्षेत्रीय सचिव समसूद खान ने सेफ्टी, सुरक्षा व बचाव के सवालों को लेकर प्रबंधन सिरका-अरगड्डा से इसे रोकने की मांग की थी, जिससे कामगारों की सुरक्षा व्यापक तरीके से सुदृढ़ हो और कंपनी के लाखों रुपए के कोयल आग में जलने से बच सकें, जिससे मजदूरों की मेहनत राष्ट्र की उन्नति में ऊर्जा के क्षेत्र में आगे हो पाए, वहीं दूसरी ओर स्थानीय सिरका प्रबंधन की जर्जर टैंकर का सस्पेंशन खराब होने की बात कही जा रही है, केवल एक अग्निशमन टैंकर से आग बुझाने की खानापूर्ति जारी है, इससे खुली खदान सिरका और कोयला स्टॉक में आग लगातार बढ़ते जा रही है, जो आने वाले दिनों में खतरे का संकेत दे रहा है, जबकि दूसरी ओर स्थानीय प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है।

सौहार्द वातावरण व भाईचारगी से मनाएं होली, हुडदंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : थाना प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रजरप्पा थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें चितरपुर प्रखंड क्षेत्र एवं दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने की और संचालन समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा ने किया बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी के द्वारा होली त्यौहार शांत वातावरण में एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए, होली को लेकर लोगों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किया चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एक्का, अंचलाधिकारी दीपक मिंज ने होली की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी और कहा कि पूरे क्षेत्र में रंग गुलाल के त्यौहार को आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण तरीके से मनाये, मौके पर रजरप्पा थाना प्रभारी ने कहा कि तेज आवाज में डीजे साउंड बजाना सख्त मना रहेगा एवं हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर होंगी,थाना परिसर में भाईचारगी का प्रतीक तिलक होली का आयोजन भी हुआ जो एक दूसरे को रंग गुलाल लगाएं एवं शुभकामनाएं दी ,इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मंजूर खान 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, एएसआई अशोक कुमार, अंचल निरीक्षक सुरेश महली, रविंद्र चौधरी हकीम अंसारी रामकिशन भोक्ता, सेवई मुखिया किरण देवी भुचूगडीह मुखिया सुनीता देवी जमीरा के शेख बहादुर शाह, अयोध्या प्रसाद, तारा प्रसाद ठाकुरदास महतो कई समाजसेवी एवं प्रबुद्ध लोग बैठक में शामिल थे।

भुरकुंडा ओपी में होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : भुरकुंडा ओपी में बुधवार को होली सहित अन्य त्योहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति समिति की बैठक पतरातू अंचलाधिकारी अमित भगत की अध्यक्षता और ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार के संचालन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, पुलिसकर्मी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने होली सहित सभी पर्व और त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को अविलंब दें और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग जरूर करें। बैठक में ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि मेन रोड पर वाहन चालक वाहनों को सड़क पर जहां- तहां न खड़ा करें। इससे जाम की स्थिति बनती है। इसके साथ ही सभी वाहन चालक अपने साथ कागजात जरूर रखें। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। मौके पर पतरातू प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया ब्यास पांडेय, सेंट्रल सौंदा मुखिया तिलेश्वर साव, डब्लू पांडेय, संजीत राम, राजकिशोर पांडेय, जगतार सिंह, प्रदीप मांझी, रोबिन मुखर्जी, संतन सिंह, मुकेश राउत, संजय मिश्रा, लक्खी राणा, बलजीत सिंह, विश्वरंजन सिन्हा, रविंद्र पासवान, संजय वर्मा, राजन करमाली, मो. इमरान, प्रमोद कुमार राम, बाबूलाल नायक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

भदानी नगर ओपी प्रसार मे होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : रामगढ़ जिले के भदानी नगर ओपी में बुधवार को होली, और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति समिति की बैठक पतरातू अंचलाधिकारी अमित भगत की अध्यक्षता और भदानी नगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक के संचालन में हुई। बैठक पुलिसकर्मी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।अधिकारियों ने होली सहित सभी पर्व और त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को अविलंब दें और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस बैठक में मुख्य रूप से ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक एएसआई इतन आशीष तिकी, हेमंश पूति एस आई मनोज ,रामफल मेडिया, पूर्व जगदीश केडिया शंकर द्वरी, बालदेव राम, शहजादा तालिम, नारायण सिंह, रईस आलम, सतीष याउप सामा मो जिलानी होगी, राजेश महतो विजय राम, इलेबर उयंव, राजू मुडा, मोकतार अंसारी, कुणा कुशवाहा आजाउ अंसारी, संकुला, मुखिया आनंद दुबे , रामनाराय आदि उपस्थित थे।

सांसद के नेतृत्व में सोंटई- रुंडई के ग्रामीणों ने ओवरब्रिज से संबंधित परियोजना निर्देशक को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : प्रखंड क्षेत्र में भारतमाता परियोजना के तहत हो रहे फोरलेन सड़क निर्माण के सम्बंध में सोंटई एवं रुंडई गाँव के ग्रामीणों ने ओवरब्रिज निर्माण से संबंधित एक ज्ञापन गिरीडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में भारतमाला परियोजना के परियोजना निर्देशक को सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि ओरमाँझी से जैनामोड़ तक बन रहे फोरलेन सड़क के चैनल संख्या-60+300 पर सोंटई एवं रूंडई गाँव के ग्रामीणों के आग्रह पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाय। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरब्रिज बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुगमता आएगी। यदि ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होता है तो ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है तथा ग्रामीणों कोफोरलेन सड़क पहुँचने के लिए लगभग दो कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ेगी। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करनेवाले ग्रामीणों में दिगंबर महतो, संतोष कुमार महतो, गणेश महतो, मंटू प्रसाद महतो, मोहन महतो, दिवाकर महतो, धनंजय महतो, कलेश्वर महतो, टेकलाल महतो, अशोक कुमार सहित कई अन्य शामिल हैं।

कोलयरी सिरका पुराना कर्मशाला डीजल टैंक का मीटर खराब होने के बाद भारी वाहन हुए खड़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में परियोजना सिरका में उस वक्त उहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब पुराना कर्मशाला डीजल टैंक के मीटर खराब होने से होलपैक और भारी मशीन जैसे वाहनों में डीजल भरना बंद हो गया, समय पर ईंधन नहीं मिलने से कोलयरी का कोयला उत्पादन व ओबी ढुलाई पूरी तरह बाधित हो गया। सूत्रों की माने तो पुराना कर्मशाला डीजल भरवाने के लिए गए करीब पांच होलपैक मशीन वापस आकर न्यू वर्कशॉप के वाहन पड़ाव में खड़े हो गए, खदानों के अंदर एलएनटी मशीन नहीं चली, इससे मार्च माह के कोयला उत्पादन में प्रबंधन को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है, बताया जाता है कि डीजल आपूर्ति के लिए स्थानीय सिरका प्रबंधन ने गिद्दी एक की ओर से 1000 से भी अधिक लीटर डीजल मंगवाने के लिए व्यवस्था कर रहे थे, प्रथम पाली में केवल 10 ट्रीप कोयला का उठाव हो पाया था, समाचार लिखे जाने तक कोलयरी सिरका में उत्पादन कार्य में लगे भारी वाहन डीजल अभाव के कारण खड़े थे। इस संबंध में बिहार कोलयरी कामगार यूनियन(सीटू) के सिरका शाखा सचिव शत्रुधन बेदिया ने कहा कि प्रबंधन की अव्यवस्थित प्रणाली के कारण डीजल टंकी मीटर खराब हो गया, इससे कोयला उत्पादन को नुकसान हुआ है, जर्जर मशीनों को ठीक कर प्रबंधन उत्पादन पर ध्यान दें।

9 अप्रैल को निकलेगा भव्य मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा : दीपक मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार संध्या रामगढ़ सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर में श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमे महासमिति के संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर,महासचिव तुलेश्वर पासवान,उपाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थें।सर्वप्रथम महासमिति का नेतृत्व दिए जाने पर नवनयुक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने पूरे रामगढ़वासियों एवं समिति के सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप सभी ने मुझ पर जो भरोषा जताया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा । साथ हीं उन्होंने बताया की महासमिति ने आगामी 9 अप्रैल को रामगढ़ शहर में भव्य मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है जिसमे पूरे जिले के सभी अखाड़ा,झांकी समिति और हिंदू संगठन सम्मिलित होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा की मंगला जुलूस एवं झांकी शांतिपूर्ण तरीके से निकले इसके लिए हमारे महासमिति के सदस्य वोलंटियार्वके रूप में प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम के संपन्न होने तक पुलिसकर्मियों के साथ तैनात रहेंगे। साथ हीं उन्होंने कहा की महासमिति के सदस्यों द्वारा मुझे अध्यक्ष चुने जाने के बाद से कुछ लोग भ्रम की स्थिति पैदा कर रहें है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा की बैठक में लगभग सभी अखाड़े और झांकी के पदाधिकारियों की उपस्थिति थी और समिति के संरक्षक,संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष एवं सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा मेरा नाम प्रस्तावित किया गया जिसका सभी ने निर्विरोध समर्थन किया था।साथ हीं उन्होंने बिना नाम लिए कहा की पूर्व अध्यक्ष का जो भी बयान आ रहा है वो हिंदू एकता के हित में नहीं है और इसमें बदलाव करने की अपील करते हुए उन्हें भी महासमिति के निर्णय से सहमत होना चाहिए जिससे की समाज में एक अच्छा मैसेज जाए।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 21 मार्च 2024 | पेज 10

टीएमसी नेता मुख्तार ने जनसंपर्क पदाधिकारी को दी बधाई

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने नवनियुक्त मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका काफी गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री खान ने बताया की इस मुलाकात के दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई। कहा की जनसंपर्क पदाधिकारी से मिल कर उन्हें काफी अच्छा लगा। वे काफी मृदुभाषी और अच्छे स्वभाव के धनी हैं।

भाजपा कार्यकर्ता को पुत्र शोक, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने दिया सांत्वना

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत के ग्राम खैरगढ़वा निवासी भाजपा कार्यकर्ता सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा का 15 वर्षीय पुत्र श्रीकांत वर्मा का सोमवार दोपहर रांची स्थित एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक विगत एक वर्ष से बीमार चल रहा था। शाम को रांची से पार्थिव शरीर को गांव लाया गया, जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन करने के लिए खैरगढ़वा पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवारजनों को हिम्मत बंधाया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि प्रशासन देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि बबलू मंडल, पूर्व मुखिया टुपलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम तरवे, पूर्व मुखिया कृष्ण, राज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

फागुन महोत्सव को लेकर सांवरो सेठ की निकली निशान पदयात्रा

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : फागुन महोत्सव को लेकर बुधवार को सांवरों सेठ संघ के तत्वाधान में बुधवार को प्रातः 5 बजे कतरास राणी सती दादी मंदिर कतरास के प्रांगण से श्री सांवरो सेठ निशान पद यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास नदी किनारे सूर्य मंदिर, सिजुआ, लोयाबाद, करकेन्द, केंदुआ होते हुए श्री श्याम मंदिर झरिया धाम पहुंची। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा में भारी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे चल रहे थे। निशान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

भारत के सबसे बड़े व सबसे भरोसेमंद ओटीसी एंटेसिड ब्रांड ईनो ने भारत में ईनो च्यूई बाइट्स को लॉन्च किया

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के अग्रणी डाइजेस्टिव ब्रांड, ईनो ने अपनी तरह का पहला चबाने वाला एंटेसिड, 'ईनो च्यूई बाइट्स' पेश किया है, जो दो स्वादिष्ट फ़्लेवर, टैंगी लेमन और ज़ेस्टी ऑरेंज में उपलब्ध है।ईनो पाँच दशक से ज्यादा समय से लाखों लोगों का एक भरोसेमंद साथी है, जो एसिडिटी से तुरंत राहत देता है। नए ईनो च्यूई बाइट्स ग्राहकों की मुख्य ज़रूरत को पूरा करते हैं, और सुविधा एवं आसानी से उपलब्ध हैं। अब चाहे एयरपोर्ट हो, स्टेशन हो, रेस्टोरेंट हो या मॉल, किसी भी जगह एसिडिटी महसूस होने पर बस ये नए स्वादिष्ट चबाने वाले बाइट्स चबाएं और ईनो के भरोसे के साथ तेज़ी से एसिडिटी दूर भगाएं।ईनो च्यूई बाइट्स प्राकृतिक तत्वों से बने हैं। इनमें 1000 मिलीग्राम खटिका चूर्ण की शक्ति है, जो 1 मिनट के अंदर एसिडिटी से राहत देती है। ईनो च्यूई बाइट्स पेट के लिए हल्के हैं, और इनका सेवन वयस्क एवं 12 साल से बड़े बच्चे कर सकते हैं। यह तीन आकार के पैक - सिंगल पिलो पाउच, 10 बाइट्स के पैक और 30 बाइट्स के पैक में उपलब्ध है।

महिला बूथ की कर्मियों के लिए रहेगी विशेष वाहनों की व्यवस्था

फ्लाइंग स्क्वाड टीम के पास रहेंगे जीपीएस युक्त वाहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने वाहन कोषांग की समीक्षा की। इसमें मतदानकर्मियों के लिए वाहनों की आवश्यकता सहित अन्य विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि धनबाद में 47 महिला बूथ है। मतदान के दिन इसमें महिला कर्मी उपस्थित रहेगी। महिला कर्मियों की सुरक्षा के लिए उनको बूथ तक पहुंचाने और मतदान संपन्न कराने के बाद वापस लाने के लिए विशेष वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में उपायुक्त ने पोलिंग पार्टी, माइक्रो ऑब्जर्वर, छोटे वहनों की आवश्यकता, वाहनों में ईंधन के लिए पेट्रोल पंप चिह्नित करने, बस के ड्राइवर व कंडक्टर के मोबाइल नंबर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पोलिंग पार्टी के साथ साझा करने, व्हीकल मोनिटरिंग सिस्टम (वीएमएस) में वाहनों की इंट्री करने, रूट चार्ट के अनुसार वाहनों को ईंधन की आपूर्ति करने तथा फ्लाइंग स्क्वाड टीम को जीपीएस युक्त वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के लिए तीन डिस्पैच सेंटर से मतदान सामग्री विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए डिस्पैच की जाएगी। वाहन कोषांग तीनों सेंटरों पर टीम बनाकर मतदान सामग्री का सुगम डिस्पैच सुनिश्चित करे। वहीं बस के चालक व कंडक्टर तथा अन्य वाहन चालकों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए पोस्टल बैलट कोषांग से समन्वय स्थापित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान की प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने के लिए रियल टाइम के अनुसार मतदान सामग्री का डिस्पैच व रिसीविंग की प्लानिंग तैयार करे। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अभय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, परिवहन विभाग के नरेश कुमार, कमलेश कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला अंतर्गत लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्र मे शत प्रतिशत मतदाताओ के द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत समाहरणालय परिसर से की गई।

जिसकी शुरूआत बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया। साथ ही मतदान के प्रति लोगों जागरूक करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी वरीय पदाधिकारियों ने सेल्फी भी ली।इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा की पूरे जिले मे स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओ को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जा कर लाभुक संपर्क अभियान चलाया। इस बीच केंद्र सरकार के जनहित योजनाओं एवं कार्यों को लोगों के सामने रख कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। मौके पर बाराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ प्रसाद यादव, मंझीलाफीह मुखिया सतेंद्र राउत, भाजपा नेता मुंशी यादव, रामकृष्ण वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

लोकसभा चुनाव को लेकर झामुमो ने उत्सव उपवन में की बैठक, चुनाव जीतने की बनाई रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : बुधवार को गिरिडीह लोकसभा सीट में जीत की रणनीति बनाने को लेकर उत्सव उपवन में जेएमएम की बैठक हुई. बैठक में मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद सरफराज अहमद, गिरिडीह लोकसभा के संभावित प्रत्याशी और टुंडी विधायक मथुरा महतो, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के साथ जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह शामिल हुए. इस दौरान बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे. सदर विधायक सोनू ने कहा कि जिस

सांसद को दिल्ली, रामगढ़ और रांची से फुर्सत नहीं, पांच साल में जिसने गिरिडीह की तरफ सही से देखने का वक्त तक नहीं निकाला, अब उन्हें दूसरी बार भाजपा गठबंधन धर्म का पालन करते हुए एनडीए से चुनाव लड़ रही है. हालात साफ है कि आजसू नेता और गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नाम पर गिरिडीह के भाजपा मतदाता भी घरों से निकलने में परहेज करेंगे. ऐसे में इसका पूरा फायदा जेएमएम के एक एक कार्यकर्ता को उठाना है और भाजपा मतदाता को इंडी गठबंधन के लिए समर्थन दिलाना है.राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि उन्हें इस बैठक में सिर्फ इंडी गठबंधन और जेएमएम के ही नेता दिख रहे हैं और ये दृश्य आनेवाले हर चुनाव में दिखे, इसके लिए ग्राउंड लेबल पर काम करने की जरूरत है. इधर बैठक को टुंडी विधायक मथुरा महतो ने भी संबोधित किया. वहीं बैठक में अजीत कुमार पप्पू, प्रमिला मेहरा, गीता हाजरा, शाहनवाज अंसारी, सईद अख्तर, रॉकी सिंह, राकेश रंजन, टुन्ना सिंह, कुमार गौरव समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बढ़ी हुई बिजली दर सरकार वापस ले : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की झारखंड सरकार के द्वारा बिजली बिल में बढ़ोतरी करने का निर्णय पर सरकार एक बार फिर से पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा की बिजली दर में बढ़ोतरी करने का यह उचित समय नहीं है। एक तरफ चुनाव के पहले केंद्र सरकार तरह तरह की सुविधा देने की लुभावना घोषणा कर रही है, वही झारखंड सरकार की ओर से चुनाव के समय बिजली दर में बढ़ोतरी करने की घोषणा कहीं से भी उचित नहीं है। फिलहाल अभी उसे कम से कम स्थगित करने की घोषणा तो कर ही सकते हैं। सरकार ने बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं जो घोषणा के आधार पर लागू भी की है, जैसे अबुआ आवास, आंगनबाड़ी के बहनो को, सेविकाओं को विद्यालय में बच्चों को दूध और अंडा देने की घोषणा, बहुत ही लाभकारी है। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बहुत ही परिपक्व तरीके से सरकार चला रहे हैं लेकिन लगता है कि अधिकारी साथ नहीं दे रहे। इसलिए जो अधिकारी काम नहीं कर रहे उन पर भी नजर रखने की जरूरत है।

धनबाद : झरिया के बूथों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज मटेरियल कोषांग की समीक्षा की। उन्होंने धनबाद एवं झरिया के एईआरओ को उनके क्षेत्र के सभी बूथ का भौतिक सत्यापन करने और बूथ में पानी, बिजली, लाइट, पंखा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी मिलने पर उसकी सूची बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं मतदान के दिन ईवीएम के त्रुटि रहित संचालन के लिए उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को ईवीएम की अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

पत्रांकः– 394हजारीबाग/दिनांकः– 19/03/2024

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 365 दिनांक 15.03.2024 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID /HAZARIBAG/F2-34/2023-24 पी0आर0 न0–322923 Minor Irrigation (23-24)_D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 323172 (Minor Irrigation)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0–2,
राँची।

शुद्धि–पत्र

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का निविदा संख्या–07/2023-24/EE/BCD/DIV-2,RANCHI जिसका P.R. No. 322901 Building (23-24).D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची।

PR 323164 Building(23-24)D

उधना से बरौनी एवं समस्तीपुर के लिए 02 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 02 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनें जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर के रास्ते उधना से बरौनी एवं समस्तीपुर के मध्य चलायी जाएंगी । विदित हो कि इसके पूर्व 67 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है । इस प्रकार अब कुल 69 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनें चलायी जाएंगी ।

1.गाड़ी सं. 09097/09098 उधना-बरौनी-उधना स्पेषल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा-पाटलिपुत्र-हाजीपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 09097 उधना-बरौनी स्पेषल उधना से 21 मार्च (गुरूवार) को 11.00 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 18.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 21.00 बजे बरौनी पहुंचेगी । गाड़ी सं. 09098 बरौनी-उधना स्पेषल बरौनी से 22 मार्च, 2024 (षुक्रवार) को 23.00 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 01.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए रविवार को 10.00 बजे उधना पहुंचेगी ।

2.गाड़ी सं. 09009/09010 उधना-समस्तीपुर-उधना स्पेषल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 09009 उधना-समस्तीपुर स्पेषल उधना से 22 मार्च (षुक्रवार) को 22.10 बजे प्रस्थान कर रविवार को 02.20 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 05.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 09010 समस्तीपुर-उधना स्पेषल समस्तीपुर से 24 मार्च, 2024 (रविवार) को 07.30 बजे प्रस्थान कर 10.20 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए सोमवार को 17.00 बजे उधना पहुंचेगी ।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल
धुर्वा, राँची

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 831 दिनांक– 09.03.2024 से प्रेषित तथा पी0 आर0–321990 Energy (22-23) D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–105/23–24 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

PR.NO.323165 Energy(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
(E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक...../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 223 दिनांक– 11.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-37/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322190 Lohardaga(23-24)D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 323187 Lohardaga(23-24)#D

कोडरमा सीट राजद की परम्परागत सीट रहा है : हाजरा

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

गिरिडीह : कोडरमा लोकसभा सीट राजद की परम्परागत सीट है। जनता बेसब्री से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं युवा सम्राट तेजस्वी यादव के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उक्त बातें प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव ने बुधवार को डाक्टर भीमराव अम्बेडकर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा यादव ने कहा कि कोडरमा की जनता इस बार भाजपा से विकास के नाम पर ठगा महसूस कर रहे हैं जिसके कारण जनता परिवर्तन के मूड में है और इसके लिए हम लोग पूरी तैयारी के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं एवं

जनता से मिलने का कार्य कर रहे हैं। युवा जिला अध्यक्ष मो इरफान आलम ने कहा कि युवा इस बार राजद के पक्ष में मतदान करने को उत्साहित हैं। आलम ने कहा कि तेजस्वी यादव के 17 महीने का कार्यकाल को देखकर सभी लोगों ने मन बना लिया है। महागठबंधन के नेताओं से मांग है कि इस बार कोडरमा लोकसभा राजद की झोली में देने का कार्य करें हम लोग उनकी जीत सुनिश्चित के लिए तैयार हैं। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवानंद हाजरा ने कहा कि गरीब दलित आदिवासी अल्पसंख्यक एवं पिछड़ों का नेता माननीय लालू प्रसाद यादव हैं उनके ही नेतृत्व से कोडरमा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास हो सकता है। कोडरमा से जनता दल के टिकट पर पूर्व सांसद प्रोफेसर मुमताज अंसारी 1991 में विजय घोषित हुए थे। आज भी कोडरमा में राजद का जनाधार मजबूत है।

महागठबंधन नेताओं से मांग करता हूं कि यह सीट राजद को दिया जाय । इस सीट को राजद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुनः महागठबंधन को जीत कर उनके झोली में देने का कार्य करेंगे। इसके लिए हम लोग गांव-गांव जाकर जनता से महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जीत सुनिश्चित करने को लेकर लगे हुए हैं ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
(E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक...../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 217 दिनांक– 11.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-31 /2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322176 Lohardaga (23-24)_D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक सिगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.323179 Lohardaga(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
(E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक...../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 215 दिनांक– 11.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-29/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322152 Lohardaga(23-24)#D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 323177 (Lohardaga)23-24*D

जय श्री राम समिति का होली मिलन समारोह, कार्यकर्ता सह-सम्मान कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जय श्री राम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सह-सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व हिंदू जागरण मंच के संगठन मंत्री डॉक्टर सुमन थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री राम जी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमन के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व डॉ सुमन और अन्य अतिथियों को मांदर और नृत्य करते हुए स्वागत किया गया। मौके पर डॉ सुमन ने कहा जय श्री राम समिति के कार्यकर्ता मेहनती, लगनशील और जुझारू है। किसी भी परिस्थिति में हर वक्त तैयार रहना इनका कर्तव्य ही नहीं लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के बलबूते जय श्रीराम समिति लोहरदगा ही नही बल्कि दूर दूर तक अपना परचम लहराया है। सेवा सत्कार सभी कार्यकर्ताओं के खून में है। वही ऋषि नाथ शाहदेव ने कहा होली मिलन का त्यौहार लोगों के लिए प्रेम लेकर आता है। समिति की ओर से किया गया समारोह बहुत ही सुंदर और उत्कर्ष है। इसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।श्रसह सम्मान कार्यक्रम के पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुरुष जमकर झूमे। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी गई। होली का त्योहार आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात भव्य भंडारे का व्यवस्था किया गया । जिसमे समिति के कार्यकर्ताओ ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव के द्वारा किया गया द्य मौके पर ऋषि नाथ शाहदेव, किशोर साहू, हिंदू जागरण मंच के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, बलदेव साहू, जिला संरक्षक सुषमा सिंह, ओम महतो, परमेश्वर साहू, अनूप गुप्ता, मुरारी सोनी, सूरज ठाकुर, विकास लाल, शुभम कुमार, रामकुमार साहू, आकाश राम, दीपक साहू, नितेश जैसवाल, रोहित, दीपक पासवान, विजय साहू, संजय, बिंदिया देवी, अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, दया सिंह जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत, वार्ड के कार्यकर्ता समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

भंडरा भाजपा मंडल कार्य समिति में समीर उरांव की जीत को लेकर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड कार्यसमिति की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी की अध्यक्षता में प्रखण्ड भाजपा कार्यालय थाना रोड भंडरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राज्यसभा सह लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री समीर उरांव, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोहरदगा विधान सभा प्रभारी अनूप अधिकारी, लोहरदगा लोक सभा बिस्तारक विकास मोदक सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राज्यसभा सह भाजपा के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी श्री समीर उरांव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विकास कर रहा है समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचने के लक्ष्य को माननीय मोदी जी पूरा कर रहे हैं। आजादी के 60 वर्षो तक जो कार्य नहीं हुआ वह कार्य माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। आज हमारा देश विश्व पटल पर नेतृत्व कर रहा है आने वाला समय एक बार फिर हमारा भारत विश्व गुरु बनेगा पूरे विश्व में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा है। विपक्षी दलों को यही देखकर हजम नहीं हो रहा है। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा सभा चुनाव में कैसे हर बूथ मे जीत सुनिश्चित हो अधिक से अधिक मत प्रतिशत भाजपा को कैसे बढ़े उस पर जोर दिया गया। इस बार मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा कर लोहरदगा लोक सभा से समीर उरांव को जितना है यही सोच के साथ कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में अभी से लगे। पंचायत में बैठक कर कार्यकर्ताओं को अपने काम पर लगने को कहा गया।

झारखंड सरकार ग्रीन कार्ड धारकों को राशन मुहैया कराने में फेल : कंवलजीत सिंह

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड में 15 नवंबर 2020 को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बड़े ही तामझाम के साथ ग्रीन कार्ड योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को 1 रुपए में 5 किलो चावल देने की बात की गई। मगर हकीकत यह है पिछले कई महीनों से झारखंड के लगभग ऐसे 15 से 16 लाख कार्डधारियों को चावल नसीब नहीं हो रहा हैं। आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव कंवलजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित लोगों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में ग्रीन कार्ड योजना की शुरुआत हुई। लेकिन दूसरी योजनाओं की तरह इसकी हालत भी खस्ता हैं, अभी वर्तमान में जून 2023 का राशन गरीबों को दिया गया है इसका मतलब लगभग 9 महीने का राशन अभी भी नहीं दिया गया है, राज्य मे यह योजना पूरी तरह विफल है और कहीं ना कहीं गरीबों को सिर्फ घोषणाओं की घूट्टी पिलाने का काम राज्य सरकार कर रही है। खाद्य आपूर्ति मंत्री को इस ओर ध्यान देना चाहिए और जब सरकार के पास राशन ही उपलब्ध नहीं है तो फिर ऐसे राशन कार्ड बनाने की जरूरत ही क्या है।

संघ ने किए गए कार्यों का जल्द भुगतान करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा के प्रेसिडेंट सूरज अग्रवाल ने जिला उपायुक्त को अपना ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा है कि एससीए योजना में किए गए कामों का भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की है। इन संदर्भ में उन्होंने कहा है कि एससीए योजना का लगभग सभी कार्य संवेदकों ने पूर्ण कर रखा है। कार्य की गुणवत्ता की जांच आदि भी हो चुकी है जिसमें सीमेंट, छड़, बालू, मजदूरी, ट्रैक्टर इत्यादि का भुगतान करना बाकी है। सभी संवेदक मानसिक रूप से परेशान है क्योंकि इस समय दो बड़े पर्व होली तथा रमजान का महीना है और कर्जदार काफी परेशान कर रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि सभी की मजबूरी को समझते हुए होली से पूर्व एससीए योजना का भुगतान किया जाए अन्यथा होली के बाद सभी संवेदक की ओर से आंदोलन करने की बात कही जा रही है।

हाथी प्रभावित ग्रामीणों से मिले संदेश एक्का, वन विभाग से की तत्काल मुआवजा देने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : हाथियों के द्वारा जलडेगा प्रखंड के विभिन्न गांवो में ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिलने पर झापा नेता ने प्रभावितो से मुलाकत की। बुधवार को संदेश एक्का करमापानी दिगवारटोली, केरया डांगटोली और पुरनापानी बिरंगाटोली गांव का भ्रमण किया। यहां हाथी द्वारा मचाए गए उत्पात से प्रभावित ग्रामीण लक्ष्मी बड़ाईक, रॉयलेन डांग और देवनिश समद से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली। संदेश एक्का ने हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए वन विभाग से तत्काल मुआवजा देने की मांग की। उन्होने कहा कि खेती बारी का समय में हाथी के द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीणों के समक्ष काफी समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होने कागजी कार्रवाई का कार्य तत्काल करते हुए मुआवजा देने की मांग की ताकि ग्रामीणों को कुछ राहत मिल सके। इधर संदेश एक्का ने ग्रामीणों की अन्य समस्याओ पर भी चर्चा की। मौके पर बाबुराम लकड़ा, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, चिराग बाड़ा आदि उपस्थित थे।

अंचलाधिकारी ने सुपरवाइजर व बीएलओ के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक कर चुनाव सम्बन्धित दिया आवश्यक दिशा निर्देश। अंचलाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची निबन्धन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं का सुविधा के लिये जारी दिशा निर्देश के सम्बन्ध में सुपरवाइजर व बीएलओ को जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ हैं। वैसे मतदताओं के लिये निर्वावह्न आयोग द्वारा बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान का व्यवस्था किया गया है। साथ ही बताया कि कमजोर मतदाता जो मतदान केंद्र तक नही आ सकते उनको मतदान केंद्र तक लाने के लिये टोटो वाहन की व्यवस्था की जायेगी। वही सुपरवाइजर तथा बीएलओ को निर्देश दिया गया कि मतदान के दिन मतदान केंद्र पर मतदताओं के लिये तीन पंक्ति बनाया जायेगा जिसमे महिला,पुरुष और 85 वर्ष से अधिक व दिव्यांग मतदताओं के लिये अलग अलग पंक्ति होगा जिसे मतदाता और मतदान कर्मियों को कार्य मे असुविधा न हो। साथ ही सभी को निर्देश देते हुए कहा कि मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य सुविधा उपलब्ध हो। साथ ही कहा कि मतदाता मतदान करने के लिये आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या जिस पर मतदाता कान पता दर्ज हो वैसे कोई भी पहचान पत्र ला सकते हैं। वही चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार चुनाव से सम्बंधित अन्य जानकारियां दिया गया।

कार्यकर्ता अपने बूथ पर मेरा बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर कार्य करें : सरोज प्रजापति

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा में शक्ति केंद्र वार्ड संख्या 15 में बूथ संख्या 290 और 288 की बैठक संयोजक सरोज प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में नगर महामंत्री सह शक्ति केंद्र सह संयोजक शंकर प्रजापति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरोज प्रजापति ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हम सबों के लिए सभी अपेक्षित कार्य को किया है। इस बार हम सभी कार्यकर्ता मिलकर उन्हें 400 से अधिक सीट जिताने का काम करेंगे। सभी कार्यकर्ता अपने बूथ पर मेरा बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर कार्य करें। नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने कहा कि हर कार्यकर्ता यह सोचकर कार्य करे की मैं खुद चुनाव लड़ रहा हूं। सभी कार्यकर्ता मिलकर प्रण लें कि हर हाल में लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से चुनाव जीताना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालेश्वर सिंह, दुर्गा महतो, राजू प्रजापति, मधु खत्री, शीला देवी, रामू प्रजापति, सुजीत ठाकुर, ऋषिकेश सहदेव, माखन गुप्ता,रवि अग्रवाल, अंकित बैठा, पवन प्रजापति, छोटू महतो, भुवन साहू आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

जन वितरण प्रणाली दुकान में चावल दिवस पर मतदान के प्रति किया गया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बुधवार को जन वितरण प्रणाली दुकान प्रगति महिला मंडल किस्को मोड़ लोहरदगा में जन वितरण प्रणाली के लाभार्थियों, महिला मंडल के सदस्य, आसपास के लोगों को चावल दिवस के अवसर पर स्वीप की माध्यम से मतदान के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें बताया गया कि मतदान हमारे देश का महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए ताकि हम एक अच्छे सरकार को चुन सके और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सके। सभी से अपील की गई कि इस बार मतदान के प्रतिशत को 90 प्रतिशत के पार पहुंचाएंगे। इस मौके पर सभी को मतदान शपथ भी दिलाया गया। आज के कार्यक्रम में अजय कुमार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कृष्ण कुमार गुप्ता जिला समन्वयक पीएमएवाई, प्रशांत कुमार झा एवं स्वीप के कर्मी गण एवं अनेक लाभुक मौजूद थे।

लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र भगत के पक्ष में जनता की अच्छी रुझान : सुनील साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिलाध्यक्ष मो.क्यूम अंसारी की अध्यक्षता में लोकहित अधिकार पार्टी की एक कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुई। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता के लिए एक आंदोलन है। सामाजिक न्याय, देश-प्रदेश की पहली आवश्यकता है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रयास जारी रहेगा। रामचंद्र भगत पार्टी के घोषित लोकसभा प्रत्याशी हैं,इनके प्रति आम जनता की रुझान बहुत अच्छी है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो.अजहर आलम ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता को शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह नि:शुल्क दिलाने के लिए तथा जाति आधारित जनगणना कराने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करती रहेगी। लोकहित अधिकार पार्टी लोहरदगा लोकसभा के उम्मीदवार रामचंद्र भगत ने कहा कि मैं लोहरदगा का धरती पुत्र होने के नाते यहां की समस्याओं से भली भाँति परिचित हूँ। चुनाव जीतने के बाद एक एक समस्याओं के समाधान हेतू पूरी ताकत लगा दूँगा। मौके पर एसथेर लकड़ा, करमीला कुमारी, फिरोज अंसारी, सुनैना कुमारी, विवेक उराँव, सजाद अंसारी, योगेंद्र उराँव, गुड्डु साह, मोजिब खान सुरेश मुंडा, संगीता देवी, देवंती देवी, सुषमा उराँव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

उपायुक्त ने प्रबंधकों को अपने-अपने कार्यालयों में आदर्श आचार संहिता पालन किए जाने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज डीएलसीसी की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रबंधकों को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के दौरान अपने-अपने कार्यालयों में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,ग्राहकों को मतदाता के रूप में मतदान के लिए प्रेरित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा बैठक में वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण स्वराज्य प्रशिक्षण संस्थान की ओर से दिये गये प्रशिक्षणार्थियों व नियोजित की समीक्षा की गई और प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहतर बनाने के निर्देश दिये गये। डीडीएम नाबार्ड द्वारा इस वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों से अवगत कराया गया। आज की बैठक उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आरबीआई के प्रतिनिधि, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदू कुमार समेत सभी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल को ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सड़क दुर्घटना में राइडर मोटरसाइकिल सवार दो घायल जबकि पिकअप सवारी को आई हल्की चोट। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर अरु चौक के समीप हुई सड़क दुर्घटना में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन घायल हो गया। जिसमें दो लोगों का स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है। बताया जाता है कि दोनो वाहन घाघरा की ओर से आ रहा था। तभी पिकअप जे एच 08 बी 1330 वाहन से राइडर मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 9942 ओभर टेक कर रहा था कि पिकअप चालक का बैलेंस बिगड़ गया। और राइडर मोटरसाइकिल को अपने चपेट में लेते हुए विपरीत दिशा में पेड़ से टकराते हुए बचा। दोनो घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के उगरा कटहल टोली निवासी किरपु महली के पुत्र दीपक महली तथा दशरथ महली के पुत्र गुंजन महली के रूप में किया गया। जबकि तीसरा घायल युवक की पहचान नही हुआ। घटना की सूचना प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पँहुच क्षतिग्रस्त राइडर मोटरसाइकिल तथा सवारी पिकअप को जब्त कर थाना लाया गया। और घायलों को इलाज हेतु ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। उपस्थित ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगी का राज्य सरकार ने +2 में किया उत्क्रमण, क्षेत्र वासियों में हर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य के 166 उच्च विद्यालयों का +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण किया गया है। यहां पर लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलगी में संचालित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगी को राज्य सरकार की ओर से+2 में उत्क्रमण किया गया है। इसे लेकर कुडू प्रखंड समेत पूरे लोहरदगा जिला वासियों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के द्वारा जन-जन तक शिक्षा को पहुंचाने हेतु सतत् प्रयत्नशील हैं। इसी निमित्त राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में शिक्षा के महत्वों को बढ़ावा देने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कक्षा 01 से कक्षा 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार प्रयासरत हैं। यहां पर उपयुर्क्त पृष्ठभूमि में राज्य के उच्च विद्यालय को आवश्यकतानुसार +2 विद्यालय में उत्क्रमित करने के लिए राज्य के सभी जिलों से माध्यमिक विद्यालय से +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु निर्धारित अहर्ता के आलोक में प्रस्ताव की मांग की गई थी। जिसके आलोक में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से कुल 265 माध्यमिक विद्यालयों का उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव भेजी गई थी। उक्त प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा हेतु समिति का गठन किया गया था। जिसमें समिति द्वारा समीक्षा के दौरान 166 विद्यालयों को योग्य पाया गया। इधर उक्त 166 उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र के सलगी में संचालित एकमात्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय का नाम राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में शामिल किया गया। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के फैसले को स्वागत किया है और कहा कि विद्यार्थियों के हित में राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए सूची सराहनीय और प्रशंसनीय फैसला है। इधर राज्य सरकार द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगी को+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण किए जाने पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और शिक्षा मंत्री समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य वैद्यनाथ प्रजापति ने कहा कि राज्य सरकार ने लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र के सलगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय को +2 में उत्क्रमण कर क्षेत्र के गरीब पिछड़े वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु काफी सराहनीय पहल कर दिखाया है। उन्होंने इसे लेकर झारखंड सरकार का साधूवाद धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। बहरहाल लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय का +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण किए जाने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा की प्राप्ति हेतु कोशों दूर भागदौड़ करना नहीं पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने युवा कांग्रेसी आकाश सिंह, अरविंद लुगुन व शीतल एक्का को दी बड़ी जिम्मेवारी

आकाश सिंह, अरविंद लुगुन व शीतल एक्का को नियुक्त किया विधायक प्रतिनिधि

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचाने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वित करने के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने युवा कांग्रेस नेता आकाश सिंह, अरविंद लुगुन एवं शीतल एक्का को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक ने अरविंद लुगुन को आत्मा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, पीएचडी, मनरेगा, जन वितरण प्रणाली, पंचायती राज एवं आदिवासी विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वहीं आकाश सिंह को खनन, पथ निर्माण, लघु सिंचाई, थाना, पीएचडी, बाल विकास, गव्य विकास एवं पशुपालन, पेंशन, बिजली विभाग एवं श्रम विभाग का जबकि शीतल एक्का को भूमि संरक्षण, कृषि, भवन, आदिवासी, कल्याण, शिक्षा, जिला परिषद, मत्स्य, सहकारिता, जे एसएल पी एस, आइटीडीए विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का सही तरीके से संचालित करने में सहयोग करने, गांव के अंतिम ब्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया है। विधायक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उन्होंने नवनियुक्त प्रतिनिधियों को चुनाव को देखते हुए क्षेत्र भ्रमण तेज करने का भी निर्देश दिया है। इधर नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधियों को जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, लखन सिंह बिपिन बड़ा, सागर केरकेट्टा, शैलेश कुजूर, अनूप मिंज आदि ने उपस्थित होकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आकाश सिंह, अरविंद लुगुन एवं शीतल एक्का को विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति किये जाने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। सरकार की जनकल्याण कारी योजना गांव के अंतिम ब्यक्ति तक पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि इसका लाभ लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को होगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

श्रीकृष्ण गोशाला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित

गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मानस मंडली विशुनपुर इकाई द्वारा श्रीकृष्ण गौशाला परिसर सोनपुरवा में साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का संगीतमय अखंड पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण गोशाला समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मानस मंडली द्वारा 481 वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम दरबार और श्रीराधाकृष्ण दरबार के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती और शंख ध्वनि भी किया गया। इस अवसर पर मानस मंडली के सदस्यों ने कहा कि मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने घर में करना चाहिए। सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख-शांति की प्राप्ति होती है, विश्व का कल्याण होता है और श्रीहनुमानजी की कृपा से सभी समस्याओं का समाधान होता है। आज के समय में सभी मनुष्य को अपने-अपने घर में प्रत्येक दिन श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये। इसके पूर्व श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने मंडली के सभी सदस्यों का स्वागत किया। मौके पर सचिव दीपक ने कहा कि सुंदरकांड का संगीतमय पाठ से गोशाला परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पूरा वातावरण शुद्ध हो गया है। इस अवसर पर होली गीतों की भी प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारा आयोजित किया गया। मौके पर मानस मंडली के अरुण दुबे, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, अशोक पटवा, द्वारिकानाथ पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, मार्कंडेय तिवारी, सीएस दुबे, आनंद मिश्र, रघुपति सिंह, उमेश सिंह, शेखर सिन्हा, सतीश धरदुबे, मनोज दुबे, सुबोध प्रसाद, अलख पाठक, श्री कृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष विनोद पाठक, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

यूएनएससी में स्थायी सदस्यता को लेकर भारत बोला, समय बदल रहा, अब नियम बदलने की जरूरत

नई दिल्ली : भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग उठाता रहा है. भारत ने एक बार फिर यूएनएससी में चीन को जमकर फटकार लगाया. संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यूएनएससी के नियमों में बदलाव को लेकर मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां ग्लोबल साउथ के देश बिना सीट और अधिकार के आते-जाते हैं. उन्होंने कहा कि इस रवैये को स्वीकार नहीं किया जा सकता है. रुचिरा कंबोज ने कहा, यूएनएससी के मौजूदा स्थायी सदस्य का चुनाव 20वीं सदी की राजनीति की वजह से हुआ था, अब समय बदल गया है.

बोलेरो से 370 बोतल शराब बरामद, एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मनातू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक बोलेरो वाहन से 370 बोतल शराब जब्त किया है. साथ ही विभिन्न कंपनियों के शराब के रैपर बरामद किया है. पुलिस ने एक आरोपी नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रूदीडीह गांव निवासी शाहिद अंसारी(29). पिता फरीद अंसारी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस ने बोलेरो से विभिन्न कंपनियों के रैपर लगे शराब बरामद करने के साथ ही समेत ओपो कम्पनी का मोबाइल फोन व बोलेरो बीआर 24पी 0975 जब्त किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद एक टीम गठित की गयी.छापामारी दल ने बीती रात लगभग 2 बजे टेटर (तेतरियाटाड़) के लिए प्रस्थान किया. रात करीब 2.20 बजे उमवि टेटर (तेतरियाटाड़) के पास पहुँच कर चेकनाका लगाया. लगभग 03.30 बजे मंझौली से मनातू की ओर आते हुए एक वाहन दिखाई दिया. सशस्त्र बल द्वारा रोकने का इशारा किए जाने पर वाहन का चालक एवं उसके साथ बैठा हुआ एक व्यक्ति वाहन रोक कर दरवाजा खोलकर भागने लगा. पुलिस जवानों ने खदेड़ कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि दूसरा व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गया. उसने भाग गए दूसरे व्यक्ति के बारे में पूछने पर उसका नाम नावाजयपुर के रूदीडीह गांव निवासी सुनील प्रसाद, पिता नामालूम बताया. थाना प्रभारी ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है. छापामारी टीम में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उराँव, पुअनि संतोष कुमार गुप्ता, एएसआई तुराम पुर्ति व सोम प्रकाश, हवलदार मोहन मुण्डा, पुलिस जवान वीर अमर सिंह, अर्जुन कुमार, प्रकाश पाण्डेय, रंजीत कुमार राय, कृष्णा यादव, बिरेन्द्र कुमार मेहता आदि शामिल थे.

प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की निगरानी के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के नेतृत्व में गठित होगी अनुश्रवण टीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए राज्य में लागू किये गए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर डेडिकेटेड टीम बनाई जायेगी। टीम हर सप्ताह स्कूलों में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की मॉनिटरिंग कर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के साथ इस प्रोजेक्ट के आउटकम की जानकारी सांझा करेगी। अप्रैल महीने में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की जमीनी पड़ताल के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम विभिन्न जिलों में जायेगी। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों, प्राध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी। यह बातें राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की समीक्षा बैठक में कही। आदित्य रंजन बुधवार को 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधान अध्यापको, वार्डन और सात उत्कृष्ट स्कूलों के स्कूल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। रंजन ने कहा कि वे स्वयं अप्रैल में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की स्थिति का जायजा लेने के लिए तीन-तीन स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का मकसद स्कूलों में अनुशासनात्मक एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि हर बार अलग-अलग प्रभागों, विषयों पर शिक्षकों, ट्रेनरो, वार्डन और प्रधान अध्यापकों की ट्रेनिंग अलग-अलग नहीं होगी। इससे शैक्षणिक निरंतरता प्रभावित होती है और शैक्षणिक गतिविधियां भी ससमय पूरी नहीं हो पाती।

स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना पर कोर्ट में हुई बहस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी के द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जो 4 अगस्त 2023 को दायर की थी । पिछली कार्यवाही में 6 मार्च 2023 को डिवीजन बेंच ने झारखंड राज्य सरकार (प्रतिवादी क्रमांक 1) और जल विभाग के अधिकारियों (प्रतिवादी क्रमांक 2) को स्पष्ट रूप में लिखित आदेश द्वारा कहा था । उच्च न्यायालय के इतने स्पष्ट आदेश के बावजूद सरकार की तरफ से कोई भी शपथ पत्र दाखिल नहीं किया गया। ज्ञात हो की जल विभाग की तरफ से जो शपथ पत्र आज दाखिल किया गया उसमें परियोजना के पूर्णता पूर्ण करने में कठिनाई के विषय में कोई भी तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया । न तो यह बताया गया कि काम कब तक शुरू होगा, ना यही बताया गया कि काम क्यों बंद किया गया। प्रतिवादी क्रमांक 1 - झारखंड राज्य सरकार की तरफ से इस बार अटॉर्नी जनरल-राजीव रंजन ने पैरवी करते हुए बतलाया कि सरकार को अभी और समय की आवश्यकता है, सरकार इस पर काम कर रही है और उसे अभी काफी वक्त लगेगा क्योंकि जन आंदोलनकारियों से सरकार धीरे-धीरे बात की कर उन्हें समझा रही है, पर सरकार को कितना वक्त लगेगा इस बारे में उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की और नहीं मान्यनीय न्यायालय के पूछने पर उन्होंने कुछ बतलाया। इस पर उन्हें उच्च न्यायालय की ओर से फटकार लगाई गई और कहा गया की यह मामला राज्य की प्रगति और समस्त नागरिकों की भलाई का है इसे इसलिए गंभीरता से लिया जाए।

बेरिकेड तोड़ने पर पुलिस ने बरसायी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठी

एजेंसी

बीकानेर : केंद्र सरकार की अग्निवीर स्कीम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बुधवार को लाठीचार्ज किया। डूंगर कॉलेज के प्रेसिडेंट हरि गोदारा के सिर पर लगी है। पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोदारा भी घायल हो गए।एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ता गंगाथिएटर से कलेक्ट्रेट की ओर बड़े तो पुलिस उन्हें रोकने लगी। पुलिस ने जाखड़ सहित कुछ छात्र नेताओं को अंदर जाने दिया। शेष को बाहर रोक दिया। इस पर स्टूडेंट्स ने बैरिकेड्स तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोका तो वे विरोध करने लगे। इसके बाद पुलिस और आरएसी के जवानों ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस और आरएसी के जवानों ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ा कर डंडे बरसाए। कार्यकर्ता अलग-अलग दिशाओं में भागे। वहीं, कुछ स्टूडेंट्स पुलिस के सामने हो गए।डूंगर कॉलेज के अध्यक्ष हरि गोदारा और पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोदारा पुलिस के सामने हो गए। इसी दौरान लाठीचार्ज में हरि का सिर फूट गया। खून निकलने लगा तो दौड़ कर कृष्ण गोदारा भी उनके पास पहुंचे। पुलिस ने कृष्ण पर भी लाठी बरसाई, जिससे वह भी घायल हो गए। पूरी घटना को लेकर देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि भाजपा की सरकार ने एक सप्ताह में दूसरी बार लाठीचार्ज करके साबित कर दिया है कि वो लोकसभा चुनाव में हारने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरकार का विरोध करेगी।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन को पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली : राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रूस में हुए चुनाव में बड़ी जीत हासिल हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बुधवार (20 मार्च) को टेलीफोन पर बातचीत की और उनके फिर से (5वीं बार) चुने जाने पर बधाई दी. प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, पीएम मोदी ने रूसी लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं.

दोनों देशों के बीच सहयोग के और मजबूत होने की उम्मीद भी जताई.इस दौरान दोनों नेता के बीच आने वाले सालों में दोनों देशों ने साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर भी सहमति जताई. प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर की है. उन्होंने कहा की भारत-रूस आने वाले सालों में विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार देगा और मिलकर काम करेगा. इसके लिए दोनों देशों में सहमति बनी है.

पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर प्रगति की भी समीक्षा की. इसके अलावा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया. इसमें आगे कहा गया की पीएम मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर संवाद और कूटनीति के पक्ष में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया.बता दें की रूस के यह राष्ट्रपति के रूप में एक बार से जीत हासिल करना एतिहासिक है. व्लादिमीर पुतिन पिछले 25 सालों में पराजित नहीं हुए हैं. वह लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं. इस बार के प्रेजिडेंट के चुनाव में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अलावा 3 अन्य प्रत्याशी भी मैदान में उतरे थे, लेकिन उनको पुतिन ने वोटों के बड़े अंतराल के साथ शिकस्त दी है. पुतिन को करीब 88 फीसद वोट प्राप्त हुए हैं.

ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

रांची : रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने भारत माता चौक के नजदीक ब्राउन शुगर बेच रहे एक आरोपित को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम नितीन कुमार गुप्ता बताया गया है। आरोपित मूलरूप से बिहार के गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित रानीगंज का रहने वाला है। इसके पॉकेट के पास से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर, 4920 रुपये, वनप्लस मोबाइल, बाईक और इलेक्ट्रिक वेट मशीन बरामद किया है। छापेमारी के दौरान मौके से सरगना सहित पांच आरोपित फरार हो गये। फरार आरोपितों में सरगना बबलू यादव उर्फ बबलू राय, कृष्णा यादव, कन्हैया यादव, दुर्लभ और पवन उर्फ पवन सोनी शामिल है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी।

पश्चिमी विक्षोभ से बदला उप्र का मौसम

एजेंसी

कानपुर : पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर प्रदेश में दिखने लगा है, खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में। इस क्षेत्र के कई जनपदों में बुधवार को हल्की बारिश हुई और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो दिन मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना है और बारिश भी स्थानीय स्तर पर होगी।चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि पश्चिमी विदर्भ और उससे जुड़े इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ या हवा का विच्छेदन दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से लेकर विदर्भ के पश्चिमी हिस्सों पर चक्रवाती परिसंचरण तक फैला हुआ है और समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ एक परिसंचरण क्षेत्र के रूप में औसत समुद्र तल से 4.5 और 12.6 किमी के बीच है जो 80 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 20ए उत्तर अक्षांश के उत्तर तक चल रहा है।एक ट्रफ रेखा निचले स्तर पर झारखंड से दक्षिणी असम तक फैली हुई है। 23 मार्च की रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम की इन गतिविधियों को देखते हुए आगामी दो दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव रहेगा। हल्की बारिश और बादलों की आवाजाही के साथ मेघ गर्जन व आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना बनी हुई है। इससे तापमान में गिरावट होगी, हालांकि दो दिन बाद मौसम साफ होने से तापमान में बढ़ोतरी शुरूहो जाएगी।उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 30.2 और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 67 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 37 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 3.4 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों तक रुक-रुक कर तेज हवाएं चल सकती हैं और औसत गति भी अधिक रह सकती है। इस दौरान हल्के से मध्यम बादलों की आवाजाही बनी रहेगी किन्तु वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है।

मिट्टी के नीचे दबी 4 महिलाएं, एक की मौत

एजेंसी

पलवल : पलवल के दीघोट गांव में जोहड़ की मिट्टी की खिसक जाने से वहां से जा रही 4 महिलाएं मिट्टी में दबने का मामला बुधवार को सामने आया है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को मिट्टी से निकाल कर अस्पताल पहुंचा दिया। अस्पताल में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार दीघोट गांव निवासी रोहताश ने बताया कि 19 मार्च को देर शाम उसकी पत्नी 38 वर्षीय मीना उपले लेने के लिए गांव के सरकारी अस्पताल के समीप जोहड़ के पास गई थी। उसकी पत्नी मीना व उसके साथ गांव की ही महिला सीमा उर्फ ज्ञानवती, कृष्णा व गंगा देवी जोहड़ के किनारे सीवरेज के टैंक के पास से गुजर रही थी। उसी दौरान अचानक जोहड़ की मिट्टी खिसक गई। रास्ते की मिट्टी भी जोहड़ की तरफ खिसकने लगी। उसने बताया कि जब तक उसकी पत्नी व अन्य महिलाएं कुछ समझ पाती तब तक वे चारों जोहड़ में गिर गई और मिट्टी के नीचे दब गई। इस हादसे को देखते ही आसपास के ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंच गए और मिट्टी के नीचे दबी चारों महिलाओं को कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी के नीचे से निकाल लिया। महिलाओं को तुरंत निजी वाहनों का इंतजाम कर घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने मीना को मृत घोषित कर दिया, जबकि कृष्णा व ज्ञानवती की हालत गंभीर देखते हुए हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। दोनों महिलाओं का इलाज पलवल के निजी अस्पताल में चल रहा है। सदर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक महिला मीना के पति ने शिकायत दी है। शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

रांची के एचईसी में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का होगा निर्माण

रांची : रांची के ग्रेटर एरिया एचईसी में निर्मित हो रहे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जायेगा। केंद्र सरकार की योजना को राज्य सरकार ने स्वीकृत करते हुए उद्योग विभाग ने आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार ने स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंट के तहत देश के सभी राज्यों की राजधानी में यूनिटी मॉल निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसके लिए 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य से भेजा गया डीपीआर भी केंद्र सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। 162.92 करोड़ की लागत इसके निर्माण में आयेगी। सारी राशि का वहन केंद्र सरकार करेगी। इस योजना अंतर्गत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर निर्माण के लिए जिडको को निःशुल्क कोर कैपिटल एरिया साइड-1, एचईसी धुर्वा रांची में 3.45 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी है। इस भूखंड के एक भाग पर यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जायेगा।

मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा शक्ति पर दिए गए बयान के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सनातन की भक्ति शक्ति में है और देश की प्रत्येक माता और बहन हमारे लिए शक्ति स्वरूप है। कांग्रेस पार्टी शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है और ये ज़्यादा पुरानी बात नहीं है, जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को 95 प्रतिशत हिंदुओं की हार के रूप में दिखाया था।बुधवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहले जो काम राहुल गांधी के छुटभैये नेता करते थे, वह काम अब राहुल गांधी स्वयं कर रहे हैं। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान तमिलनाडु देश का एक राज्य ऐसा भी था, जिसने वहां के मंदिरों में इसके सीधे प्रसारण पर रोक लगाई थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को अपना निर्णय देना पड़ा। इसी राज्य के मुख्यमंत्री के बेटे सनातन को बीमारियों से जोड़कर खत्म करने की बात करते हैं। उसी राज्य सरकार में घोटाले के आरोपित मंत्री सनातन पर नकारात्मक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में एक महिला मुख्यमंत्री की नाक के नीचे शक्ति को कुचलने और अपमानित किया जाता है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री अपने नेता को संरक्षण देती है परंतु आज संदेशखाली का संदेश देश में गली-गली तक पहुंच चुका है। अगर हमने और देश के मीडिया ने आंदोलन नहीं किया होता तो संदेशखाली का सच बाहर नहीं आता।हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा, ÷उनसे अपना घर नहीं संभल पा रहा है तो वह हमारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। पिछले कई महीने से लगातार उनके विधायक आरोप लगा रहे थे कि उनका मुख्यमंत्री सुनता नहीं है। उनके खुद के काम अपनी सरकार में नहीं हो रहे थे। जो जनता से वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं हुए। सरकार बनने के पहले दिन से उनका अहंकार झलक रहा था। आज 15 महीने बीत जाने के बाद भी नारी शक्ति को वादे के मुताबिक 1500 रुपये प्रति महीने नहीं मिले। 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, नहीं दिया। दो रुपये प्रति किलो गोबर और 100 रुपये प्रति किलो दूध खरीदने का वादा किया था, नहीं पूरा किया। स्टार्टअप फंड के लिए 600 करोड़ रुपये नहीं दिए। फल किसानों को सही और मुंह मांगे दाम देने का वादा किया था, नहीं दिया। आलम ये था कि किसानों को अपने फल नदी में बहाने पड़े।